सूर्योदय : 6:03
सूर्यास्त : 6:20
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 21.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-279 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 04 अप्रैल 2025
05 शव्वाल 1446 हिजरी

# हिन्दी दैनिक अवधनामा

www.avadhnama.com



# हम संविधान से चलते हैं : नड्डा

**वक्फ बिल**

- जेपी नड्डा ने गिनाईं वक्फ बिल की खूबियां
- विपक्ष के आरोपों को जेपी नड्डा ने किया खारिज
- कुछ लोग कर रहे गुमराह



**नई दिल्ली।** राज्यसभा में वक्फ संशोधन बिल 2025 पर चर्चा के दौरान सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा- हमारा प्रयास है कि वक्फ के काम पारदर्शिता आए। अपने संबोधन की शुरुआत में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा- मुझे उम्मीद है कि सदन इस बिल का समर्थन करेगा।

इस बिल का मूल उद्देश्य वक्फ की संपत्ति का रखरखाव करना है। इस बिल पर काफी चर्चा हुई है। मैं इस बिल को लेकर कहना चाहता हूं, इसके खिलाफ जो भ्रम फैलाया जा रहा है उसका विरोध करता हूं। इस बिल को लेकर 2013 बने जेपीसी में सिर्फ 13 सदस्य थे, अब इस बिल को लेकर बने जेपीसी में 31 सदस्य थे। जेपी नड्डा ने कई मुस्लिम देशों का जिक्र करते हुए कहा, वहां पर वक्फ की संपत्ति का रखरखाव सरकारें करती हैं। लेकिन हम तो बस रखरखाव और नियमों से चलने की बात कर रहे हैं। हमारा प्रयास है कि वक्फ की संपत्ति का दुरुपयोग न हो इस लिए ये बिल लाया गया है। इस दौरान जेपी नड्डा ने 2013 वक्फ बिल की कमियां और 2025 के वक्फ बिल की खूबियां भी गिनाईं। जेपी नड्डा ने कहा - विपक्ष के लोग जेब में संविधान की किताब लेकर घूमते हैं, हमेशा दिखाते रहते हैं, लेकिन पढ़ते नहीं, इस्तेमाल नहीं करते हैं। संविधान का इस्तेमाल हम करते हैं।

सदन के नेता जेपी नड्डा ने राज्यसभा में कहा- प्रधानमंत्री मोदी जी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के साथ चले हैं। हमें वोटबैंक की राजनीति से बाहर निकल करके देशहित की बात करने की जरूरत है। मैं जानना चाहता हूं, कि पिछले 70 साल किन लोगों ने उन्हें डरा कर रखा है। आपने 70 साल का परीक्षण करके देख लिया, बांट-बांट कर देख लिया। 2013 में संशोधन के बाद भी आप विपक्ष में बैठ गए हैं। हम पर आरोप लगाए जा रहे हैं कि, हमने वक्फ बोर्ड पर हाथ डाल दिया। ये एक तरीके से हमारे को कब्जे में लेने की बात है।

### जेपीसी से जुड़े आंकड़े गिनाए

जेपी नड्डा ने दोनों जेपीसी से जुड़े आंकड़े गिनाए और कहा कि कुछ लोग इस पर गुमराह कर रहे हैं। इस पर चर्चा के दौरान किसी को बिहार का चुनाव दिख रहा है तो किसी को केरल का सिनेमा। उन्होंने कहा कि श्री जॉन ब्रिटॉस वैधानिक तरीके से पूरी तरह सशक्त हैं। चालाकी से पूरी बात अंग्रेजी में कही लेकिन जब कुछ अवांछित कहना था तब मलयाली में कहा। इसलिए उन्होंने श्री सुरेश गोपी को भी कहा कि बैठ जाओ। ये विधेयक पार्टी नहीं, देश के हित में है। हमें वोट बैंक की राजनीति के हित से बाहर निकल के राष्ट्र हित में सोचने की जरूरत है।

# सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों पर बैन हटाने से किया इनकार

**दिल्ली में खतरनाक स्तर पर वायु प्रदूषण**

**पटाखों पर रोक लगाना बिल्कुल जरूरी**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में पटाखों के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर लगे प्रतिबंध को हटाने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि लंबे समय से यहां वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर बना हुआ है। मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुइंया की बेंच ने कहा कि सड़कों पर काम करने वाले लोग सबसे ज्यादा प्रदूषण से प्रभावित होते हैं। हर किसी के पास अपने घर या कार्यस्थल पर वायु शुद्धिकरण यंत्र लगाने की सुविधा नहीं होती। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, पिछले छह महीनों में इस अदालत ने कई आदेश दिए हैं, जो दिखाते हैं कि दिल्ली में वायु प्रदूषण की स्थिति बहुत खराब रही है। संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत स्वास्थ्य का अधिकार हर नागरिक का हक है, जिसमें स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त वातावरण में जीने का अधिकार भी शामिल है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि जब तक यह साबित नहीं हो जाता कि ग्रीन पटाखों से बेहद कम प्रदूषण होता है, तब तक इस बैन पर दोबारा विचार करने का सवाल ही नहीं उठता। कोर्ट के अनुसार, दिल्ली में जो असाधारण स्थिति बनी हुई है, उसके चलते पटाखों पर रोक लगाना बिल्कुल जरूरी है। शीर्ष अदालत ने कहा कि समय-समय पर पारित आदेशों से यह संकेत मिलता है कि पटाखों के उपयोग पर निर्देश और प्रतिबंध दिल्ली में मौजूदा असाधारण स्थिति के मद्देनजर बहुत जरूरी थे।

## नर्मदा किनारे सामूहिक अंतिम संस्कार, जलीं 18 चिताएं

**बनासकांठा।** गुजरात के बनासकांठा जिले में एक अवैध पटाखा गोदाम में हुए विस्फोट में मारे गए 21 लोगों में से 18 का अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार को मध्यप्रदेश के देवास जिले में नर्मदा नदी के तट पर किया गया। देवास के नेमावर कस्बे में अंतिम संस्कार में शामिल हुए भाजपा विधायक आशीष गोविंद ने कहा कि सामूहिक अंतिम संस्कार को देखकर उन्हें गहरा दुख हुआ और उन्होंने मां नर्मदा से कामना की कि ऐसी त्रासदी दोबारा न हो। अधिकारियों ने बताया कि जिन 18 लोगों का अंतिम संस्कार किया गया उनमें देवास जिले के 10 और हरदा जिले के आठ थे। गुजरात के बनासकांठा जिले में डीसा के पास अवैध पटाखा गोदाम में मंगलवार को हुए भीषण विस्फोट में पांच बच्चों समेत 21 लोगों की मौत हो गई थी और छह अन्य घायल हो गए थे। अहमदाबाद के धोलका में प्लास्टिक फैक्टरी में काम करने वाले एक व्यक्ति ने अपनी बेटी, उसके पति, दो नाबालिग नाती-नातिन और दामाद के परिवार के दो अन्य सदस्यों को इस हादसे में खो दिया।

## प्रदेश के सभी मदरसों में लागू हुआ एनसीआरटी पाठ्यक्रम

**मदरसा शिक्षा परिषद की तरफ से जारी हुआ आदेश**



**लखनऊ।** राजधानी सहित प्रदेश के सभी मदरसों में नए शैक्षिक सत्र 2025-26 से राष्ट्रीय शैक्षिक व अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की तर्ज पर पाठ्यक्रम लागू कर दिया गया है। मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को इसी सत्र से कक्षा एक से तीन तक एनसीईआरटी की किताबें दी जाएंगी। इस संबंध में मदरसा शिक्षा परिषद की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। सभी मदरसों में बेसिक शिक्षा परिषद की तर्ज पर इस साल से बच्चों को एनसीईआरटी की किताबें दी जाएंगी। इस संबंध में मदरसा बोर्ड की ओर से जारी आदेश में कहा गया कि बेसिक शिक्षा विभाग अपने विद्यालयों में चरणबद्ध तरीके से एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम लागू कर रहा है। इसी प्रकार से प्रदेश के मान्यता प्राप्त राज्यानुदानित मदरसों में भी चरणबद्ध तरीके से एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम लागू कर दिया गया है।

# मौत का कुआं : सफाई के लिए उतरे आठ लोगों की दम घुटने से मौत, जहरीली गैस के चलते गई जान

- एक को बचाने के चक्कर में बारी-बारी से कुएं में उतरे थे सभी



**खंडवा।** मध्यप्रदेश के खंडवा जिले में गणगौर उत्सव के दौरान बड़ा हादसा सामने आया है। यहां गणगौर मैया के विसर्जन के लिए गांव के कुएं की सफाई करने उतरे आठ लोगों की मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण भी कुंए के आसपास जमा है। जानकारी के अनुसार हादसा जिले के छैगांव माखन तहसील में आने वाले कोंडावत गांव में हुआ है। बताया जा रहा है कि गणगौर विसर्जन से पहले गांव के कुएं को साफ करने करीब पांच लोग उतरे थे, पर काफी देर तक जब वे वापस नहीं आए तो तीन लोग और उन्हें तलाशने कुएं में उतरे, पर वो भी नहीं लौट सके। बाद में लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर फिलहाल छैगांव माखन थाने की पुलिस टीम पहुंची। उन्होंने एंबुलेंस एवं क्रेन बुलवाई और लोगों की तलाश शुरू की गई। सात लोगों के शव निकाल लिए गए हैं, आठवें की तलाश के लिए काफी मशक्कत करना पड़ी। सवा आठ बजे आठवें शव को भी निकाल लिया गया। कलेक्टर ऋषभ गुप्ता ने बताया कि शाम करीब 4 बजे घटना की सूचना मिली थी। बताया जा रहा है कि गणगौर की मूर्तियों के विसर्जन के लिए कुएं में सफाई करने पांच लोग कुएं में उतरे थे। प्रथमदृष्ट्या कुएं में गैस बनी होगी, जिससे वे बाहर नहीं आ सके। उन्हें बचाने तीन लोग बाद में कुएं में उतरे। दुर्भाग्यवश वे भी बाहर नहीं आ सके। सूचना पर पुलिस, एनडीआरएफ, होमगार्ड की टीम मौके पर पहुंची और लोगों को निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं। कुछ शव निकाले गए हैं, उन्हें अस्पताल भेजा गया है जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की जाएगी।

### सीएम ने जताया शोक

घटना पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने भी शोक जताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि खंडवा जिले अंतर्गत छैगांवमाखन क्षेत्र के कोंडावत गांव में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में गणगौर विसर्जन के लिए कुएं की सफाई हेतु उतरे एक व्यक्ति के दलदल में फंसने पर बचाने के प्रयास में एक के बाद एक कुएं में उतरे अन्य सात व्यक्ति भी अंदर फंस गए, कुएं में जहरीली गैस से दम घुटने के कारण सभी आठ व्यक्तियों के काल कवलित होने का दुखद समाचार प्राप्त हुआ है।

# भारत-थाईलैंड सांस्कृतिक और आध्यात्मिक डोर से जुड़े हैं, बढ़ाएंगे रणनीतिक साझेदारी : मोदी

- थाई सरकार ने 18वीं सदी के रामायण भित्ति चित्रों पर डाक टिकट जारी किए



**बैंकॉक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और थाईलैंड के बीच सदियों पुराने संबंध हैं। ये संबंध हमारी गहरी सांस्कृतिक, आध्यात्मिक डोर से जुड़े हैं। हमने भारत-थाईलैंड संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का फैसला किया है।

पीएम मोदी ने बृहस्पतिवार को थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। जिसके बाद उन्होंने शिनावात्रा के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता की। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत के पूर्वोत्तर राज्यों और थाईलैंड के बीच पर्यटन, संस्कृति, शिक्षा के क्षेत्रों में सहयोग पर जोर दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत की एक्ट ईस्ट नीति और इंडो-पैसिफिक विजन में थाईलैंड का विशेष स्थान है। पीएम मोदी की यात्रा के दौरान थाई सरकार ने 18वीं सदी के रामायण भित्ति चित्रों पर आधारित डाक टिकट जारी किए, जिसके लिए पीएम मोदी ने थाई सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मेरी यात्रा के दौरान डाक टिकट जारी करने के लिए मैं थाई सरकार का आभारी हूं। इसके अलावा, पीएम मोदी ने 28 मार्च को थाईलैंड में आए भूकंप में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। पीएम मोदी ने कहा कि मैं भारत के लोगों की तरफ से भूकंप में हुई जनहानि के लिए गहरी संवेदना प्रकट करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी 6वें बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दो दिवसीय यात्रा पर बैंकॉक पहुंचे। जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद पीएम मोदी ने रामकियेन (थाई रामायण) का मनमोहक प्रदर्शन देखा। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा, एक ऐसा सांस्कृतिक जुड़ाव जो किसी और जैसा नहीं था! थाई रामायण, रामकियेन का एक आकर्षक प्रदर्शन देखा। यह वास्तव में समृद्ध अनुभव था, जिसने भारत और थाईलैंड के बीच साझा सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों को खूबसूरती से प्रदर्शित किया।

## सुप्रीम कोर्ट के जजों की संपत्ति का ब्यौरा होगा सार्वजनिक

- जस्टिस यशवंत वर्मा मामले के बाद उठाया कदम

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने पर सहमति जताई है।



शीर्ष अदालत में हुई न्यायाधीशों की बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना सहित 30 न्यायाधीशों ने अपनी संपत्तियों को न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करके सार्वजनिक रूप से प्रकट करने पर सहमति व्यक्त की। सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट के मुताबिक एक अप्रैल को हुई बैठक में जजों ने संकल्प लिया कि न्यायाधीश जब भी पदभार ग्रहण करेंगे या कोई अहम जिम्मेदारी लेंगे तो उनको मुख्य न्यायाधीश के सामने अपनी संपत्ति की घोषणा करनी होगी। अब तक 1997 के एक प्रस्ताव के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों को अपनी संपत्ति की घोषणा मुख्य न्यायाधीश के समक्ष करनी होती थी।

## बंगाल में 25,000 शिक्षकों की नियुक्तियां होगी रद्द

- ममता को सुप्रीम कोर्ट से झटका



**कोलकाता।** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में 25,000 शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले पर गुरुवार को मुहर लगा दी। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने उच्च न्यायालय के उस फैसले को बरकरार रखा, जिसमें पूरी चयन प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया था।

पीठ ने अपने फैसले में पश्चिम बंगाल के स्कूलों में शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों के पदों पर भर्ती की पूरी प्रक्रिया को 'दूषित' और 'सुधार से परे दागदार' घोषित किया। अदालत ने कहा कि पूरी चयन प्रक्रिया हेरफेर और धोखाधड़ी से दूषित थी और इसे सुधारा नहीं जा सकता। न्यायालय ने कहा कि इस प्रक्रिया की पवित्रता और विश्वसनीयता को नष्ट कर दिया गया है। ऐसे में दागी उम्मीदवारों की सेवाएं समाप्त करने के आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई वैध आधार नहीं है। पीठ ने कहा, चूंकि नियुक्तियां धोखाधड़ी और जालसाजी से हुई हैं, इसलिए हमें हस्तक्षेप करने का कोई आधार नहीं दिखता।÷ हालांकि शीर्ष न्यायालय ने कुछ निर्देशों में संशोधन किया।

# भाजपा की सांप्रदायिक राजनीति का नया रूप है वक्फ बिल : अखिलेश

**लोगों की जमीन हड़पने की साजिश**



**लखनऊ।** संसद में पेश किए गए वक्फ बिल को लेकर गुरुवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। अखिलेश ने एक्स पर लिखा, 'वक्फ बिल भाजपा की सांप्रदायिक राजनीति का एक नया रूप है। यह बिल लाकर वह अपने उन समर्थकों का तुष्टिकरण करना चाहती है, जो उसकी आर्थिक नीति, महंगाई, बेरोजगारी, बेकारी और चौपट अर्थव्यवस्था के कारण उससे छिटक गए हैं। भाजपा इन जमीनों का नियंत्रण अपने हाथ में लेकर पिछले दरवाजे से अपने लोगों को देना चाहती है। सपा प्रमुख ने लिखा कि भाजपा चाहती है कि इससे मुस्लिम समुदाय को लगे कि उनके हक को मारा जा रहा है, वो उद्वेलित हों और ध्रुवीकरण की राजनीति करने का मौका मिल सके। यह नकारात्मक राजनीति की एक निंदनीय साजिश है। नोटबंदी, जीएसटी, मंदी, महंगाई, बेरोज़गारी, बेकारी, भुखमरी, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा और आवास जैसी समस्याएं सुलझा नहीं पा रही है, इसीलिए ध्यान भटकाने के लिए यह बिल लाया गया है। वक्फ की जमीन से बड़ा मुद्दा वो ज़मीन है, जिस पर चीन ने अपने गांव बसा दिए हैं, लेकिन कोई बाहरी ख़तरे पर सवाल-बवाल न करे, इसीलिए ये किया जा रहा है। इसका उद्देश्य एक वर्ग विशेष के सांविधानिक अधिकार को छीनकर उनके महत्व और नियंत्रण को कम करना है। इसके आने से पूरी दुनिया में गलत संदेश भी जाएगा। देश की पंथ निरपेक्ष छवि को बहुत धक्का लगेगा। सपा प्रमुख ने प्रश्न उठाया है कि क्या दूसरे धर्मों की धार्मिक और चैरिटेबल ज़मीनों और ट्रस्टों में बाहरियों को शामिल करके ऐसी ही व्यवस्था करेगी?

**वक्फ संशोधन विधेयक** — मल्लिकार्जुन खड़गे की गृह मंत्री अमित शाह से अपील

# गलतियों को सुधारने में हर्ज नहीं: खड़गे

- चार राज्यों की 10 लाख एकड़ जमीन पर हिंदू मंदिर और दूसरे तीर्थ स्थान है : कपिल सिब्बल




**नई दिल्ली।** राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आज वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान विधेयक को वापस लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि संशोधन विधेयक में कई ऐसे प्रावधान हैं, जो चिंता पैदा करते हैं, लेकिन सरकार आंकड़ों और संख्याबल के आधार पर बिल को पारित कराने पर अड़ी है। उन्होंने कहा कि सरकार को बिल वापस लेना चाहिए, इससे समाज में तनाव और वैमनस्य बढ़ने का डर है।

शायराना अंदाज में सरकार से विधेयक को वापस लेने की अपील करते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा वो हाथ जोड़कर बस्ती को लूटने वाले भरी सभा में सुधारों की बात करते हैं बड़ा हसीन है उनकी जुबान का जादू लगा के आग बहारों की बात करते हैं मिली कमान तो अटकी नजर खजाने पर नदी सुखा कर किनारों की बात करते हैं वही गरीब बनाते हैं आप लोगों को वही नसीब के बारे में बात करते हैं। खरगे से पहले राज्यसभा के निर्दलीय सदस्य कपिल सिब्बल ने भी विधेयक का पुरजोर विरोध किया। कपिल सिब्बल ने लाहौर हाईकोर्ट समेत कई अदालती फैसलों का हवाला देते हुए कहा, केवल ये कहना कि सिर्फ मुस्लिम ही वक्फ दे सकते हैं, चौंकाने वाला है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार राज्यों में वक्फ संपत्तियों की निगरानी कर सकती है। सरकार को ये ध्यान रखना होगा कि तमिलनाडु समेत केवल चार राज्यों में ही 10 लाख एकड़ जमीन पर हिंदू मंदिर और दूसरे तीर्थस्थान बने हैं। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों में जरूरी सुधार किए जाने चाहिए।

### अनुराग ठाकुर पर भड़के खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे राज्यसभा में गरजे और बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर के वक्फ की जमीन हड़पने के आरोप पर पलटवार किया। खरगे ने कहा, ये बीजेपी वाले जो आरोप लगा रहे हैं, साबित कर दें, मैं झुकूंगा नहीं। उन्होंने आगे कहा, अगर आरोप साबित होते हैं तो मैं इस्तीफा दे दूंगा। मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, अगर मेरे पास एक इंच भी वक्फ की जमीन है। साथ ही उन्होंने यह आरोप लगाने के लिए नेता सदन की तरफ से माफी मांगने की भी मांग की। कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष ने कहा, अनुराग ठाकुर ने जो लोकसभा में कहा है वो गलत है, वो माफी मांगे। मेरे पास वक्फ की एक इंच भी जगह नहीं है।

# जलशक्ति मंत्री ने किया शारदा नदी के चैनलाइजेशन कार्य का भूमि पूजन, 68 विभागीय योजनाओं का भी लोकार्पण-शिलान्यास




*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी । सूबे** के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने लखीमपुर खीरी की तहसील पलिया पहुंचकर जनप्रतिनिधियों -अफसरो संग शारदा नदी पर निर्मित पलिया रेलवे पुल-97 के अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम में ?22.23 करोड़ की लागत से होने वाले चैनलाइजेशन कार्य का पूरे विधि विधान से भूमि पूजन किया। उन्होंने 48 परियोजनाओं का लोकार्पण, 20 परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। मंत्री ने नदी तट पर फीता काटकर कार्य का शुभारंभ किया। पोकलैंड चालक धर्मा सिंह, विपिन गुर्जर, विशाल संदीप और विनोद का टीकाकर इस कार्य को शुरू कराया। इस मौके पर मुख्य रूप से विधायक रोमी साहनी, योगेश वर्मा, अमन गिरी, विनोद शंकर अवस्थी, बीजेपी जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, आयुक्त डॉ रोशन जैकब, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार,मुख्य अभियन्ता स्तर-1, रूहेलखण्ड, सिंचाई एवं जलसंसाधन बरेली महेश्वरी प्रसाद, मुख्य अभियन्ता(शारदा संगठन), बरेली एच0एन0 सिंह, अधीक्षण अभियन्ता, बाढ़ मण्डल धर्मेन्द्र कुमार, अधिशासी अभियन्ता, बाढ़ खण्ड, शारदानगर अजय कुमार सहित कई और प्रशासनिक अफसर मौजूद रहे इस दौरान जल शक्ति मंत्री ने आयोजित कार्यक्रम का दीप जलाकर कर विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी अतिथियों को प्रशासनिक अफसरो ने पुष्प देकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अभियंता शारदा-बरेली एचएन सिंह ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताई जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने भूमि पूजन कार्यक्रम में जनता को संबोधित करते हुए कहा, ÷मैं जनता जनार्दन का शीश झुकाकर प्रणाम और अभिवादन करता हूं।÷ उन्होंने बताया कि सीएम क्षेत्र के लोगों की चिंता कर रहे थे, जिसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते। उन्होंने ही बाढ़ से निजात दिलाने के लिए ड्रेजिंग और बाढ़ बचाव कार्यों को स्वीकृति दी और इसे जमीन पर साकार करने के निर्देश दिए मंत्री ने कहा कि संवेदनशील और अति संवेदनशील जिलों में बाढ़ नियंत्रण पर किए गए कार्यों से कटान कम हुआ है, जिससे खेती और मकान सुरक्षित हुए हैं और जनहानि शून्य रही है। छह लाख क्यूसेक पानी बहने के बावजूद संवेदनशील क्षेत्रों में किसी तरह का बड़ा नुकसान नहीं हुआ। ड्रेजिंग कार्य पूरा होने के बाद शारदा नदी का प्रवाह सुचारू होगा, जिससे आसपास के इलाकों में जलभराव की समस्या कम होगी और कृषि कार्यों में सुधार आएगा। उन्होंने यह भी बताया कि ड्रेजिंग से निकली मिट्टी, मोरंग और बालू से दोनों किनारों पर मजबूत तटबंध बनाए जाएंगे।उन्होंने कहा कि आज गांवों में 23 से 24 घंटे बिजली मिल रही है, जिससे आम आदमी दो रोटी ज्यादा खा रहा है। रात में गांवों में जलती लाइटें देखकर सुकून महसूस होता है। मंत्री ने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार ने हर नागरिक की जरूरतों को पूरा करने के लिए योजनाओं को जमीन पर उतारा है मंत्री ने लोगों को ÷मुंह में शक्कर और सिर में बर्फ÷ रखकर काम करने की सलाह दी, जिससे वे धैर्य और संवेदनशीलता के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि सरकार केवल बाढ़ से राहत ही नहीं दे रही, बल्कि सिंचाई सुविधाओं का भी विस्तार कर रही है, जिससे किसानों की भूमि सिंचन क्षमता बढ़े और उनकी आमदनी में इजाफा हो विधायक रोमी साहनी ने भूमि पूजन कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा, ÷आज वह शुभ घड़ी आ गई है, जिसकी वर्षों से प्रतीक्षा थी।÷ उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए कहा कि सीएम की कृपा से क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है। बाढ़ के दौरान उन्होंने क्षेत्र के गरीबों की पीड़ा को करीब से देखा और समझा। जल शक्ति मंत्री, डीएम और आयुक्त के निरंतर प्रयासों से आज इस परियोजना का शुभारंभ हुआ है।

## 25 वर्षीय महिला की संदिग्ध हालत में मौत, पति व अन्य ससुरालीजनों पर पीटकर हत्या करने का लगाया आरोप

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** थाना खीरी के गांव लगुचा निवासी दिव्यांग 25 वर्षीय पत्नी की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मायके वालों ने पति व अन्य ससुरालीजनों पर पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि ससुराल वाले उनकी पुत्री को दहेज की खातिर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। उसकी पीटकर हत्या की गई है। पुलिस ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है सीतापुर जिले के थाना हरगांव के गांव परसेहरा शरीफ निवासी अशरफी लाल ने बताया कि उन्होंने 11 जून 2023 को अपनी पुत्री सोनी देवी (25) की शादी गांव लगुचा निवासी राजेश के साथ की थी। उसकी पुत्री दाहिने पैर से दिव्यांग है, जबकि राजेश भी हाथ-पैर से दिव्यांग हैं। उन्होंने बताया कि राजेश, उसके पिता सुंदरलाल आदि ससुरालीजन दहेज की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर उसकी पुत्री को मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान कर रहे थे। इसको लेकर पति-पत्नी के बीच काफी समय से आपसी मतभेद चल रहा था बुधवार की शाम उन्हें सूचना मिली कि उसकी पुत्री की नाक से खून बह रहा है। उसकी आंखे खुली हैं, लेकिन वह कुछ बोल नहीं पा रही है। वह जिला अस्पताल में भर्ती है। सूचना मिलते ही उसके परिवार में चीख पुकार मच गई। उसके पिता परिवार के अन्य लोगों के साथ जिला अस्पताल पहुंचे तो उसे पता चला कि उसकी पुत्री को मृत अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया था उन्होंने पति राजेश, ससुर सुंदरलाल, सास, जेठ संदीप और जेठानी पर लात-घूसों से पिटाई कर मार डालने का आरोप लगाया है। मृतका के पिता की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## अज्ञात कारणों के चलते युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**लखीमपुर-खीरी।** थाना फरधान क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने अज्ञात कारणों के चलते घर में रखे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। घटना की जानकारी होने पर परिजन युवक को इलाज के जिला अस्पताल ले गए, जहां युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना फरधान क्षेत्र के गांव चपरतला निवासी ओमप्रकाश का 28 वर्षीय बेटे सतीश ने बुधवार की शाम अज्ञात कारणों के चलते घर में विशाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। घटना की जानकारी होने पर परिजन सतीश को इलाज के लिए पहले अलीगंज स्थित एक प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचे। यहा पर डाक्टरों ने युवक की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में सतीश की इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## इलेक्ट्रिक वाहनों पर सुविधा के लिए फाइनेंस कार्य का केक काटकर किया गया शुभारंभ




**नजीबाबाद।** श्रीराम कंपनी फाइनेंस लिमिटेड निकट भारत टॉकीज नजीबाबाद में इलेक्ट्रिक वाहनों पर फाइनेंस का कार्य का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री कपिल सर्राफ जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के द्वारा केक काटकर किया गया, इस मौके पर श्रीराम फाइनेंस के ब्रांच मैनेजर विवेक सिंह एवं कलेक्शन मैनेजर विकास चौहान द्वारा गुलदस्ता भेंट कर मुख्य अतिथि कपिल सर्राफ का स्वागत किया गया! ब्रांच मैनेजर विवेक सिन्हा ने बताया कि श्रीराम फाइनेंस कंपनी ने आज से इलेक्ट्रिक वाहन पर फाइनेंस सुविधा प्रारंभ कर दी है जिसका शुभारंभ आज किया गया! ब्रांच मैनेजर विवेक सिंह ने मुख्य अतिथि सर्राफ को बताया कि श्री राम फाइनेंस कंपनी कम ब्याज दर पर ग्राहकों को फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध कराइ जाएगी! इस मौके पर वरिष्ठ व्यापारी राजकुमार अग्रवाल मंडावली, को ब्रांच मैनेजर मनोज सिन्हा द्वारा गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया! इस मौके पर सचिन अग्रवाल जॉनी, विपुल कुमार, ब्रांच टीम लीडर हरमीत सिंह, उपेंद्र सिंह, आकाश कुमार, विकास, रवि, नीरज कुमार, मोहित शर्मा, विशाल कुमार, राकेश कुमार आदि उपस्थित रहे!

## मुख्य विकास अधिकारी आगरा की अध्यक्षता में आगरा के विकास खण्डों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** प्रतिभा सिंह मुख्य विकास अधिकारी आगरा की अध्यक्षता में गुरूवार को विकास भवन के सभागार में जनपद आगरा के विकास खण्डों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में जनपद आगरा के सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों के अतिरिक्त समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं समस्त सहायक विकास अधिकारी (पंचायत ) उपस्थित थे। बैठक में समस्त विकास खण्ड कार्यालयों में अभी तक ईऑफिस के माध्यम से पत्रावलियां प्रस्तुत न किये जाने पर रोष व्यक्त किया गया तथा निर्देशित किया गया कि सभी खण्ड विकास अधिकारी अपना छ्रस्ष्ट, एवं ड्ढक्क पासवर्ड प्राप्त कर दो दिवस में अनिवार्य रूप से पत्रवलियाँ एवं अन्य पत्राचार ईऑफिस के माध्यम से किया जाना सुनिश्चित करें। इस सम्बन्ध में जिला विकास अधिकारी आगरा




को निर्देश दिए गये कि वह उक्त कार्य अपने अनुश्रवण में करायेंगी। जिन विकास खण्डों में जीरो पावर्टी सर्वे का कार्य 100त्न नहीं हुआ उसे दो दिवस में करने के निर्देश दिए गये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा यह की निर्देश दिए गये कि जिन विकास खण्डों में आवास सर्वे का कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है । उसे अतिशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गये। समीक्षा बैठक में विकास खण्ड कार्यालयों को ढ्ढस्ह्र के मानक के अनुसार कार्य करा कर प्रमाण पत्र प्राप्त करने के सम्बन्ध में जानकारी करने पर पाया गया कि अधिकांश विकास खण्डों में ढ्ढस्ह्र मानक के अन्तर्गत कार्य शीघ्र पूर्ण होने की स्थिति में है। अतः इस सम्बन्ध में निर्देश दिए गये कि जिन विकास खण्डों में कार्य पूर्ण नहीं हुआ है उसे एक सप्ताह के अन्तर्गत अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जाए। साथ ही जिन विकास खण्डों में ढ्ढस्ह्र मानक के अनुरूप कार्य पूर्ण हो चुका है। वह अभिलेखीय कार्यवाही पूर्ण कराते हुए ढ्ढस्ह्र सर्टिफिकेट प्राप्त करने हेतु सम्बन्धित संस्था में आवेदन कर प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाना सुनिश्चित करें। अस्थाई गौशालाओं में नये शैड विस्तारीकरण का कार्य 31 मार्च तक पूर्ण किया जाना था परन्तु अभी कई गौशालाओं में कार्य प्रगति पर पाया गया। इस सम्बन्ध में समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए गये कि वह उक्त कार्य एक सप्ताह में पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करे।

## वांछित 02 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना चन्दनचौकी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 05/25 धारा 70(1) बीएनएस में वांछित 02 नफर अभियुक्तों आकाश शंकर पुत्रगण विश्राम नि0गण ग्राम गदनिया मजरा बेलापरसुआ थाना चन्दनचौकी जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

## अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, बाइक सवार की हुई मौत

**लखीमपुर-खीरी।** साढू की पुत्री के मुंडन समारोह में शामिल होकर घर वापस आ रहे थाना शारदानगर के गांव दाउदपुर महेवा निवासी सरोज की बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।गांव दाउदपुर महेवा निवासी राजाराम ने बताया कि साढू की पुत्री का मुंडन संस्कार था। शामिल होने उनका भाई सरोज (28) लखीमपुर शहर के मोहल्ला अर्जुनपुरवा गया था। बुधवार की शाम करीब सात बजे वह घर वापस आ रहा था। रास्ते मे बेडनापुर पुल के पहले अज्ञात वाहन के वाहन ने उनके भाई की गाड़ी में टक्कर मार दी। गंभीर चोट आने के कारण भाई सरोज की मौके पर ही मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया रोते-बिलखते परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## पांच को धूम धाम से मनाई जाएगी चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य की जयंती

**लखीमपुर-खीरी।** चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य की जयंती पांच को धूमधम से मनाई जाएगी। जिला महासचिव जनअधिकार पार्टी कुलदीप मौर्य ने बताया कि श्रीकृष्ण मैरिज लान में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पुरुष बच्चे महिलाओं सहित तमाम लोग शामिल होंगे। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकी और नाटक मंचन किया जाएगा। सुबह दस बजे से एक बजे तक कार्यक्रम होंगे। एक बजे के बाद शहर में शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा मेला मैदान चौराहा, संकटा देवी चौराहा से हीरालाल धर्मशाला रोडवेज बस अड्डा होकर गुरु गोविंद सिंह चौराहा से अस्पताल रोड होते हुए बड़ा चौराहा हमदर्द दवाखाना पहुंचेगी। श्रीकृष्णा मैरिज हॉल में समाप्त होगी।

## पुलिस ने छेड़छाड़ के आरोपी को किया गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी पुलिस ने नाबालिग से छेड़छाड़ के मुकदमें में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना जनकपुरी प्रभारी सतेन्द्र नागर ने बताया कि विगत् 2 अप्रैल को वादी की तहरीर पर आरोपी काका उर्फ नारद पुत्र लक्ष्मीचंद निवासी जनकनगर थाना जनकपुरी के खिलाफ वादी की नाबालिग बहन के साथ छेड़छाड़ करने के संबंध में थाना जनकपुरी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज उपनिरीक्षक रणपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर नाबालिग से छेड़छाड़ के वांछित आरोपी काका उर्फ नारद को सपना पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# मुठभेड़ मे पुलिस ने पकड़ा शातिर बदमाश, तीन अभियुक्त मौके से फरार

*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद में चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर जफरपुर के जंगल में रात के अंधेरे में कुछ लोगों गोकशी की सूचना करने की फ़िराक में लगे हुए थे, तभी अचानक पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अभियुक्त गणों को आत्मसमर्पण के लिए कहा गया, परंतु शातिर बदमाशों द्वारा पुलिस के ऊपर फायर कर भागने लगे तभी पुलिस ने आत्मरक्षा और जवाबी कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को पैर में गोली मार घायल कर अपने कब्जे में ले लिया! वही अंधेरे का फायदा उठाकर तीन अभियुक्त मौके से फरार हो गए! घायल अभियुक्त द्वारा पुलिस के पुछने पर फहीम पुत्र नफीस निवासी ग्राम करमसखेड़ी



नजीबाबाद बताया गया, तथा फरार साथियों में मुन्ना पुत्र मजीद दानिश पुत्र अय्यूब, बब्बू पुत्र फीजू, ग्राम जाफरपुर नजीबाबाद बताया! पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से गोवंशीय मांस पशु वध करने के उपकरण, एक अवैध तमंचा 315 बोर में दो खोखा कारतूस बरामद किए पुलिस द्वारा घायल अभियुक्त फहीम को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया! वहीं पुलिस द्वारा पूछताछ में पहने बताया कि वह अपनी साथी मुन्ना के घर ग्राम जबलपुर में दावत के लिए गया था वहां पर मौजूद मुन्ना के साथी दानिश भाई बबलू ने कहा कि उन्होंने एक बछड़ा तालाब के पास बंद रखा है इसे रात में काटेंगे इसके लिए उसको ?700 का लालच भी दिया गया था इन सब ने एक राय हो कर योजना बनाकर गोकशी की घटना को अंजाम दिया था! स्थानीय पुलिस द्वारा अभियुक्त पर मुकदमा संख्या 110/25 धारा 10913/5 धारा 109(1) /3(5)बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट व 3/5/8 गोवध पंजीकृत किया गया फरार अभियुक्तों की तलाश जारी है! पुलिस ने बताया कि अभियुक्त शातिर किस्म के बदमाश है जिन पर कई संगीन धाराओं में थाना नजीबाबाद में मुकदमे दर्ज है! गिरफ्तार करने वाली टीमों में थाना प्रभारी जय भगवानसिंह, एस एस आई, इल्म सिंह, एस आई सौरभ सिंह, रामवीर शर्मा, एस आई नितेंद्र सिंह, एस आई कय्यूम अली, मुख्य आरक्षी मोनू, कांस्टेबल नितिन, कांस्टेबल रिंकू, कांस्टेबल गौरव, तथा अन्य पुलिस बल मौजूद रहा!



**नजीबाबाद की सर ज़मीन पर सी ओ नितेश प्रताप सिंह साहब का गुलाब का फूल देकर दिली इस्तकबाल करते हुए अवधनामा अख़बार के जनपद बिजनौर के जिला प्रभारी सरफराज़ अहमद (पत्रकार)!**

# पुलिस ने दबोचे तीन शातिर वाहन चोर, बाईक के पुर्जे बरामद



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने तीन शातिर वाहन चोरों को दबोचकर उनके कब्जे व निशानदेही पर चोरी की गयी बाईक के खुर्द बुर्द किए गए पुर्जे बरामद कर लिये। पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।थाना कुतुबशेर प्रभारी एचएन सिंह ने बताया कि विगत् 19 मार्च को वादी असलूब साबरी पुत्र अयूब साबरी निवासी यूनिवर्सल इंजीनियरिंग कारपोरेशन अंबाला रोड थाना कुतुबशेर की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ वादी की बाईक चोरी कर ले जाने के संबंध में थाना कुतुबशेर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक अवशेष भाटी व असगर अली के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर उनाली रोड पर एक खण्डहर पड़े मकान से तीन शातिर वाहन चोरों रौनक अली उर्फ आशू पुत्र इजहार हुसैन निवासी मौ.महल कस्बा व थाना नानौता, मिसम उर्फ सैयद अली पुत्र सुजात हुसैन निवासी मौ.छत्ता कस्बा व थाना नानौता, अजहर पुत्र इकराम निवासी मौहल्ला चाहमंजिली कोर्ट कस्बा व थाना नानौता को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी की बाईक को खुर्द बुर्द अवस्था में बरामद कर लिया। थाना प्रभारी श्री सिंह ने बताया कि पूछताछ में दबोचे गये आरोपी रौनक अली ने खुलासा किया कि बरामद बाईक उसने अपने साथ मिसम उर्फ सैयद अली के साथ विगत् 18 मार्च को यूनिवर्सल इंजीनियरिंग कारपोरेशन अंबाला रोड से चोरी की थी और बाईक को हमने नानौता कस्बे के पास छिपा दिया था

## छह अप्रैल को भाजपा मनायेगी अपना स्थापना दिवसः वाईपी सिंह

**सहारनपुर।** यूपीसीडको चेयरमैन वाईपी सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आगामी छह अप्रैल को अपना 45वां स्थापना दिवस मनायेगी। इस उपलक्ष में संगठन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। यूपीसीडको चेयरमैन व महानगर प्रभारी वाईपी सिंह आज यहां भाजपा कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारियों एवं पार्षदों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस पर भाजपा कार्यालय की सजावट की जाएगी और कार्यालय पर ध्वजारोहण उपरांत मिष्ठान वितरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के सभी जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को अपने अपने घरों पर भाजपा का झंडा लगाना है। भाजपा के ध्वज के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर अपलोड करना है। साथ ही भाजपा के 45 वर्षों की सफल यात्रा की प्रदर्शनी लगानी है। उन्होंने कहा कि 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर बूथ समिति के सदस्य, पन्ना प्रमुख, प्राथमिक व सक्रिय सदस्य एकत्र होकर डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी , पंडित दीन दयाल उपाध्याय और भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे और उत्साहपूर्वक स्थापना दिवस मनाएंगे। 8 और 9 अप्रैल को विधानसभा स्तर पर सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन किया जाएगा जिसमे पार्टी के सभी सक्रिय सदस्य उपस्थित रहेंगे। वाई पी सिंह ने कहा कि 7 से 12 अप्रैल तक गांव चलो अभियान आयोजित किया जाएगा जिसमे पार्टी के पदाधिकारी व निर्वाचित जनप्रतिनिधि गांवों, मोहल्लों और मलिन बस्तियों में प्रवास कर जनता से संवाद स्थापित कर भाजपा की 45 वर्ष की यात्रा के विषय में चर्चा करेंगे। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से मिलकर चर्चा की जाएगी व भाजपा के ध्वज के साथ प्रत्येक मोहल्ले व गांव में शोभायात्रा निकाली जाएगी। चौपाल का आयोजन किया जाएगा व भाजपा के वरिष्ठ लोगों, आपातकाल सेनानी व कारसेवकों का सम्मान किया जाएगा।

## बैलगाड़ी में घूमेंगे बच्चे और जानेंगे गाय का महत्व

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा संचालित कान्हा उपवन गौशाला का पूरा गौ-परिसर एक पर्यटन केंद्र और शैक्षिक केंद्र के रुप में विकसित किया जायेगा। केंद्र पर बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के शैक्षिक टूर आयोजित कर उन्हें गाय के महत्व और गौमय उत्पादों आदि के बारे में जानकारी दी जायेगी। मनोरंजन के लिए बच्चों के खेल कूद के उपकरणों सहित एक गौवर्धन वाटिका एवं भ्रमण के लिए एक आकर्षक बैलगाड़ी भी तैयार की जायेगी। नगरायुक्त संजय चौहान ने आज इस सम्बंध में गौशाला के वरिष्ठ प्रभारी व मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह व प्रभारी व पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा सहित निर्माण व जलकल विभाग के अधिकारियों के साथ पूरी कार्ययोजना पर चर्चा की। उन्होंने इसके लिए उक्त दोनों अधिकारियों एवं नगर स्वास्थ्य अधिकारी को शामिल करते हुए एक समिति का गठन किया और इस सम्बंध में तीन दिन के भीतर एक संयुक्त डीपीआर बनाकर प्रस्तुत करने



के निर्देश दिए। उन्होंने डीपीआर में सड़कों, बाउण्ड्री वॉल, ईटीपी प्लांट, विक्टोरियन लाइट आदि को शामिल करने के निर्देश दिए। इसके अलावा एक चिकित्सक कक्ष के निर्माण का भी सुझाव दिया। नगरायुक्त ने कान्हा उपवन गौशाला गौमय उत्पादों गोनाईल, गोबर पेंट, गौकाष्ठ, धूपबत्ती, दिए व हवन सामग्री आदि का सौशल मीडिया व अन्य माध्यमों से वृहद प्रचार प्रसार करने तथा उनकी ऑफ लाइन व ऑन लाइन व्यवसायिक बिक्री बढ़ाने को कहा। उन्होंने गौशाला के दुग्ध का उत्पादन बढ़ाने पर जोर देते हुए एक मिल्क पार्लर चलाने का भी सुझाव दिया। उन्होंने गौशाला व नंदीशाला से निकलने वाले पानी को उपचारित करने के लिए एक ईटीपी प्लांट शीघ्र लगाने का सुझाव दिया। उन्होंने एक ऐसी खुली बैलगाड़ी (बुलक कॉट) बनवाने का भी सुझाव दिया जिसमें बैठकर बच्चे व वरिष्ठ नागरिक गौशाला, नंदीशाला व उसके निकट अमृत सरोवर का भ्रमण करते हुए प्रकृति का आनंद ले सकें। गौशाला, नंदीशाला, पेंट फैक्ट्री आदि सभी स्थानों पर सूचना संकेत तथा गौमय प्रोडक्ट व पेंट फैक्ट्री की मशीनों आदि के सम्बंध में विवरण लिखी पट्टिकाएं लगाने के भी निर्देश दिए।

## पुलिस ने खोयी बच्ची को बरामद कर परिजनों को सकुशल सिपुर्द किया



अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। जनपद अम्बेडकरनगर थाना को0 अकबरपुर पुलिस द्वारा खोयी बच्ची को सकुशल बरामद करते हुए परिजनों को किया गया सुपुर्द। आज दिनांक 02.04.2025 को समय शाम लगभग 06 बजे थाना स्थानीय पर सूचना मिली कि ममता देवी पत्नी अजय कुमार निवासी कजूपुर पेठिया थाना को0 जलालपुर जनपद अम्बेडकरनगर की पुत्री उम्र लगभग 05 वर्ष कलेक्ट्रेट परिसर से कहीं खो गयी है जिस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक थाना को0 अकबरपुर मय पुलिस टीम द्वारा तत्काल खोई हुई बच्ची को कलेक्ट्रेट व उसके आस-पास के स्थानों पर ढूंढ़ा गया । जिसके उपरांत महज 30 मिनट के अन्दर ही ढूंढ़कर बच्ची को सकुशल बरामद करके उसके परिजनों को बुलाकर थाना स्थानीय पर सुपुर्द किया गया तथा किसी अप्रिय घटना को घटित होने से रोकने का सराहनीय कार्य किया गया।

## बदनपुरा में कुल्हाड़ी से वार कर बच्चे का सिर फोड़ा

उरई (जालौन)। बदनपुरा में बच्चों में खेलकूद के दौरान हुए विवाद ने भयावह रूप ले लिया। पड़ोसियों के परिजनों ने मिलकर तीन बच्चों के साथ गंभीर मारपीट की। इस दौरान राजू नाम के एक बच्चे पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया, जिससे उसका सिर फट गया। सिर में गंभीर चोट आने के कारण उसे तुरंत जिला अस्पताल उरई में भर्ती कराया गया, जहां उसे छह टांके लगाए गए। राजू के पिता आजाद ने इस पूरे मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई है, लेकिन पुलिस की ओर से अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। हमले के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि परिवार न्याय की गुहार लगा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बच्चों के बीच मामूली विवाद को लेकर इस तरह की हिंसक घटना चौंकाने वाली है। वहीं, पुलिस की निष्क्रियता को लेकर भी नाराजगी जाहिर की जा रही है।

## पूर्व डीजीपी महेश चंद द्विवेदी को अनागत मार्तण्ड एवं श्रीमती नीरजा द्विवेदी को अनागत कविता चंद्रिका सम्मान

लखनऊ। अखिल भारतीय अनागत साहित्य संस्थान, योगी नगर, सीतापुर रोड, लखनऊ के द्वारा संस्था के महामंत्री पण्डित बेअदब लखनवी के 60वें जन्म दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय अनागत साहित्य संस्थान कार्यालय त्रिवेणी नगर, लखनऊ में अनागत काव्य एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार एवं पूर्व पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश महेश चंद द्विवेदी ने किया। मुख्य अतिथि डॉक्टर कर्नल गुर्जर लखनवी विशिष्ट अतिथि, डॉक्टर रेखा देव दीक्षित एवं प्रबंध संपादक राष्ट्रीय नवल टाइम्स नवल किशोर त्रिपाठी थे। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन, डॉ प्रेम शंकर शास्त्री बेताब की वाणी वंदना व डॉ प्रवीण पाण्डेय आवारा के कुशल संचालन से हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार एवं पूर्व पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश महेश चन्द्र द्विवेदी को अनागत मार्तंड सम्मान एवं डॉ श्रीमती नीरजा द्विवेदी को अनागत कविता चंद्रिका सम्मान संस्था अध्यक्ष डॉ अजय प्रसून, महामंत्री पण्डित बेअदब लखनवी, मुख्य अतिथि डॉ गुर्जर लखनवी व विशिष्ट अतिथियों द्वारा माल्यार्पण, शाल्यार्पण व सम्मान पत्र प्रदान कर किया गया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बरनई, विकास खण्ड बैतालपुर, देवरिया

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत बरनई, विकास खण्ड बैतालपुर, देवरिया द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना/राज्यवित्त/15वां वित्त स्वच्छ भारत मिशन योजना के अन्तर्गत सत्र-2025-26 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, बालू, सीमेण्ट, सरिया, मोरंग, इण्टरलाकिंग, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, कैमरा, टाइल्स से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 08.04.2025 को 12.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर अन्य वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय बरनई के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा उसी दिन 02.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय बरनई में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर राशि 5000/ (पांच हजार) रूपया होगी। **नियम व शर्ते :** 1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा, उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा। 2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा। 3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की उपस्थिति में टेण्डर खोला जायेगा। 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर ही करनी होगी। 5. जो दरें प्रस्तुत की जाये वह कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये। 6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी। 7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है। 8. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी। 9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा। 10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान सचिव बीडीसी/जिला पंचायत सदस्य/तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बंधी एवं रिश्तेदारों द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 11. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 12. स्वीकृति आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा। 13. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडी एवं एनएससी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत बरनई के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है। 14. आपूर्तिदर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। 15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत बरनई कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100/-रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा। 16. सामग्री आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत बरनई के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 17. स्ट्रीट लाइट, वाटर कूलर, हाई मास्ट लाईट, अन्त्येष्ठि स्थल, पंचायत भवन, बारात घर, इण्टरलाकिंग, सीमेण्ट सीट, टीन शेड आदि।

| | |
|---|---|
| **हरेन्द्र यादव** | **देवेश प्रताप मिश्रा** |
| **ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत बरनई** | **सचिव ग्राम पंचायत बरनई** |
| **विकास खण्ड बैतालपुर, देवरिया** | **विकास खण्ड बैतालपुर, देवरिया** |

## कार्यालय ग्राम पंचायत परसौना, विकास खण्ड बैतालपुर, देवरिया

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत परसौना, विकास खण्ड बैतालपुर, देवरिया द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना/राज्यवित्त/15वां वित्त स्वच्छ भारत मिशन योजना के अन्तर्गत सत्र-2025-26 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, बालू, सीमेण्ट, सरिया, मोरंग, इण्टरलाकिंग, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, कैमरा, टाइल्स से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 08.04.2025 को 12.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर अन्य वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय परसौना के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा उसी दिन 02.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय परसौना में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर राशि 5000/ (पांच हजार) रूपया होगी। **नियम व शर्ते :** 1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा, उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा। 2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा। 3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की उपस्थिति में टेण्डर खोला जायेगा। 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर ही करनी होगी। 5. जो दरें प्रस्तुत की जाये वह कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये। 6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी। 7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है। 8. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी। 9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा। 10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान सचिव बीडीसी/जिला पंचायत सदस्य/तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बंधी एवं रिश्तेदारों द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 11. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 12. स्वीकृति आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा। 13. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडी एवं एनएससी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत परसौना के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है। 14. आपूर्तिदर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। 15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत परसौना कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100/-रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा। 16. सामग्री आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत परसौना के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 17. स्ट्रीट लाइट, वाटर कूलर, हाई मास्ट लाईट, अन्त्येष्ठि स्थल, पंचायत भवन, बारात घर, इण्टरलाकिंग, सीमेण्ट सीट, टीन शेड आदि।

| | |
|---|---|
| **सरिता देवी** | **देवेश प्रताप मिश्रा** |
| **ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत परसौना** | **सचिव ग्राम पंचायत परसौना** |
| **विकास खण्ड बैतालपुर, देवरिया** | **विकास खण्ड बैतालपुर, देवरिया** |

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम जुबेर अहमद था । अब मुझे जुबेर अहमद शाह से जाना व पहचाना जाये।

**पता – जुबेर अहमद शाह**
**ग्राम – रेकहट , नजरगढ़वा ,**
**पोस्ट – ढेबरुआ जिला सिद्धार्थनगर (यू पी)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- कम्हरिया वि.खं. मिठवल, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 03.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत कम्हरिया विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, सोलर लाइट, अंत्येष्टि स्थल सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 11.04.2025 को 02:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कम्हरिया के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 04:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत कम्हरिया के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कम्हरिया कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कम्हरिया के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **ग्राम प्रधान-तालबुन्निशा** | **सचिव- रविकपुर राव** |
| **ग्रा.पं. कम्हरिया** | **ग्रा.पं. कम्हरिया** |
| **वि.खं. मिठवल** | **वि.खं. मिठवल** |

## कार्यालय ग्राम पंचायत विक्रमपुर बासपार, विकास खण्ड बैतालपुर, देवरिया

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

**कुशीनगर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र कुमार राय के कारगुज़ारियों का फेहरिस्त लंबा है। यौन उत्पीड़न का मामला अभी शांत हुआ ही नहीं था कि इनके प्रताड़ना ने एक सीडीपीओ ने बेटे संघ आत्महत्या करने की चेतावनी दे दी है। व्हाट्सएप ग्रुप में ये मैसेज पड़ते ही विभाग में हड़कंप मच गया। सीडीपीओ ने डीपीओ शैलेन्द्र कुमार राय व मुख्य सेविका को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है। बताया जाता है कि मामला अवैध धन वसूली का है जिसे सीडीपीओ द्वारा वसूली से मना पर डीपीओ ने सीडीपीओ का सेवा समाप्त कराने खेल शुरु कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि शैलेन्द्र राय वर्ष 2022 से यह खेल कर रहे है।

विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप में कसया विकास खण्ड की संविदा पर तैनात सीडीपीओ अनुपमा सिंह ने विभागीय ग्रुप में पोस्ट लिखा है कि मै आत्म हत्या करने जा रही हूं अपने बेटे के साथ, क्योंकि मेरे पास इसके सिवा कोई रास्ता नही है, न ही बचा है। सीडीपीओ ने आगे लिखा है कि मेरी मौत की जिम्मेदारी जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र कुमार राय व संविदा पर तैनात मुख्य सेविका नीलम तिवारी होगी। क्योंकि नीलम तिवारी ही मेरे खिलाफ झूठे आरोप लगवाकर अपने फायदे के लिए मुझे नौकरी से हटवाया है। बताया जाता है कि विभागीय ग्रुप आईसीडीएस कुशीनगर में डीपीओ शैलेन्द्र कुमार राय और सीडीपीओ अनुपमा सिंह के बीच बातचीत हुई है। मंगलवार की रात्रि तकरीबन नौ बजकर दो मिनट पर डीपीओ शैलेन्द्र कुमार राय ने पोस्ट लिखा है कि आप डायरेक्ट मैम, डीएम सर, सीडीओ मैम से चर्चा कर ले। जिलाधिकारी महोदय द्वारा आपके पक्ष को सुनते हुए निदेशालय लिखा गया है और शासन द्वारा निर्णय लिया गया है। आप अपने पक्ष को रखते हुए सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आग्रह डीएम सर, सीडीओ मैम व निदेशालय से कर सकती है। इस पोस्ट के नीचे नौ बजकर पांच मिनट पर डीपीओ शैलेन्द्र कुमार राय अपने पोस्ट को रिवर्स टैग करते ञ्चअनुपम सिंह लिखा है। इसके बाद नौ बजकर उन्नीस मिनट पर अनुपमा सिंह ने अपने बच्चो के साथ आत्महत्या करने की चेतावनी देना वाला पोस्ट की है। इसके तत्काल बाद डीपीओ व ग्रुप के एडमिन शैलेन्द्र कुमार राय ने सीडीपीओ अनुपमा सिंह को ग्रुप से रिमूव कर दिया। नतीजतन अनुपमा सिंह रात्रि नौ बजकर चौवन मिनट पर कसया आंगनवाड़ी ग्रुप में आत्महत्या से चेतावनी वाला वह पोस्ट लिखा है जो उन्होने विभागीय ग्रुप आईसीडीएस कुशीनगर में लिखा था। सीडीपीओ अनुपमा सिंह द्वारा आत्महत्या की चेतावनी भरा पोस्ट व्हाट्सएप के जरिए सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो विभाग में हड़कंप मच गया। सूत्र बताते है कि जब इसकी जानकारी सीडीओ गुंजन द्विवेदी को हुई तो वह अनुपमा सिंह को गुरुवार को अपने ऑफिस बुलाई। सीडीपीओ अनुपमा सिंह विकास भवन स्थित सीडीओ कार्यालय पहुंची हुई थी वहां सीडीओ से क्या वार्ता हुई इसकी जानकारी खबर लिखे जाने तक नही हो पाई थी।

### अवैध वसूली का भी लगाया आरोप

सीडीओ कार्यालय पर मीडिया से बातचीत में बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) अनुपमा सिंह ने कहा कि जब से शैलेन्द्र कुमार राय यहां आए है तब से लगातार मानसिक रुप से प्रताड़ित कर रहे है। उन्होंने कहा कि वह अवकाश भी लेती है तो उनका वेतन काट लिया जाता है, मीटिंग में लेट हो जाती है तब भी वेतन काट दिया जाता था और लगातार डीपीओ द्वारा धमकी दी जाती थी कि आपका सेवा विस्तार रोक दिया जायेगा। उन्होने कहा कि वह 19 वर्षो से विभाग में सेवा दे रही है लेकिन आज तक कोई शिकायत नही मिली। सीडीपीओ ने आरोप लगाया कि डीपीओ द्वारा पुष्टाहार पर अवैध धन वसूली के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा था वह वसूली करके उनको धन नही दे पा रही थी। इस लिए मेरा सेवा समाप्त कराकर संविदा पर तैनात मुख्य सेविका नीलम तिवारी से वसूली कराते है।

## छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम का आयोजन

**अंबेडकरनगर।** विभिन्न महाविद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं क्षेत्रीय निदेशालय राष्ट्रीय सेवा योजना लखनऊ के तत्वाधान में संचालित छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम का द्वितीय चरण के अंतर्गत दिनांक 03 अप्रैल 2025 को थाना को0 अकबरपुर में बच्चों को जनपद नोडल अधिकारी ष्ट्ठ भीटी लक्ष्मीकांत मिश्रा, थाना प्रभारी श्रीनिवास पाण्डेय व थाना नोडल अधिकारी थाना को अकबरपुर शशांक शुक्ला, महिला थानाध्यक्ष शिवांगी त्रिपाठी एवं जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. दिनेश वर्मा (बी.एन.के.बी.पी.जी कॉलेज अकबरपुर अंबेडकर नगर) उपस्थित होकर स्वयंसेवकों को आगामी प्रशिक्षण के लिए अपनी शुभकामनाएं दी और उन्हें अगले एक महीने 120 घंटे के लिए प्रशिक्षण से संबंधित थानों में उपस्थित होकर पुलिस की कार्यात्मक प्रक्रिया और उनके कौशल को सीखने की बात कही। आप पुलिस पर भरोसा करें तथा अपनी समस्याओं को समय से बात कर समाधान प्राप्त करें।

## गालीबाज़ तहसीलदार ने बनाया गाली देने का नया रिकॉर्ड

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** क्या कभी आपने खुद को परखा है कि आप एक सांस में कितनी गालियां दे सकते हैं। अगर आप खुद को गालीबाज समझ रहे हैं तो आप गलत हैं। गोरखपुर में एक तहसीलदार ऐसे हैं कि अगर ओलम्पिक में गाली देने की प्रतियोगिता हो तो तहसीलदार साहब हमेशा गोल्ड ही जीतकर आएंगे। ये तहसीलदार ऐसे हैं कि इनको पत्रकार और वकील दलाल नज़र आते हैं।



मामला गोरखपुर के सदर तहसील का है जहां बीते कुछ दिनों से एक पत्रकार पवन गुप्ता तहसील में फैले भ्रष्टाचार की खबरों को लगातार लिख रहे थे। इस पर जैसा कि पत्रकार पवन गुप्ता का कहना है कि तहसीलदार सदर ने उनको व्हाट्सएप पर कॉल किया और उनको तथा वकीलों को दलाल शब्द से संबोधित किया। उसके बाद उन्होंने बिना रुके गालियों की बौछार कर दी। बिना रुके तहसीलदार गाली देते रहे। प्राथमिकी दर्ज कराने की धमकी देते रहे। **पत्रकार संगठनों और वकीलों में आक्रोश:** सदर तहसीलदार के इस वायरल ऑडियो से पत्रकार संगठनों और वकीलों ने जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है और वो सदर तहसीलदार से आर पार की लड़ाई के मूड में दिख रहे है। मामला मुख्यमंत्री के गृह जनपद का होने के कारण अधिकारी इस बात को संज्ञान में ले चुके है। देखने वाली बात ये होगी कि बीते दिनों योगी आदित्यनाथ ने प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में समाज में पत्रकारों की भूमिका की प्रशंसा की थी। सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका बताई थी। ऐसे में यदि पत्रकारो का मान मर्दन होगा तो क्या पत्रकार स्वतंत्रता से अपनी कलम चला पाएंगे। देखने वाली बात यही होगी कि इस मामले को संज्ञान में लेकर सदर तहसीलदार पर कोई कार्यवाही होगी या फिर मामले की लीपा पोती की जाएगी।

## डीएम-एसपी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर दिया निर्देश



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर व डॉ अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा दिनांक 04.04.2025 को माननीय मुख्यमंत्री, उप्र योगी आदित्यनाथ के जनपद सिद्धार्थनगर के थाना डुमरियागंज क्षेत्रान्तर्गत भ्रमण कार्यक्रम के सम्बन्ध में हेलीपैड, मंच, कार्यक्रम स्थल आदि का निरीक्षण किया गया ड्यूटी में लगे पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण को ब्रीफ कर पुलिस व्यवस्थापन, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था व पार्किंग व्यवस्था आदि के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## एसडीएम जालौन ने मंडी का किया औचक निरीक्षण



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** एसडीएम जालौन विनय मौर्य ने जालौन मंडी का औचक निरीक्षण कर चल रही गेहूं खरीद का जायजा लिया स्थापित केंद्रों के अलावा मंडी आढ़तियों के यहां निरीक्षण कर आ रहे किसानों से वार्ता की। उपजिलाधिकारी जालौन ने न्यूनतम खरीद मूल्य से किसी भी दशा में कम दाम पर खरीद करने पर पाए जाने की स्थिति में कड़ी कार्यवाही की बात कही। निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रों पर नमी मीटर रजिस्टर और बोरों की उपलब्धता की जांच की। किसानों को जानकारी दी गई कि यदि रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाए हैं तो केंद्रों पर आधार कार्ड और मोबाइल नंबर की सहायता से तत्काल रजिस्ट्रेशन कर दिया जाएगा।

## श्रीराम महायज्ञ व कलशयात्रा का भव्य आयोजन

**रुधौली, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** रुधौली तहसील क्षेत्र के दुदराक्ष स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में श्रीराम महायज्ञ, मानस कथा और रामलीला के आयोजन के तहत गुरुवार को एक विशेष कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर 251 कलशों के साथ एक भव्य कलशयात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन भक्ति, उल्लास और आध्यात्मिकता का अनूठा संगम बन गया। कलशयात्रा का शुभारंभ दुदराक्ष के श्रीराम जानकी मंदिर से हुआ। यह यात्रा छपिया शिवबरन, छितही प्रहलाद, मरवटिया आसरे और हवेलिया जैसे क्षेत्रों से गुजरती हुई छपिया रघुवंश पहुंची, जहां से यह पुनः दुदराक्ष मंदिर पर समाप्त हुई। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने अबीर-गुलाल उड़ाते हुए जय श्री राम और सीता राम के जयकारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया।



## डीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक वाह्य निरीक्षण राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयर हाउस की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस की सुरक्षा, लाग बुक, सीसीटीवी कैमरा आदि के बारे में जानकारी ली गई। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## डीपीआरओ ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत किए जा रहे साफ सफाई कार्यो का किया निरीक्षण

**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा अपनी रायबरेली रमणीय-रायबरेली स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु विकास खण्ड अन्तर्गत तैनात सफाई कर्मचारियों की टीम लगाकर साफ-सफाई का कार्य कराये जाने के निर्देश दिये गये थे। जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह ने बताया कि उक्त निर्देशों के क्रम में 17 मार्च से 31 मार्च, 2025 तक वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें जनपद की 270 ग्राम पंचायतों के 410 राजस्व ग्रामों में साफ-सफाई सम्बन्धित 5280 स्थलों की साफ-सफाई का कार्य करा लिया गया है। नवरात्रि एवं ईद के उपलक्ष्य में धार्मिक स्थलों की सफाई का कार्य कराया गया है साथ ही रोस्टर के अनुसार अनुपस्थित पाए गये 21 कर्मचारियों के निलम्बन, वेतन बाधित एवं कारण बताओ नोटिस निर्गत करने की कार्यवाही की गयी। उक्त के अतिरिक्त मिशन निदेशक महोदय स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा संचारी रोग नियन्त्रण अभियान (01 से 30 अप्रैल, 2025) एवं दस्तक अभियान का प्रथम चरण (10 से 30 अप्रैल, 2025 तक) का जनपद के समस्त 18 विकास खण्डो में चलाते हुए संचालित की गयी सभी गतिविधियों को संचालित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं, जिसके क्रम में स्थलवार रोस्टर तैयार कर साफ-सफाई का कार्य कराया जा रहा है। जिसके क्रास वेरीफिकेशन हेतु अन्य विकास खण्ड के सहायक विकास अधिकारी (पं0) को नामित किया गया है एवं जनपद स्तर से दूरभाष के माध्यम से निगरानी हेतु कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है

## आपूर्ति एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने नो हैलमेट-नो पेट्रोल मुहिम का किया आकस्मिक निरीक्षण

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** आमजन को सुरक्षित सड़क यातायात सुनिश्चित कराने के लिए गुरूवार को जिलापूर्ति अधिकारी अभिनव सिंह, आरटीओ एवं एआरटीओ की उपस्थिति में आपूर्ति एवं परिवहन विभाग कि संयुक्त टीम द्वारा नो हैलमेट-नो पेट्रोल के सम्बन्ध में पेट्रोल पम्पो का बुधवार व गुरूवार को आकस्मिक निरीक्षण किया गया। संयुक्त टीम ने मैसर्स गिर्राज फ्यूल पॉइंट जीटी रोड सरसोल, मैसर्स कृष्णा ऑटो मोबाइल जीटी रोड मसूदाबाद, मैसर्स एचएमआई ऑटो सेर्विस स्टेशन कबर कुत्ता निकट पुराना बस स्टैंड, मैसर्स नौरंगराय जैन एंड सन्स जीटी रोड नौरंगाबाद एवं मैसर्स स्टैंडर्ड ऑटो मोबाइल्स जीटीरोड एटा चुंगी का निरीक्षण किया। संयुक्त टीम द्वारा उपरोक्त पम्पो पर उपभोक्ताओं को सडक सुरक्षा के प्रति जागरूकता एवं हेलमेट ना पहनने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। पेट्रोल पम्प स्वामियों व प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि बिना हेलमेट के पेट्रोल लेने वाले बाइक चालकों की फोटो खींचकर ग्रुप पर शेयर करें। मैसर्स कृष्णा ऑटो मोबाइल जीटी रोड मसूदाबाद की पम्प पर NO HELMET NO FUEL का बैनर प्रदर्शित नहीं पाए जाने पर बैनर लगाने के निर्देश दिए गए। अभियान के दौरान कुल 50 बाइक चालकों का मोटर यान अधिनियम/नियमावली के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा चालान किया गया, जिसमें से 24 चालान उक्त पम्पो पर बिना हेलमेट के पेट्रोल लेने वाले बाइक चालकों का किया गया।



## फेल हुई रोजगार सृजन की मंशा मजबूरी की स्कीम हो गई मनरेगा

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** मनरेगा अब रोजगार के लिए जरूरी स्कीम से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों की मजबूरी हो गई है। मनरेगा कर्मी नौकरी बचाने के लिए कागज की नाव चला रहे हैं। पिछले चार महीने से मजदूरों के खाते में मजदूरी के पैसे नहीं पहुंचे हैं। मैटेरियल पेमेंट एक साल से नहीं हुआ है, स्थिति यह है कि नये वित्तीय वर्ष में 15 रु मजदूरी बढ़ने के बाद भी मजदूर काम के लिए नहीं मिल रहे हैं। गांवों से मजदूरों का पलायन कम होने का नाम नहीं ले रहा है। मनरेगा में मजदूरी और सामग्री व्यय का भुगतान कभी समय से नहीं होता है। अधिकांश काम ग्राम प्रधान अपनी जिम्मेदारी पर खुद के पास से धन की व्यवस्था करके कराते हैं। दिसंबर से मजदूरी का भुगतान न होने से ग्राम प्रधानों ने हाथ खड़े कर दिए हैं। कोई भी नया काम शुरू नहीं हो पा रहा है ?मनरेगा कर्मी पिछले कार्यो के मास्टर रोल फ़ीड कर किसी तरह कागज की नाव चला रहे हैं।न रोजगार की मांग हो रही है और न ही किसी को कोई काम मिल रहा है। गांवों में गेंहू और सरसों की कटाई का काम शुरू होने के कारण मजदूर मनरेगा से पूरी तरह दूर हैं। **नहीं पूरा हुआ मानव दिवस का लक्ष्य-** जिले में मनरेगा के अन्तर्गत 226162जाब कार्ड जारी किए गए हैं, इनमें से क्रियाशील जाब कार्डो की संख्या 150757है। एक तिहाई जाब कार्ड निष्क्रिय है और खाली पड़े हुए हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25में कुल 4248385 मानव दिवस सृजित करने का लक्ष्य था।3909018 मानव दिवस ही साल भर में सृजित हो पाए हैं। 11683 श्रमिकों को सौ दिन रोजगार के लक्ष्य के सापेक्ष 6187परिवारों को ही सौ दिन रोजगार मिल पाया है। मनरेगा कार्मिकों ने बताया कि समय से मजदूरी न मिलने के कारण अब मजदूर मनरेगा में काम करने को तैयार नहीं है। विलम्बित भुगतान की समस्या कभी दूर नहीं होती है, इसलिए ग्राम प्रधान भी अब रूचि नहीं ले रहे हैं।

## लोकसभा में ऐतिहासिक रूप से पारित हुआ वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 ऐतिहासिक रूप से पारित हुआ। इस विधेयक को मुस्लिम समाज, विशेषकर पिछड़े मुस्लिम, विधवाओं, अनाथों, बच्चों और पासमांदा वर्ग के कल्याण और सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। चर्चा के दौरान संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता जगदंबिका पाल ने अपने संबोधन में इस विधेयक की ऐतिहासिकता और इसकी दूरगामी सकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला। श्री पाल ने स्पष्ट किया कि इस विधेयक का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों का बेहतर प्रबंधन, पारदर्शी प्रशासन और वास्तविक लाभार्थियों तक संसाधनों की पहुंच सुनिश्चित करना है। उन्होंने कांग्रेस और विपक्षी दलों पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे गलत सूचना फैला रहे हैं कि सरकार मुस्लिम समाज से वक्फ संपत्तियां छीन रही है। उन्होंने इस भ्रांति को खारिज करते हुए कहा कि यह विधेयक मुस्लिम समुदाय के अधिकारों की रक्षा करने के साथ-साथ उनके आर्थिक और सामाजिक उत्थान में सहायक होगा।

## उप मुख्यमंत्री केशव 7 अप्रैल को अलीगढ़ में

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 7 अप्रैल सोमवार को अलीगढ़ पधार रहे हैं। जारी कार्यक्रम के अनुसार उप मुख्यमंत्री राजकीय वायुयान द्वारा 11:20 बजे अलीगढ़ एयरपोर्ट पहुंचेंगे तदोपरांत 11:35 बजे सर्किट हाउस पर पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों से भेंट करेंगे। डिप्टी सीएम मौर्य 12:15 बजे सिंघारपुर स्थित सी.बी. गुप्ता सरस्वती विद्यापीठ परिसर में नवनिर्मित ष्माधव सम्मेलन केंद्रष् के लोकार्पण में मुख्य अतिथि के तौर पर सम्मिलित होंगे। वह 1.25 बजे ओजोन सिटी प्रेरणा स्थल का उद्घाटन करने के उपरांत 2- 05 बजे सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक एवं विकासशील व निर्माणाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करने के बाद हवाई मार्ग द्वारा नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

## कृषि मंत्री ने किया विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** उत्तर प्रदेश सरकार के विकास कार्यों को गति देते हुए कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही ने आज जनपद देवरिया के ग्राम कोटवा बावन में प्राचीन माँ दुर्गा मंदिर के सुंदरीकरण, नगर पंचायत हेतिमपुर में स्टडी सेंटर एवं डिजिटल लाइब्रेरी, साथ ही पार्क व जिम से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

कृषि मंत्री श्री शाही ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हर वर्ग के कल्याण के लिए अनेक योजनाएँ चलाई जा रही हैं। गाँव, गरीब, किसान और युवा सरकार की प्राथमिकता में हैं। आज जिन परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है, वे क्षेत्र के विकास को नई ऊँचाइयों तक ले जाएँगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ प्रदान करेंगी। मंत्री ने आगे कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और पर्यटन के क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों से आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। सरकार की मंशा है कि गाँवों और छोटे शहरों में भी बड़े शहरों जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँ, ताकि कोई भी युवा, किसान या नागरिक संसाधनों की कमी के कारण पीछे न रह जाए। कृषि क्षेत्र के विकास को लेकर भी सरकार लगातार प्रयासरत है। किसानों को उन्नत तकनीक, सिंचाई सुविधाएँ, अनुदान और नई योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

आकांक्षी नगर योजना के तहत नगर पंचायत हेतिमपुर के वार्ड संख्या-8 में स्टडी सेंटर एवं डिजिटल लाइब्रेरी के निर्माण कार्य का शिलान्यास भी कृषि मंत्री श्री शाही ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह लाइब्रेरी छात्रों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए अत्यधिक लाभकारी होगी। इसमें डिजिटल संसाधन, ऑनलाइन अध्ययन सामग्री और ई-लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मंत्री ने कहा कि यह प्रयास युवाओं को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने में सहायक होगा और उनके भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसी क्रम में, नगर पंचायत हेतिमपुर के वार्ड संख्या-6 में पार्क एवं जिम के निर्माण कार्य की आधारशिला भी रखी गई। इस पार्क में टहलने के लिए ट्रैक, ओपन जिम, ग्रीन एरिया और अन्य सुविधाएँ होंगी, जिससे नागरिकों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने में सहायता मिलेगी। मंत्री ने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है, और इसी दिशा में यह पार्क एवं जिम एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने कहा कि जनपद देवरिया के कोटवा में स्थित दुर्गा देवी स्थल के पर्यटन विकास कार्य हेतु ?97.20 लाख की स्वीकृत लागत निर्धारित की गई है। इस परियोजना का कार्य पर्यटन विभाग द्वारा कराया जा रहा है। इसके अंतर्गत यात्री निवास, स्टोन फ्लोरिंग, सबमर्सिबल पंप बोरिंग सहित, पाथवे, स्टोन बेंच, विद्युतीकरण, पुरुषों एवं महिलाओं के लिए अलग-अलग टॉयलेट ब्लॉक, सेप्टिक टैंक एवं सोकपिट जैसी सुविधाएँ विकसित की जाएँगी। मंदिर परिसर के सुंदरीकरण से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएँ मिलेंगी और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

## प्रगति पत्र, पदक और पुरस्कार पाकर खिल उठे नौनिहालों के चेहरे : डॉ कन्हैयालाल गुप्त

**भाटपार रानी, देवरिया अवधनामा संवाददाता।** पदक और पुरस्कार नौनिहालों में ऊर्जा का काम करता है। यह बातें राजकीय कृत मध्य विद्यालय सोहगरा, गुठनी, सीवान, बिहार में प्रगति पत्र वितरण समारोह में विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ कन्हैयालाल गुप्त ने कही।गत दिवस विद्यालय में प्रगति पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिनमें विभिन्न कक्षाओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को प्रगति पत्र के साथ पदक और विभिन्न तरह के पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। जिनमें वर्ग प्रथम में प्रिया कुमारी प्रथम और द्वितीय जोया खातून, वर्ग द्वितीय में अनीता कुमारी प्रथम एवं द्वितीय संध्या कुमारी, वर्ग तृतीय में शिवानी कुमारी गोड़ एवं द्वितीय अनूप कुमार वर्ग चतुर्थ में अर्पिता कुमारी गोड़ एवं द्वितीय सुनीता कुमारी पाल वर्ग पंचम में प्रथम तमन्ना परवीन एवं आयुष कुमार ठाकुर वर्ग षष्ठ में आंचल कुमारी प्रथम एवं शिफा खातून द्वितीय वर्ग सप्तम में पूजा कुमारी ततवा एवं द्वितीय खुशी कुमारी मद्धेशिया वर्ग अष्टम में अगस्त गोड़ प्रथम एवं मनीषा कुमारी पाल द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इनकी इस सफलता पर विद्यालय परिवार के श्रीमती रश्मि मिश्रा, श्रीमती भाग्यश्री, श्रीमती बबिता सिंह, अवधेश गोड़,फूलपति देवी, माया देवी, अजूबा खातून आदि ने शुभकामनाएं और बधाइयां दी है।




## स्वामी प्रसाद मौर्य का सरकार पर वक्फ बोर्ड संशोधन बिल को लेकर गंभीर आरोप

अवधनामा संवाददाता

- जिस प्रकार से बोर्ड पहले से काम कर रहा था, उसे उसी तरह काम करने की आजादी मिलनी चाहिए
- सरकार की मंशा वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर कब्जा जमाने की है



**बस्ती।** अपना जनता पार्टी (एजेपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने बस्ती में वक्फ बोर्ड संशोधन बिल को लेकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। संविधान सम्मान व जनहित हुंकार रथ यात्रा के दौरान एक निजी हॉल में जनता को संबोधित करते हुए मौर्य ने कहा कि वक्फ बोर्ड संशोधन बिल लाने की कोई आवश्यकता नहीं है।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से बोर्ड पहले से काम कर रहा था, उसे उसी तरह काम करने की आजादी मिलनी चाहिए। मौर्य ने बीजेपी पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार वक्फ बोर्ड की जमीन हड़पने और अपने करीबियों में बांटने के लिए यह बिल ला रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर कब्जा जमाने की है। ओपी राजभर के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मौर्य ने कहा कि बीजेपी और उनके सहयोगी दल के नेता जनता की आंखों में धूल झोंकने का काम कर रहे हैं। राजा सुहेलदेव के मेले के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि मेला लगवाने से किसी ने नहीं रोका है। उन्होंने विपक्षी नेताओं से जनता को गुमराह करने वाली फिजूल की बातें बंद करने की अपील की। मौर्य के आरोपों पर सरकार की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। हालांकि, बीजेपी नेताओं ने वक्फ बोर्ड संशोधन बिल का समर्थन किया है और कहा है कि यह बिल वक्फ बोर्ड की संपत्तियों को सुरक्षित रखने के लिए लाया गया है। वक्फ बोर्ड संशोधन बिल, 2023 को संसद के शीतकालीन सत्र में पेश किया गया था। इस बिल में वक्फ बोर्ड की संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता लाने और वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर अतिक्रमण को रोकने का प्रावधान है। मौर्य के आरोपों का महत्व इसलिए है क्योंकि वे एक प्रमुख ओबीसी नेता हैं और उनका उत्तर प्रदेश में एक मजबूत जनाधार है। उनके आरोपों से सरकार की छवि को नुकसान पहुंच सकता है। यह देखना बाकी है कि सरकार मौर्य के आरोपों पर क्या प्रतिक्रिया देती है और वक्फ बोर्ड संशोधन बिल पर आगे क्या होता है।

## हवन पूजन के साथ प्रारंभ किया गया काली माता मंदिर पुनर्निर्माण

अवधनामा संवाददाता



**बछरावां, रायबरेली।** स्थानीय कस्बे के वार्ड नंबर 2 में स्थित प्राचीन काली माता मंदिर के पुनर्निर्माण का कार्य एकता विकास मंच के तत्वाधान में हवन पूजन व प्रसाद वितरण के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में आए भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष बुद्धि लाल पासी ने कहा इस तरह के प्राचीन मंदिर हमारी सनातन धर्म की धरोहर हैं।

कई पीढियों पहले हमारे बुजुर्गो ने इन मंदिरों का निर्माण किया था, परंतु रखरखाव के अभाव में वह निरंतर जर्जर होते जा रहे हैं, आज उन्हें संरक्षण की आवश्यकता है। वैसे हमारे प्रदेश सरकार के मुखिया योगी जी द्वारा पूरे उत्तर प्रदेश के अंदर अनेकों मंदिरों का विशाल काय रूप प्रदान कर दिया गया है। परंतु अभी ग्रामीण क्षेत्र के अंदर छोटे-छोटे ऐसे मंदिर है, जो बहुत प्राचीन हैं और उन्हें आज संरक्षण की आवश्यकता है। हम सब लोगों का दायित्व बनता है कि इन मंदिरों के संरक्षण का कार्य लगन के साथ करें। एकता विकास मंच के अध्यक्ष सत्य कुमार सोनी ने कहा कि वह इससे पूर्व भी कई मंदिरों में पुनरुद्धार का कार्य कर चुके हैं उनकी हार्दिक इच्छा है कि जहां-जहां हमारे देवी देवताओं के मंदिर जर्जर स्थिति में पड़े हुए हैं उन्हें उनका पुनरुद्धार कर उन्हें विशाल रूप दिया जाए और अपने प्रयासों में वह लगातार लगे हुए हैं। कार्यक्रम में बछरावां थाना अध्यक्ष पंकज त्यागी विष्णुकांत श्रीवास्तव अतुल कुमार सोनी व्यापार मंडल अध्यक्ष सुनील सागर नीरज साहू मनोज मिश्रा विकास सोनी अतुल सोनी संतोष सोनी भल्लू गुप्ता सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य नागरिकों द्वारा हवन पूजन कार्यक्रम में भाग लिया गया इस मौके पर क्षेत्र के तमाम गणमान्य नागरिकों को सम्मानित भी किया गया कार्यक्रम में पहुंचने से पूर्व भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष का भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा चौराहे पर भव्य स्वागत किया गया और उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया गया।

# महामाया के कात्यायनी स्वरूप के दर्शन के लिए उमड़े भक्त

■ दिनभर लगा है भक्तों का तांता

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** कञ्चनाभां वराभयं पद्मधरा मुकटोज्जवलांय स्मेरमुखी शिवपत्नी कात्यायनेसुते नमोऽस्तुते।

बृहस्पतिवार को मां कात्यायनी सविधि आराधना की गई। मां के दर्शन के लिए आधी रात से ही नारियल-चुनरी के साथ श्रद्धालु अपनी बारी का इंतजार करने लगे। मंगला आरती के बाद सुबह पांच बजे ही मां ललिता देवी के दरबार में भक्तों का तांता लग गया। नवरात्र के छठे दिन आदिशक्ति मां दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की आराधना के लिए भक्तों में होड़ सी मची रही। मां ललिता देवी मंदिर समिति के अध्यक्ष अजीत श्रीवास्तव और पूर्व अध्यक्ष हरि मोहन वर्मा स्वयंसेवकों के साथ श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन कराने के लिए परिसर में व्यवस्था संभाले रहे। घरों में विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर भक्तों ने सुख-समृद्धि की कामना की। अलोपीबाग में सिद्धपीठ अलोपशंकरी देवी के दरबार में आधी रात के बाद ही कतार लग गई। मंदिर का पट मंगला आरती के बाद सुबह चार बजे खुला तो श्रद्धालु बारी-बारी से आगे बढ़ने लगे। यहां दर्शन-पूजन का क्रम मध्यरात्रि तक चलता रहा। सिद्धपीठ कल्याणी देवी में मंगला आरती के बाद सुबह 4:30 बजे पट खुलते ही दर्शन-पूजन के लिए कतार लग लग गई। मंदिर के अध्यक्ष पं. सुशील कुमार पाठक की मौजूदगी में कात्यायनी माता के स्वरूप का भव्य श्रृंगार किया गया। इसी तरह शहर के अन्य देवी मंदिरों में भक्तों ने फल, पुष्प, नारियल, चुनरी, नैवेद्य अर्पित कर मां का भोग लगाया। आचार्यों के सानिध्य में भक्तों ने श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ कर मंगल कामना की।

## आज मुख्य सचिव करेंगे शहजाद बांध स्प्रिंकलर परियोजना का निरीक्षण

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश शासन मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह आगामी 4 अप्रैल को तालबेहट क्षेत्र स्थित शहजाद बांध पर निर्मित स्प्रिंकलर सिंचाई परियोजना का निरीक्षण करेंगे। उनके भ्रमण की तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से मण्डलायुक्त झांसी मण्डल विमल कुमार दुबे और जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शहजाब बांध स्थित स्प्रिंकलर सिंचाई परियोजना एवं मर्दन सिंह इण्टर कॉलेज तालबेहट में बनाये जाने वाले हैलीपैड का निरीक्षण किया और सम्बंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौके पर अधीक्षण अभियन्ता सिंचाई झांसी को निर्देश दिये गए कि सभी तैयारियां पूर्ण कराते हुए योजना को इसी ग्रीष्म ऋतु में शुरु कराकर क्षेत्र के किसानों के खेतों में पानी पहुंचाना सुनिश्चित करें, इसके साथ ही उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिये गए।

# धूमधाम से मनाई गई महाराज गुहराज निषाद जयंती



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** महाराज गुहराज निषाद जयंती पर जैतपुर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। बृहस्पतिवार को दोपहर महाराज गुहराज निषाद जी की जयंती कस्बा जैतपुर में धूमधाम से मनाई गई जहां पूजन अर्चना के उपरांत विशाल शोभा यात्रा नगर भ्रमण को निकली। शोभा यात्रा नयापुरा मेला मैदान से प्रारंभ होकर ड्योढ़ीपुरा, बाजार, चमन चौराहा, बजरिया, विंध्यवासिनी होकर घुसयाना मुहाल में समाप्त हुई। शोभा यात्रा ने सैकड़ो लोग शामिल हुए। शोभा यात्रा में भगवान राम सीता की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। अश्व नृत्य, डीजेबैंड बाजे की धुन पर श्रद्धालु जम कर थिरके। भीड़ में रैकवार समाज के साथ.साथ अन्य समाज के लोग भी नाचते गाते झूमते नजर आए लोगों ने बताया महाराज गुहराज निषाद ने त्रेतायुग में भगवान श्री राम को गंगा पार कराई थी। सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद रही। शांतिपूर्ण तरीके से शोभा यात्रा संपन्न हुई। इस मौके पर, रवि रैकवार, संतोष रैकवार, बलराम बनाफर बिहारी लाल, सतीश राजपूत, लक्ष्मी, बबलू, मइयादीन रैकवार, प्रदीप रैकवार सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अष्टमी व राम नवमी के आयोजनों हेतु तहसील व ब्लॉक स्तरीय बैठकें संपन्न



**हरदोई।** बिलग्राम अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि शासन के निर्देशों के क्रम में आगामी अष्टमी रामनवमी के अवसर पर जनपद के राम मंदिरों/ हनुमान मंदिरों/ देवी मंदिरों/ वाल्मीकि मंदिरों/ शक्तिपीठों में भजन/कीर्तन/पाठ किया जाना है। इसके आयोजन हेतु जनपद, तहसील व ब्लॉक स्तर पर समितियों का गठन किया गया। तहसील व ब्लॉक स्तरीय समितियों की बैठके कर ली गयी हैं। तहसील स्तर की समिति उप जिलाधिकारी व ब्लॉक स्तर की समिति खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में कार्य करेगी। जनपद में कार्यक्रमों के सफल आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। जिला स्तरीय आयोजन समिति की बैठक 4 अप्रैल को 2:00 बजे विवेकानंद सभागार में होगी। सभी सम्बंधित मंदिरों पर साफ सफाई व अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।

### उच्च प्राथमिक विद्यालय में मनाया गया वार्षिकोत्सव



**भदैया,सुल्तानपुर।** उच्च प्राथमिक विद्यालय बजेठी विकासखंड भदैया में वार्षिकोत्सव एवं शारदा संगोष्ठी का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी श्री अरविंद यादव के संरक्षण में किया गया। जिसमें ग्राम प्रधान श्री प्रेम कुमार यादव,एसएमसी अध्यक्ष ब्रह्मजीत शर्मा व प्रधानाध्यापक चक्रेश कुमार के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ।विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। विद्यालय की छात्रा नेहा, ज्योति, श्रेया ने नाटक आदमी अपना-अपना÷ कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम के द्वारा स्कूल चलो अभियान का की शुरुआत भी की गई। उपस्थित अभिभावकों एवं ग्रामीणों को विद्यालय में नामांकन हेतु से जागरूक किया गया।

### कार्यकर्त्ता संगठन की रीढ़, ईमानदार कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ता भाजपा के सच्चे सिपाही : बबिता तिवारी



**सुल्तानपुर।** संगठन के आगामी कार्यक्रम हेतु पीपर गाँव मे एक बैठक संपन्न हुई। उक्त बैठक नव नियुक्त मण्डल अध्यक्ष जग प्रसाद वर्मा जी की अध्यक्षता मे हुई।शिवपाल अग्रहरि ने कुशल संचालन किया,सभी पदाधिकारियों अभिवादन किया गया।आगामी कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी 6अप्रैल स्थापना दिवस , 14अप्रैल को बाबा भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर समरसता दिवस, गाँव चलो अभियान जैसे प्रमुख कार्यक्रम पर चर्चा की गयी। जिसमे पूर्व मंडल अध्यक्ष राजमणि पाण्डेय जी, प्रदीप पाण्डेय जी राम सुरेश तिवारी, पी पी सिंह जी,शिवपाल अग्रहरी, सौरभ मिश्रा जी, वेद प्रकाश जी, स्वामी नारायण पाण्डेय जी, तिलक राज वर्मा जी मनोज मिश्रा जी, राम बरन कोरी, जी, मोनू पाण्डेय जी राकेश कुमारी जी, मोनू, विनय पाठक जी शुभम तिवारी, दिलीप तिवारी, विपुल मिश्रा, वीरेंद्र चतुर्वेदी जी, सचिन पाण्डेय जी समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### हत्या में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए गए अभियान के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना उत्तर पुलिस टीम ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना उत्तर पुलिस ने हत्या में वांछित चल रहे अभियुक्त योगेन्द्र कुमार पुत्र विजयपाल निवासी कुशवाह मार्केट कोटला रोड थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद को सनक सिंह के भट्टे थाना उत्तर फिरोजाबाद से गुरूवार को गिरफ्तार किया गया है। उपरोक्त अभियुक्त के विरूद्ध अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में सम्मिलित रहे प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पाण्डेय, उ0नि0 बनवारी लाल, का0 1480 अजय कुमार, का0 1388 बृजमोहन सिंह थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

### एक अभियुक्त पुलिस ने दबोचा

**फिरोजाबाद।** थाना एका पुलिस टीम ने मु0अ0सं0 56/2025 से सम्बन्धित वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी जसराना के कुशल नेतृत्व में थाना एका पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना एका से बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त जीतू पुत्र संतोष निवासी ग्राम खेरीऐमा थाना एका जनपद फिरोजाबाद को ग्राम सुनारी से पहले मोड़ से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष रमित कुमार आर्य, उ0नि0 हर्षित कुमार, का0 507 अवधेश कुमार, का0 1290 अनिल कुमार थाना एका जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

### महिला को घर में घुसकर पीटा, दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला गांधीनगर निवासी रूपरानी पत्नी विकास शर्मा द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 01 अप्रैल की सुवह 09:30 बजे बच्चों के विवाद को लेकर मोहल्ले के ही रमेश, धन देवी, किरन व गीता दरवाजे पर आए और गाली गलौज करते हुए घर में घुसकर लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

### 05 अप्रैल को श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के शहीद मार्ग चौराहा स्थित ग्राम नंगापुरवा श्री सीताराम आश्रम में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन संत श्री सीताराम महाराज के सानिध्य में 05 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक रखा गया है। 12 अप्रैल को हवन और भंडारा प्रसाद वितरण होगा। ये जानकारी संत राम लडैतेदास ने दास ने दी। बताया की कथा दोपहर 01 बजे से शाम 06 बजे तक होगी रसपान कथा व्यास घनश्याम पाण्डेय कराएंगे।

### दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश में अपराध की रोकथाम और आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गौड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर अवधेश कुमार मिश्र द्वारा गठित की गई उ0नि0 दिनेश कुमार यादव मय हमराह हे0का0 राजकुमार त्रिपाठी व का0 सुरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही की गई।।। वांछित अभियुक्त 1.अजय बाल्मीक पुत्र छेदालाल उम्र 35 वर्ष 2.छेदालाल बाल्मीक पुत्र परमलाल उम्र 70 वर्ष निवासीगण मो0 देवबाग कस्बा व थाना श्रीनगर जनपद महोबा को मो0 देवबाग कस्बा श्रीनगर के पास से गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## अगामी 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन

**आजमगढ़।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत जनपद, आजमगढ़ संतोष कुमार यादव ने बताया है कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं श्री जय प्रकाश पाण्डेय माननीय जनपद न्यायाधीश,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आजमगढ़ के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में 10 मई, 2025 को जनपद न्यायालय के साथ ही साथ समस्त तहसील मुख्यालयों पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेष रूप से आपराधिक शमनीय वाद, धारा-138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम वाद, बैंक वसूली वाद, आरबीट्रेशन वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), सर्विस में वेतन सम्बन्धित विवाद एवं सेवानिवृत्ति लाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद, अन्य सिविल वाद (किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद) आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित हो सकने वाले समस्त प्रकार के वादों का निस्तारण किया जायेगा।

# एमएलसी शाह आलम से मिला सभासद एसोसिएशन

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** सभासद एसोसिएशन के बैनर तले नौ सूत्री मांगों को लेकर जिला योजना समिति सदस्य मो अफ़ज़ल की अगुवाई में एक पत्रक एमएलसी शाह आलम गुड्डू जमाली को सौंपा गया और उनसे मांगों को विधान परिषद् में उठाने की अपील की गई।

समाजसेवी मो. अफ़ज़ल ने कहाकि नगरीय व्यवस्था को सुधारने के लिए सभासदो के अधिकारों में इजाफा करना होगा, तभी घर-घर विकास पहुंचेगा। इसके लिए प्रदेश के सभासदों को वार्षिक विकास निधि पैतीस लाख रूपये निर्धारित की जाये, प्रदेश के सभासदों को प्रतिमाह पन्द्रह हजार रूपया मानदेय दिया जाये, प्रदेश के निकायों में मेयर व चेयर मैन के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लागू किया जाये।प्रदेश के नगर निकाय में डिप्टी मेयर उपाध्यक्ष, वाईस चेयर मैन का पद बहाल किया जाये, प्रदेश के सभासद के आकस्मिक के निधन पर उसके परिवार के आश्रित हो पचास लाख रूपये का तत्काल अहेतु आर्थिक सहायता शासन द्वारा प्रदान किया जाये। वहीं आनंद देव उपाध्याय ने कहाकि सभासदों को जनता के कार्य से अपने जिला मुख्यालय में आने और जाने हेतु रोडवेज व रेल का निःशुल्क पास पूरे 5 वर्ष तक दिया जाए, प्रदेश के सभासदों को अपने निकाय के सहायक अभियंता को विकास कार्य हेतु आगणन (स्टीमेट) बनाने हेतु सीधा आदेश देने का अधिकार प्राप्त होना चाहिए, आउट सोर्सिंग कर्मचारी के चयन में निकाय के अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी के साथ सभासदों को भी शामिल किया जाये, एक लाख रूपए तक का विकास कार्य हेतु सभासदों को स्वतंत्र अधिकार मिले जिसमे नगर पालिका अध्यक्ष का कोई हस्तक्षेप न रहे। इस अवसर पर रेखा यादव, माहताब कुरैशी, शगुफ्ता आदि सभासद मौजूद रहे।

# रानी रेवती देवी विद्यालय के वार्षिकोत्सव का आयोजन

■ वार्षिक परीक्षाफल एवं सम्मान समारोह भी आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** विद्या भारती से संबद्ध काशी प्रांत के रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज, राजापुर प्रयागराज के प्रांगण में 41वां वार्षिकोत्सव एवं परीक्षाफल वितरण तथा सम्मान समारोह प्रधानाचार्य बांके बिहारी पाण्डेय के मार्गदर्शन में दो चरणों में धूमधाम से संपन्न हुआ।

प्रथम चरण में अरुण से पंचम तक के छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि राज्य कर विभाग जीएसटी की उपायुक्त एवं विद्या भारती की पूर्व छात्रा गरिमा विक्रम सिंह, अध्यक्ष मलकियत सिंह बाजवा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्या भारती काशी प्रांत के प्रदेश निरीक्षक शेषधर द्विवेदी, रानी रेवती देवी के पूर्व छात्र डॉक्टर सुभाष कुमार यादव, रंगकर्मी शैलेश श्रीवास्तव, जगजीत कौर बाजवा, युवा समाज सेवी अजय केसरवानी एवं डॉक्टर विंध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी तथा कार्यक्रम के दूसरे चरण में विद्या भारती के पूर्व छात्रगणों उप जिलाधिकारी महाकुंभ प्रयागराज आशुतोष यादव मुख्य अतिथि, जिला पंचायत राज अधिकारी प्रयागराज रवि शंकर द्विवेदी अध्यक्ष एवं पूर्व छात्र वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा परिषद एवं कोषाध्यक्ष हिंदुस्तानी अकादमी दुर्गेश कुमार सिंह, निश्चय द्विवेदी, प्रख्यात कवि शिवम भगवती, सहित कई पूर्व छात्रों के कर कमलों द्वारा परीक्षा फल एवं पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संगीताचार्य एवं मीडिया प्रभारी मनोज गुप्ता तथा पायल जायसवाल के निर्देशन में भव्य एवं मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर खेल, संगीत, कला एवं विभिन्न प्रतियोगिताएं जो वर्ष भर शिक्षणेत्तर क्रियाकलापों के अंतर्गत संपन्न हुए थे उन प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। संगीत एवं कला के प्रतिभागियों को जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी की ओर से स्मृति चिन्ह एवं परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले समस्त छात्र-छात्राओं वरिष्ठ अधिवक्ता के.एन. कुमार द्वारा हकीम रामचंद्र चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से नगद पुरस्कार देकर तथा सर्वाधिक उपस्थिति, आदर्श छात्र/ छात्रा, आदर्श अभिभावक, एवं मातृ भारती की बहनों को भी सम्मानित किया गया। अतिथियों का स्वागत एवं आभार ज्ञापन करते हुए प्रधानाचार्य बांके बिहारी पाण्डेय ने बताया कि मेरा प्रयास था कि इस बार के कार्यक्रम में अपने विद्या भारती के पूर्व छात्र ही अतिथि के रूप में शोभायमान हो जो कि आज उच्च पदों पर विराजमान है।

### राष्ट्रीय अण्डर-19 फुटबाल टीम की कोच बनीं निशा सिंह तोमर



**उन्नाव।** स्कूल नेशनल गेम्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयी फुटबॉल अंडर 19 बालिका प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 21 अप्रैल इंफाल मणिपुर में किया जा रहा है जिसमें राष्ट्रीय टीम की कोच निशा सिंह तोमर बनी। टीम 11 तारीख को अयोध्या क्रीड़ा संस्थान से रवाना होगी। वर्ष 2024 को भी पंजाब में आयोजित हुई 67वीं राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में निशा सिंह तोमर कोच बनी थी। 2025 में विदिशा मध्य प्रदेश में ताइक्कांडो राष्ट्रीय टीम की कोच बनकर राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व किया था। निशा स्वयं राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी रही है वर्तमान में कम्पोजिट विद्यालय नारायणपुर सुमेरपुर में जिला व्यायाम शिक्षिका के पद पर तैनात हैं।

### अभियान चला 112 ई-रिक्शा का चालन, 32 सीज



**उन्नाव।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में अपंजीकृत एवं अवैध रुप से संचालित ई-रिक्शा के विरुद्ध 30 अप्रैल तक चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत जनपद में बिना लाइसेंस, बिना चेसिस नम्बर तथा बिना फिटनेस वाले कुल 182 ई-रिक्शा चेक किया गया। इस मौके पर एआरटीओ प्रवर्तन श्रीमती प्रतिभा गौतम तथा यातायात प्रभारी सुनील कुमार सिंह मय टीम मौजूद रहे। जनपद के थानों द्वारा भी स्थानीय स्तर पर ई0रिक्शा का सत्यापन किया जा रहा है। 154 ई0रिक्शा का सत्यापन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अवैध रूप से संचालित वाहनों से यातायात में उत्पन्न अवरोध एवं सड़क दुर्घटनाओं को रोकना है। इसके अतिरिक्त विभिन्न यातायात नियमों के उल्लंघन पर जनपद में विशेष अभियान चलाकर कुल 112 वाहनों का चालान किया गया तथा 32 ई-रिक्शा को सीज किया गया।

### देवी मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रमों का दौर जारी



**ललितपुर।** जनपद में मां दुर्गा के रूपों में की आराधना करने वालों में नवरात्रि पर्व को लेकर काफी उत्साह नजर आ रहा है। कोई नंगे पांव तो मंदिरों में जाकर सेवा कर रहे हैं तो कई खुद को निर्जल व्रत रखे हुए हैं। चैत्र नवरात्रि की पंचमी का विशेष महत्व होता है। इस दिन माता मंदिरों में श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पूजा अर्चना की। तालाबपुरा स्थित मां बीजासेन माता मंदिर पर विशेष आरती और महाप्रसाद का वितरण किया गया। मंदिरों में घंटा घंटियां के साथ माता रानी के जयकारे गूंज उठे भक्तों द्वारा मां बीजासेन को चुनरी पोशाक, फल, फूल, रोली, सिंदुर व चूड़ी अर्पित कर मनवांछित फल की कामना की। सायंकालीन आरती के उपरांत मंदिरों में महिलाओं द्वारा विशेष भजन कीर्तन किए गए। महिलाओं द्वारा मंदिर में रोली महावर की सुहाग की लंबी आयु की कामना की। मंदिर में उपस्थित पुजारी प्रकाश पंडा चरण सेवक उमेश गोस्वामी, अरविंद कुमार संज्ञा, रज्जन चौबे, पंकज कुमार रायकवार पत्रकार, अमित राठौर, महेंद्र सोनी, अनिल गिरी, राहुल सोनी, टिक्कू सोनी, आशु चतुर्वेदी, अशोक सोनी, लल्लू, तरुण रैकवार, विकास, वरुण, विशाल, अरुण, ऋषि आदि मौजूद रहे।

## भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की घर घर जा कर जानकारी दी

**चन्दौसी (संभल)** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 8 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 8 साल बेमिसाल अभियान चन्दौसी नगर के शक्तिकेन्द्र संभल गेट पर चलाया गया। कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही पत्रक भी वितरित किए। मंडल अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने बताया कि पिछले 8 वर्षों में सरकार ने गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए कई योजनाएं चलाई हैं। अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने सरकार की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अभियान में भाजपा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से लोगोंमें उत्साह देखा गया। शक्ति केंद्र संयोजक अमन कोली ने बताया कि योगी सरकार की छात्रवृत्ति योजना ने 8 वर्षों में बदली लाखों छात्रों की तकदीर,छात्रवृत्ति वितरण में पारदर्शिता से लाखों छात्रों को मिला लाभ,गरीब छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए योजनाओं में योगी सरकार ने किए निरंतर सुधार ,अनुसूचित जाति और सामान्य वर्ग के छात्रों को मिली 14,000 करोड़ रुपये से अधिक की मदद की गई है।

# सीओ सदर ने भारी पुलिस बल के साथ किया रूट मार्च

■ संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें: सीओ

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** संसद मे बक्फ बिल पास होने के बाद किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में सीओ सदर कमलेश कुमार द्वारा भारी पुलिस बल के साथ नगर में रूट मार्च निकाला गया। इस दौरान उन्होंने आम जनता से शांति बनाए रखने की अपील की और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

गुरूवार को सीओ सदर कमलेश कुमार ने भारी पुलिस बल के साथ नगर के जीटीरोड, तिर्वारोड, रेलवे रोड, फतेहगढ रोड सहित अन्य प्रमुख मार्गों पर रूट मार्च के दौरान नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होनें कहा कि क्षेत्र में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने, भड़काऊ बयान देने या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखी जा रही है, ताकि गलत सूचनाएं फैलने से रोकी जा सकें। उन्होनें जनता से अपील करते हुये कहा कि जनता से किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की है। यदि कोई गलत सूचना फैलाता है, तो तुरंत पुलिस पुलिस को इसकी जानकारी दें। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे, निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी, शैलेन्द्र सिंह, कस्वा प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह, उपनरीक्षक राजेश प्रताप सिंह, देवी चरण साहू, रावेन्द्र सिंह, मोहन लाल, प्रदीप कुमार, सुनील चौधरी सहित तमाम पुलिस बल रहा।

## बांके बिहारी के भक्त बिना झंझट कर सकेंगे दर्शन

**वृन्दावन (मथुरा)** । भगवान श्री कृष्ण की नगरी मथुरा में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए उत्तर प्रदेश सरकार एक बड़ी सौगात देने जा रही है, ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने 35.54 करोड़ रुपए की लागत के साथ एडवांस टूरिस्ट फैसिलिटी कार पार्किंग के निर्माण का फैसला लिया है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह का कहना है कि इस पार्किंग सुविधा का उद्देश्य बांके बिहारी मंदिर के साथ-साथ मथुरा-वृंदावन में बढ़ती यातायात समस्या को दूर करना है और पर्यटकों को हाई लेवल पर सुविधाएं उपलब्ध करानी है। उनका कहना है कि ये आधुनिक पार्किंग सुविधा वृंदावन के राजपुर बांगर क्षेत्र में विकसित होंगी। चलिए जानते हैं कहां-कहां दी जाएंगी ये सुविधाएं।

ग्राउंड फ्लोर पर बसों की पार्किंग की खास व्यवस्था की जाएगी, जबकि पहले से चौथे फ्लोर तक कारों के लिए पर्याप्त पार्किंग की जगह उपलब्ध होगी। इस योजना के पूरा होने से श्रद्धालुओं को वाहन पार्किंग में होने वाली परेशानी से भी मुक्ति मिलेगी और वृंदावन की सड़कों पर यातायात भी सुगम होगी।

# बृजवासी गटक गए 750 करोड़ की शराब

अवधनामा संवाददाता

■ इस बार 78 करोड़ की अधिक बिक्री हुई शराब

■ जिला तस्करी की शराब पकड़ने में पिछड़ा

**मथुरा।** योगीराज भगवान श्री कृष्ण की जन्म और क्रीडा स्थली जहां के बारे में पुराणों में लिखा है कभी दूध और दही की नदियां बहा करती थी आज इस ब्रज नगरी मथुरा में मदिरा का समुद्री सैलाब किलोल मार रहा है । विगत वित्तीय वर्ष 2024 - 25 में अकेले मथुरा में 750 करोड रुपए की शराब को बृजवासी गटक गए हैं । जो पिछले वर्ष की अपेक्षा 78 करोड़ अधिक है इससे यह लगता है वर्ष दर वर्ष शराबियों की संख्या में अणुव्रत बढ़ोतरी हो रही है।

इस संबंध में समाचार पत्र प्रतिनिधि ने जिला आबकारी अधिकारी उपेंद्र सिंह से पूछा गया तो उन्होंने बताया विगत वित्तीय वर्ष 2024 - 25 जनपद की आबकारी विभाग के द्वारा संचालित अधिकृत शराब की दुकानों से 750 करोड रुपए की शराब बिक्री से राजस्व प्राप्त हुआ है जो वित्तीय वर्ष 2023 - 24 की अपेक्षा 78 करोड़ अधिक है ।

श्री सिंह ने बताया वर्तमान वित्तीय वर्ष मैं व्यवस्थापन आदि कार्यो से 107 करोड़ रूपया मथुरा जनपद से आबकारी विभाग को राजस्व के रूप में मिला है जो पिछली बार की अपेक्षा काफी अधिक है।

आबकारी अधिकारी ने बताया विगत विश्व वित्तीय वर्ष के दौरान तस्करी के मामले 637 पकड़े गए जब के पिछले वर्ष कल 588 मामले पकड़े गए थे तस्करों से पकड़ी गई शराब की कीमत भी सैकड़ो करोड़ में है इस वर्ष पिछले वर्ष की अपेक्षा शराब कम बरामद हुई है आबकारी विभाग ने पुलिस के सहयोग से 29 वाहन बरामद किए गए हैं जो शराब तस्करी में पकड़े गए हैं जबकि पिछली वर्ष कल 23 वाहन ही पकड़े गए थे इस बार 148 लोगों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर जेल भेजा गया था।

आबकारी अधिकारी उपेंद्र सिंह ने बताया मथुरा जनपद की सीमा हरियाणा और राजस्थान से जुड़ी हुई है हरियाणा से देश के विभिन्न भागों में तस्करी की माध्यम से शराब भेजी जाती है जो हमारे जिले से होकर गुजरती है यह हमारे विभाग के लिए बड़ी समस्या है सीमित संसाधनों के के बाबजुद आबकारी विभाग और पुलिस के सामंजस्य से तस्करी की शराब पर अंकुश लगाकर तस्करों की नकल डालने का काम अनवरत जारी है और आगे भी रहेगा।

## डीपीआरओ किरन चौधरी को हाईकोर्ट से राहत

**मथुरा।** आखिर कार दो माह बाद जिला पंचायत राज अधिकारी किरन चौधरी को हाईकोर्ट से आज राहत मिल गई। सीबीआई कोर्ट से उनकी जमानत याचिका खारिज होने के बाद उन्होंने अपने अधिवक्ता के यहां इलाहबाद हाईकोर्ट में जमानत अर्जी लगाई थी। जिस पर आज हाईकोर्ट ने अपना निर्णय सुनाते हुए उन्हें जमानत दे दी है। बतादें कि जनपद में साढ़े तीन साल से तैनात चल रहीं जिला पंचायत राज अधिकारी पीसीएस किरण चौधरी को लखनऊ व आगरा से आई विजिलेंस टीम ने ग्राम झुड़ावई के प्रधान की शिकायत पर 70 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ चार फरवरी 2025को गिरफ्तार किया था। मुख्यालय से चार गाड़ियों में आई विजिलेंस टीम ने कार्रवाई के दौरान टीम ने उनके इंद्रप्रस्थ कालोनी स्थित घर को पूरी तरह घेर लिया था। उसके बाद इस प्रकरण से संबंधित फाइल को उनके कार्यालय से जब्त किया गया।

# पंजाब किंग्स धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में सात दिन करेगी नेट प्रैक्टिस



**धर्मशाला।** पंजाब की टीम अपने दूसरे होम ग्राउंड अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में 4 मई को लखनऊ के साथ होने वाले मैच के लिए पहली मई को पहुंच जाएगी। दो दिन धर्मशाला में अभ्यास करने के बाद 4 मई को पंजाब की टीम आईपीएल का मैच खेलेगी। आईपीएल सीजन-2025 में होने वाले आईपीएल मैचों के दौरान पंजाब किंग्स की टीम 11 दिन धर्मशाला में ठहरेगी। इस दौरान तीन मैच खेलेगी और मैचों के बीच सात दिन अभ्यास कर मैदान और पिच के मिजाज को भी जानेगी। पंजाब की टीम अपने दूसरे होम ग्राउंड अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में 4 मई को लखनऊ के साथ होने वाले मैच के लिए पहली मई को पहुंच जाएगी। दो दिन धर्मशाला में अभ्यास करने के बाद 4 मई को पंजाब की टीम आईपीएल का मैच खेलेगी। लखनऊ की टीम 4 मई को होने वाले मैच से दो दिन पूर्व ही धर्मशाला आएगी। धर्मशाला में पंजाब किंग्स से मुकाबले से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम 27 अप्रैल को मुंबई में मुंबई से मैच खेलेगी। इसके बाद वह कुछ दिन आराम करने के बाद दो मई को धर्मशाला आएगी। 3 मई को अभ्यास करने के बाद लखनऊ की टीम 4 मई को मैच खेलेगी। दिल्ली कैपिटल्स की टीम 6 मई को धर्मशाला आएगी, जो 7 मई को अभ्यास करने के बाद 8 मई को मैच खेलेगी। इसके अलावा 11 मई को होने वाले मुकाबले के लिए मुंबई की 8 या 9 मई को धर्मशाला पहुंचेगी। इसके बाद अभ्यास करने के बाद 11 मई को मैच खेलेगी। एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने कहा कि धर्मशाला में होने वाले आईपीएल मैचों के लिए पंजाब की टीम सबसे पहले आएगी। टीम 11 दिन धर्मशाला में रुकेगी। अभी टीमों के अभ्यास का शेड्यूल जारी नहीं हुआ है। उम्मीद है कि मैचों के बीच पंजाब की टीम सात दिन अभ्यास करेगी। बाकी टीमें एक या दो दिन अभ्यास के बाद मैच खेलेंगी।

# भारत दूसरे संयुक्त राष्ट्र खेलों का सह आयोजक, योग और शतरंज में करेगा अगुआई

**सहयोग**

**हरीश ने कह कि संयुक्त राष्ट्र खेल एकता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की भावना का उत्सव है।**



**नई दिल्ली।** हरीश ने कह कि संयुक्त राष्ट्र खेल एकता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की भावना का उत्सव है। संयुक्त राष्ट्र खेल अप्रैल-मई 2025 में आयोजित किए जाएंगे।भारत खेलों के माध्यम से कूटनीति और सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे दूसरे संयुक्त राष्ट्र खेलों का सह आयोजक है जिसमें वह योग और शतरंज जैसे खेलों में अगुवाई करेगा। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथनेनी हरीश ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दूसरे संयुक्त राष्ट्र खेलों के उद्घाटन समारोह का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। सह आयोजक के रूप में, भारत शतरंज और योग में अग्रणी भूमिका निभाएगा। हरीश ने कह कि संयुक्त राष्ट्र खेल एकता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की भावना का उत्सव है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि अगली बार इन खेलों में क्रिकेट को भी शामिल किया जाएगा मैं सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देता हूं। भारतीय टीम को अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं। संयुक्त राष्ट्र खेल अप्रैल-मई 2025 में आयोजित किए जाएंगे। योग नौ अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में नॉर्थ लॉन के रोज़ गार्डन में, जबकि शतरंज भी उसी दिन नॉर्थ लॉन के ओलंपिक कॉर्नर में आयोजित किया जाएगा। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 21 जून, 2023 को नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशाल नॉर्थ लॉन में एक ऐतिहासिक योग सत्र का नेतृत्व किया था। हरीश ने कहा कि हालांकि हर कोई सक्रिय खिलाड़ी नहीं हो सकता है, लेकिन राजनयिक समुदाय के अधिकतर सदस्य उत्साही प्रशंसक हैं। लोग अलग-अलग टीमों के समर्थक हो सकते हैं, लेकिन खेल उन्हें एकजुट करते हैं। उन्होंने कहा कि एक अरब से अधिक भारतीयों की तरह वह भी क्रिकेट प्रेमी हैं और उम्मीद जताई के अगली बार संयुक्त राष्ट्र खेलों में क्रिकेट भी शामिल होगा। हरीश ने कहा कि योग और शतरंज में आगे बढ़ना भारत के लिए सौभाग्य की बात है, जैसा कि पिछले साल हुआ था। उन्होंने कहा, 2014 में रिकॉर्ड संख्या में सदस्य देशों के सह-प्रायोजन के साथ 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित करने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अपनाने के बाद से, योग दुनिया भर में लाखों लोगों के लिए जीवन का एक तरीका बन गया है। हरीश ने कहा, जहां तक शतरंज का सवाल है तो भारत ने सदियों पहले इस खेल को अपना दिया था। वर्तमान समय में शतरंज की दुनिया में भारत के युवा खिलाड़ियों का दबदबा है जो रिकॉर्ड तोड़कर और वैश्विक चैंपियनशिप जीतकर इतिहास रच रहे हैं।

## एटलेटिको को हराकर बार्सिलोना फाइनल में, चिर प्रतिद्वंद्वी रियल मैड्रिड से होगा खिताबी मुकाबला



**मैड्रिड।** बार्सिलोना की तरफ से फेरान टोरेस ने पहले हाफ में गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इससे पहले इन दोनों टीमों के बीच फरवरी में खेला गया सेमीफाइनल के पहले लेग का खेल 4-4 से बराबर रहा था। स्पेन के दिग्गज फुटबॉल क्लब बार्सिलोना ने बुधवार को एटलेटिको मैड्रिड को कोपा डेल रे टूर्नामेंट के सेमीफाइनल के दूसरे लेग में 1-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। खिताबी मुकाबले में अब उसका सामना अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियल मैड्रिड से होगा। बार्सिलोना की तरफ से फेरान टोरेस ने पहले हाफ में गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इससे पहले इन दोनों टीमों के बीच फरवरी में खेला गया सेमीफाइनल के पहले लेग का खेल 4-4 से बराबर रहा था। इस तरह से बार्सिलोना ने कुल मिलाकर 5-4 से जीत दर्ज करके फाइनल में जगह बनाई। यह पिछले चार सत्र में पहला अवसर है जब बार्सिलोना इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है। रियल मैड्रिड ने मंगलवार को अतिरिक्त समय तक चले मैच में रियल सोसिदाद को 5-4 के कुल स्कोर से पराजित करके फाइनल में जगह बनाई थी। इन दोनों टीमों के बीच 2013-14 सत्र के बाद पहली बार फाइनल खेला जाएगा। तब रियल मैड्रिड ने खिताब जीता था।

# भारत में खेलेंगे रिवाल्डो-फिगो और जावी-पेपे, मैच के लिए रियल मैड्रिड-बार्सिलोना की टीम घोषित

**मुकाबला**

**पुयोल ने जारी विज्ञप्ति में कहा, लीजेंड्स फेसऑफ अपनी तरह का विशेष मुकाबला होगा। मैं पहली बार भारत में खेलने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं।**



**मुंबई।** कार्लोस पुयोल इस लीजेंड्स फेसऑफ फुटबॉल मैच में लुई फिगो की रियाल मैड्रिड के खिलाफ एफसी बार्सिलोना का नेतृत्व करेंगे। दुनियाभर में फुटबॉल का क्रेज है। भारत में भी इसके फैंस कम नहीं हैं। जब फीफा विश्व कप या फिर यूरो कप या फिर कोपा अमेरिका जैसे टूर्नामेंट्स खेले जाते हैं तो भारतीय फैंस में इसकी खूब दिवानगी देखी जाती है। इसके अलावा यूएफा चैंपियंस लीग, बुंदेसलिगा, लीग-1, ला लिगा जैसे कई लीग टूर्नामेंट्स को भी भारतीय फैंस रुचि के साथ देखते हैं। इसी कड़ी में भारतीय फैंस का एक सपना सच होने जा रहा है। वह रविवार को रिवाल्डो, कार्लोस पुयोल, लुई फिगो, पेपे और जावी जैसे फुटबॉल के दिग्गजों को अपने आंखों के सामने खेलते देख पाएंगे। ये सभी रियल मैड्रिड और बार्सिलोना के बीच मुकाबला खेलने भारत आ रहे हैं। यह मैच मुंबई में खेला जाएगा। जी हां, अपनी तरह के इस विशेष मुकाबले में स्पैनिश लीग के दो चिर प्रतिद्वंद्वी एफसी बार्सिलोना और रियाल मैड्रिड डीवाई पाटिल स्टेडियम में आमने-सामने होंगे। कार्लोस पुयोल इस लीजेंड्स फेसऑफ फुटबॉल मैच में लुई फिगो की रियाल मैड्रिड के खिलाफ एफसी बार्सिलोना का नेतृत्व करेंगे। द स्पोर्ट्स फ्रंट इस मैच का आयोजक है। इसके लिए दोनों ही टीमों ने बुधवार को टीम घोषित कर दी। पुयोल ने जारी विज्ञप्ति में कहा, लीजेंड्स फेसऑफ अपनी तरह का विशेष मुकाबला होगा। मैं पहली बार भारत में खेलने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं। यहां प्रशंसकों का जुनून अविश्वसनीय है, और मैं इसे प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। वहीं, फिगो ने कहा, भारत में फुटबॉल के प्रति लगाव हर दिन बढ़ रहा है और इन दोनों टीम के बीच की प्रतिद्वंद्विता को मुंबई के प्रशंसकों के सामने लाना सौभाग्य की बात है। यह एक यादगार मैच होगा। रियल मैड्रिड लीजेंड्सः लुई फिगो (कप्तान), पेड्रो कॉन्ट्रेरास, किको कैसिला, फ्रांसिस्को पावोन, फर्नांडो सान्ज, अगस्टिन गार्सिया, पेड्रो मुनिटिस, रूबेन डे ला रेड, एंटोनियो करेम्बेउ, फर्नांडो ओरिएंटेस, पेपे, माइकल ओवेन।

## पंजाबी आ गए ओए... किंग्स और रॉयल्स के बीच मुकाबले से पहले हाउस फुल, मुल्लांपुर में बरसेंगे चौके-छक्के



**चंडीगढ़।** मोहाली के मुल्लांपुर क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच पांच अप्रैल को मुकाबला खेला जाएगा। इस मुकाबले के लिए हाउस फुल हो गया है। क्योंकि मैच की सारी टिकट बिक चुकी हैं। लगातार दो मुकाबले जीतने के बाद पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों के हौसले बुलंद हैं। अब किंग्स की बारी अपने होम ग्राउंड पीसीए स्टेडियम मुल्लांपुर में दहाड़ने की है। यहां पर पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच 5 अप्रैल को मुकाबला होगा। पंजाब किंग्स ने पहले मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 74 रन से हराया। वहीं, मंगलवार को दूसरे मुकाबले में लखनऊ सुपर जायट्स को आठ विकेट से हराकर जलवा दिखा दिया। पंजाब किंग्स की टीम बुधवार देर शाम शहर पहुंच गई। वीरवार को टीम मुल्लांपुर स्टेडियम में अभ्यास सत्र में हिस्सा लेगी। वहीं, राजस्थान की टीम वीरवार को शहर पहुंच जाएगी और दोनों टीमें अभ्यास सत्र में हिस्सा लेंगी। पंजाब किंग्स ने 18वें सीजन के लिए इस बार नए कप्तान और नए कोच का दामन थामा है। कप्तान के तौर पर श्रेयस अय्यर हेड कोच के तार पर रिकी पोटिंग ने मोर्चा संभाला है। श्रेयस अय्यर टीम प्रबंधन के फैसले पर खरे उतर है।

## शिखर पहाड़िया का बर्थडे मनाने निकली कपूर फैमिली? खुशी कपूर के साथ नजर आए वेदांग भी

**मुंबई।** जान्हवी कपूर को उनकी बहन खुशी और पिता बोनी कपूर के साथ एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। कथित तौर पर कपूर फैमिली जान्हवी के रूमर्ड बॉयफ्रेंड शिखर के जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने जामनगर पहुंचे हैं। जान्हवी कपूर, उनकी बहन खुशी कपूर और उनके पिता बोनी कपूर कथित तौर पर अभिनेत्री के रूमर्ड बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया का जन्मदिन मनाने के लिए जामनगर रवाना हुए। खुशी कपूर के साथ उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड अभिनेता वेदांग रैना भी नजर आए। कपूर परिवार को जामनगर एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। वहीं, एक अन्य वीडियो में खुशी कपूर को वेदांग के साथ देखा गया।

## सिकंदर से लोगों को याद आ रहे सलमान खान के अच्छे काम, बच्ची को दान किया था अपना बोन मैरो



**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म सिकंदर भले ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई नहीं कर पा रही हो, लेकिन सलमान खान ने जो लोगों की मदद की है इसके लिए उनके फैंस उन्हें खूब याद कर रहे हैं। आइए जानते हैं कि हाल ही में सलमान खान ने कौन से अच्छे काम किए हैं।

खान इन दिनों अपनी फिल्म सिकंदर को लेकर चर्चा में हैं। उनकी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कमाल नहीं कर पा रही है। ऐसे में सलमान खान के फैंस उनके दूसरे कामों की तारीफ कर रहे हैं। सलमान खान लोगों की मदद करने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अलग-अलग तरह से कई लोगों की मदद की है। उन्होंने कभी नहीं बताया कि उन्होंने कितने लोगों की मदद की है। लेकिन उनके करीबी उनके अच्छे कामों की बात करते रहते हैं। आइए जानते हैं सलमान खान ने हाल ही में कौन से अच्छे काम किए हैं। कोरोना काल ने कई लोगों को परेशान किया। ऐसे में दिहाड़ी मजदूरों के लिए सलमान खान मसीहा बनकर आए थे। सलमान खान ने 2021 में 25 हजार दिहाड़ी मजदूरों की मदद की थी। उन्होंने सबके अकाउंट में 1500-1500 रुपये भेजे थे। इस बात की तस्दीक फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज के जनरल सेक्रेटरी अशोक दुबे ने की थी। साल 2016 में महाराष्ट्र में सूखा पड़ा था। महाराष्ट्र का इलाका जलगांव बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ था। एम9 न्यूज के मुताबिक सलमान खान ने सूखा प्रभावित इलाके के लिए 2.5 करोड़ रुपये दान किए थे। उन्होंने जलगांव में मरीजों के लिए ये रकम दान की थी। अभिनेता सलमान खान कई मौकों पर लोगों की मदद करते हैं। उन्होंने कश्मीर बाढ़ के लिए 50 लाख रुपये दान किए थे। न्यूज एजेंसी एएनआई ने एक मीडिया हाउस के हवाले से साल 2014 में लिखा था कि सलमान खान ने जम्मू-कश्मीर में बाढ़ पीड़ितों के राहत और पुनर्वास के लिए ये रकम दान की थी।

बॉलीवुड में सबसे महंगे एक्टर्स में शामिल सलमान खान ने एक लड़की को बचाने के लिए अपना बोन मैरो दान किया था। मनी कंट्रोल ने अपनी एक खबर में लिखा कि सलमान खान ने 2010 में पूजा नाम की लड़की के लिए ये नेक काम किया।

# अजय देवगन को भा गया 'केसरी 2' का ट्रेलर, यूजर्स बोले, 'अक्षय कुमार लेकर आए हैं मास्टरपीस'



**मुंबई।** अक्षय कुमार की आने वाले फिल्म 'केसरी 2' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म का ट्रेलर देखकर दर्शकों के रोंगटे खड़े हो गए हैं। ट्रेलर में बोले गए अक्षय के कई डायलॉग्स भी सोशल मीडिया यूजर्स को पसंद आए हैं। जानिए, फिल्म 'केसरी 2' के ट्रेलर पर किस-किस तरह के रिएक्शन यूजर्स ने दिए। अक्षय कुमार, आर माधवन और अनन्या पांडे अभिनीत फिल्म 'केसरी 2' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म की कहानी जलियांवाला बाग हत्याकांड पर आधारित है। इसमें अक्षय कुमार ने वकील शंकरन नायर की भूमिका निभाई है। जलियांवाला बाग में हुए नरसंहार के लिए जिम्मेदार ब्रिटिश अधिकारी रेजिनाल्ड एडवर्ड हैरी डायर को कोर्ट में सजा दिलाने की नायर ठान लेते हैं। फिल्म 'केसरी 2' के ट्रेलर को देखकर दर्शकों के रोंगटे खड़े हो गए। सोशल मीडिया यूजर्स ने इस ट्रेलर की खूब तारीफ की है। साथ ही अभिनेता अजय देवगन ने भी फिल्म को सराहा है।

फिल्म 'केसरी 2' का ट्रेलर देखकर कई सोशल मीडिया यूजर्स अक्षय कुमार की तारीफ करते नहीं थके। एक यूजर ने लिखा, 'यह बिल्कुल भी बॉलीवुड फिल्म नहीं लगती है। फिल्म के किरदार बहुत ही कमाल के हैं। साथ ही शंकरन नायर की भूमिका में अक्षय से बेहतर कलाकार कोई हो नहीं सकता था। अच्छा लगा कि बॉलीवुड ने अपनी गलतियों से सीखा है और खुद को बेहतर बनाने पर काम किया है।' एक यूजर ने लिखा, 'अक्षय कुमार एक मास्टरपीस फिल्म लेकर आए हैं।' कई यूजर्स ने इस फिल्म को अक्षय कुमार का कमबैक तक कह दिया।

अजय देवगन ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर 'केसरी 2' का ट्रेलर साझा किया है। साथ ही एक खास मैसेज भी लिखा है। अजय देवगन लिखते हैं, 'भगत सिंह की लड़ाई, संघर्ष सड़क पर था, ये लड़ाई कोर्ट रूम में है। इन दोनों ही चीजों ने इतिहास को बदल दिया। 'केसरी 2' के लिए मेरे दोस्त अक्षय कुमार और पूरी टीम को बधाई।' इस तरह अजय देवगन ने भी फिल्म 'केसरी 2' को सराहा है।

# पांच साल की हुई फुलेरा वाली 'पंचायत'



**मुंबई।** प्राइम वीडियो के सबसे पसंदीदा शो में से एक 'पंचायत' की रिलीज के पांच साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर मेकर्स ने सीरीज के अगले सीजन को लेकर एक बड़ा एलान कर दिया है। जानिए क्या है वो बड़ी अपडेट। 'देख रहा है बिनोद', 'पंचायत' के चाहने वालों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। जी हां, अगर आप भी प्राइम वीडियो की सीरीज पंचायत के फैन हैं तो आपके लिए भी एक बड़ी खुशखबरी है। पंचायत के पहले सीजन को रिलीज हुए पांच साल हो गए हैं। अब आप सोच रहे होंगे कि इसमें क्या बड़ी बात है, जिस पर खुश हुआ जाए। तो खुशखबरी ये है कि पांच साल पूरे होने के मौके पर मेकर्स ने पंचायत के अगले सीजन की रिलीज डेट का भी एलान कर दिया है। सही सुना आपने, पंचायत का नया सीजन इसी साल आ रहा है। 2020 में शुरू हुई ये पसंदीदा सीरीज आज अपने पांच साल पूरे कर चुकी है। इस खुशी में मेकर्स ने अपने प्रशंसकों को तोहफा देते हुए 'पंचायत सीजन 4' की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है। मेकर्स की ओर से पांच साल पूरे होने पर एक मजेदार वीडियो इंस्टाग्राम पर साझा किया गया है। इस वीडियो में ही मेकर्स ने पंचायत के पांच साल पूरे होने और अगले सीजन की रिलीज डेट का एलान किया है। इस वीडियो में सीरीज के कुछ फेमस डायलॉग और किरदार भी नजर आ रहे हैं। इसमें सचिव जी, भूषण और बिनोद दिखाई पड़ते हैं। वीडियो में भूषण बिनोद से कहता है कि देख रहा है बिनोद पांच साल में सचिव जी कुछ करे ही नहीं। अब इन्हें वायरल करेंगे। जिसके बाद सचिव जी बाकी सबसे पूछते हैं कि तुमने पांच साल में क्या किया? फिर वो कहते हैं कि अरे हमे लगा आप लोग खुश होंगे क्योंकि हम पंचायत का नया सीजन इसी साल ला रहे हैं। जिसके बाद सब उत्साहित हो जाते हैं और बाद में पता चलता है कि सीरीज का अगला सीजन 2 जुलाई को रिलीज हो रहा है। पंचायत के अब तक तीन सीजन आ चुके हैं और तीनों सीजन को दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया गया है। इन तीनों सीजन में सीरीज की कहानी को आगे बढ़ाया गया है। तो वहीं सीरीज के किरदार भी सेम ही रहे हैं। पंचायत का सीजन 3 पिछले साल 28 मई को रिलीज हुआ था। अब मेकर्स ने एक साल के बाद ही सीरीज के अगले सीजन का भी एलान कर दिया है। जिससे 'पंचायत' के फैंस काफी उत्साहित हो गए हैं। पंचायत में फुलेरा नाम के एक गांव की कहानी दिखाई गई है। जिसमें एक सचिव है, प्रधान है, प्रधान पति है, उप प्रधान है और सचिव का सहायक है। जबकि दूसरी ओर एक व्यक्ति है जो प्रधानी का चुनाव लड़ना चाहता है और सचिव व प्रधान से नाराज रहता है। सीरीज में बहुत ही खूबसूरती से एक गांव को दिखाया गया है। वहां का रहन-सहन और वहां की बोली सबकुछ काफी वास्तविक लगती है। यही कारण है कि इस सीरीज को दर्शकों ने काफी पसंद किया है और क्रिटिक्स ने भी बहुत सराहा है। इसकी लोकप्रियता का ही नतीजा है कि इस सीरीज को कई अवॉर्ड भी मिले हैं। इसी साल हुए आईफा में भी में पंचायत के सीजन 3 का जलवा देखने को मिला था। जहां बेस्ट एक्टर और निर्देशक समेत तीन अवॉर्ड सीरीज ने अपने नाम किए।

## करीना कपूर की बोटॉक्स से तौबा, खुद को फिट और खूबसूरत रखने के लिए करती हैं ये काम



**नई दिल्ली।** अभिनेत्री करीना कपूर ने हाल ही में खुद को स्वस्थ और खूबसूरत रखने के लिए क्या करती हैं, इस पर चर्चा की। उन्होंने यह भी बताया कि वह बोटॉक्स से दूर रहती हैं। फिल्म इंडस्ट्री में सर्जरी करवाकर जवान और खूबसूरत दिखना अब आम सी बात हो गई है। कई सारी अभिनेत्रियों ने अपनी सर्जरी करवाई है और कईयों को लेकर अफवाह भी है। हालांकि, कुछ अभिनेत्रियां इससे खुद को दूर ही रखती हैं। उनमें से एक हैं करीना कपूर। अभिनेत्री के पास बोटॉक्स से दूर रहने के अपने तरीके और तरकीबें हैं। बुधवार को करीना कपूर ने एक इवेंट में हिस्सा लिया। इवेंट में अभिनेत्री ने अपनी उम्र को स्वीकार करने और ऐसी प्रक्रियाओं पर निर्भर हुए बिना अपनी त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाए रखने के लिए अपनी खुद की रणनीतियों के बारे में बात की। अपने जीवन के अंतिम वर्षों में अभिनेत्री ने फिट और स्वस्थ रहने की बात करते हुए कहा, इसके लिए मुझे मार्गदर्शन के अनुसार सही खाना चाहिए। मेरे लिए उम्र बढ़ना और जीवन यही है। मुझे यह पसंद है। मैं इसे अपना रही हूं, लेकिन मैं ये सभी खास चीजें कर रही हूं, जैसे घी खाना, खिचड़ी खाना, मांसपेशियों की मजबूती के लिए थोड़ी वेट ट्रेनिंग करना, थोड़ा टहलना, सूर्य नमस्कार करना, त्वचा उपचार और बोटोक्स के बजाय खुद पर थोड़ा काम करना।

दो बच्चों (तैमूर और जेह) की मां अभिनेत्री ने कहा कि उनका मानना है कि हर महिला को अपना जीवन जीना चाहिए क्योंकि आत्म-विश्वास ही सब कुछ है।

करीना कपूर के वर्क फ्रंट की बात करें तो करीना को साल 2024 में 'क्रू', 'द बकिंघम मर्डर्स' और 'सिंघम अगेन' में देखा गया है। तीनों में से आखिरी रोहित शेट्टी की 'सिघम अगेन' थी। इसमें अजय देवगन, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिकाओं में थे। वह अपनी अगली फिल्म के लिए निर्देशक मेघना गुलजार के साथ काम कर रही हैं।

## ऐश्वर्या राय-आराध्या बच्चन की तस्वीरों ने जीता फैंस का दिल, रिश्तेदार की शादी में हुए शामिल

**मुंबई।** हाल ही में ऐश्वर्या राय बच्चन को अपने एक रिश्तेदार की शादी में देखा गया। वह बेटी आराध्या और पति अभिषेक बच्चन के साथ नजर आईं। इस शादी से ऐश्वर्या और उनके परिवार की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई हैं। ये तस्वीरें ऐश्वर्या के फैंस को खूब पसंद आईं। देखिए, वो तस्वीरें। ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन को बेटी आराध्या के साथ एक शादी में देखा गया। यह शादी ऐश्वर्या राय के मामा के बेटे की बताई जा रही है। इस शादी से कई वीडियो और फोटो वायरल हो रहे हैं, जिन्हें ऐश्वर्या के फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। हाल ही में शादी की कुछ और तस्वीरें भी वायरल हुई हैं। इनमें ऐश्वर्या और आराध्या का लुक काफी कमाल का नजर आ रहा है। शादी की जो तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई हैं, उनमें ऐश्वर्या राय और आराध्या बच्चन लाल रंग की ट्रेडिशनल ड्रेस में दिख रही हैं।

# अलग हुए पति-पत्नी अपने अहंकार की संतुष्टि के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं, हाईकोर्ट की टिप्पणी

**खारिज**

**उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता महिला की याचिका खारिज करते हुए उस पर 5000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है।**



**मुंबई।** उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता महिला की याचिका खारिज करते हुए उस पर 5000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। पीठ ने कहा कि यह याचिका कानूनी प्रक्रिया का उल्लंघन है और इससे अदालत का कीमती समय बर्बाद हुआ है। बॉम्बे उच्च न्यायालय ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए एक अहम टिप्पणी की। पीठ ने कहा कि अलग हुए माता-पिता अपने अहंकार की संतुष्टि के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। पीठ ने एक महिला की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह बात कही। महिला ने अपने बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र में सिर्फ अपना नाम दर्ज कराने की मांग की थी। उच्च न्यायालय ने महिला की याचिका खारिज कर दी।

उच्च न्यायालय की औरंगाबाद पीठ के जस्टिस मंगेश पाटिल और जस्टिस वाई जी खोबरागड़े ने 28 मार्च को दिए आदेश में कहा कि परिजनों में से कोई भी अपने बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र को लेकर किसी अधिकार इस्तेमाल नहीं कर सकते। पीठ ने कहा कि ये याचिका इस बात का उदाहरण है कि वैवाहिक विवाद किस तरह से कई अन्य मुकदमों को जन्म देते हैं। उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता महिला की याचिका खारिज करते हुए उस पर 5000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। पीठ ने कहा कि यह याचिका कानूनी प्रक्रिया का उल्लंघन है और इससे अदालत का कीमती समय बर्बाद हुआ है। 38 वर्षीय महिला ने याचिका दायर कर उसके बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र सिर्फ उसके नाम पर जारी करने की मांग की थी। महिला ने कहा कि बच्चे का पिता बुरी आदतों का शिकार है और उसने कभी बच्चे की शक्ल भी नहीं देखी है। ऐसे में जन्म प्रमाण पत्र पर सिर्फ उसका नाम होना चाहिए। पीठ ने कहा कि पिता अगर बुरी आदतों का शिकार है तो भी महिला एकल परिजन होने का दावा नहीं कर सकती। उच्च न्यायालय ने कहा कि ये दिखाता है कि अलग हुए पति-पत्नी अपने अहं को संतुष्ट करने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं।

## न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक केस में 168 करोड़ की संपत्ति होगी कुर्क, कोर्ट ने पुलिस को दी अनुमति

**मुंबई।** न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक में कथित गबन के मामले में पांच आरोपियों की 167.85 करोड़ रुपये की 21 संपत्तियों को कुर्क किया जाएगा। मुंबई की एक अदालत ने पुलिस को कुर्की की मंजूरी दे दी है। मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) के एक अधिकारी ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 107 के तहत शहर में यह पहली ऐसी कार्रवाई होगी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच कर रही मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने बुधवार को मजिस्ट्रेट अदालत से मंजूरी मिलने के बाद कुर्की की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारी के अनुसार, जिन संपत्तियों को कुर्क किया जाना है, उनमें चारकोप में 150 करोड़ रुपये की एक झुग्गी पुनर्वास परियोजना भी शामिल है।

# सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों पर बैन हटाने से किया इनकार

**प्रदूषण**

**सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में पटाखों के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर लगे प्रतिबंध को हटाने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि लंबे समय से यहां वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर बना हुआ है।**



**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को दिल्ली-एनसीआर में पटाखों के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर लगाए गए प्रतिबंध में ढील देने से इनकार कर दिया और कहा कि वायु प्रदूषण का स्तर काफी समय से चिंताजनक बना हुआ है।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में पटाखों के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर लगे प्रतिबंध को हटाने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि लंबे समय से यहां वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर बना हुआ है। मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुइंया की बेंच ने कहा कि सड़कों पर काम करने वाले लोग सबसे ज्यादा प्रदूषण से प्रभावित होते हैं। हर किसी के पास अपने घर या कार्यस्थल पर वायु शुद्धिकरण यंत्र लगाने की सुविधा नहीं होती।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, पिछले छह महीनों में इस अदालत ने कई आदेश दिए हैं, जो दिखाते हैं कि दिल्ली में वायु प्रदूषण की स्थिति बहुत खराब रही है। संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत स्वास्थ्य का अधिकार हर नागरिक का हक है, जिसमें स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त वातावरण में जीने का अधिकार भी शामिल है।

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि जब तक यह साबित नहीं हो जाता कि ग्रीन पटाखों से बेहद कम प्रदूषण होता है, तब तक इस बैन पर दोबारा विचार करने का सवाल ही नहीं उठता। कोर्ट के अनुसार, दिल्ली में जो असाधारण स्थिति बनी हुई है, उसके चलते पटाखों पर रोक लगाना बिल्कुल जरूरी है। शीर्ष अदालत ने कहा कि समय-समय पर पारित आदेशों से यह संकेत मिलता है कि पटाखों के उपयोग पर निर्देश और प्रतिबंध दिल्ली में मौजूदा असाधारण स्थिति के मद्देनजर बहुत जरूरी थे।

## हैदराबाद विश्वविद्यालय के पास पेड़ों की कटाई पर रोक लागू रहेगी, सुप्रीम कोर्ट ने मांगी रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हैदराबाद यूनिवर्सिटी के नजदीक स्थित कांचा गाचाबाउली जंगल में 400 एकड़ जमीन पर पेड़ों की कटाई पर तेलंगाना उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार से रिपोर्ट मांगी है। सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय की सुनवाई पर कोई रोक नहीं लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तेलंगाना उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार को निर्देश दिया है कि वे कांचा गाचीबाउली जंगल में, जहां पेड़ काटे जा रहे हैं, उस जगह का दौरा करें और अपनी रिपोर्ट पेश करें। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को ही रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। हैदराबाद में हैदराबाद विश्वविद्यालय के पास 400 एकड़ जमीन को राज्य सरकार कथित तौर पर विकसित कर रही है। इसके लिए बड़े पैमाने पर पेड़ काटे जा रहे हैं। विश्वविद्यालय के छात्र इसे लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने बीते दिनों 3 अप्रैल तक पेड़ों की कटाई पर रोक लगा दी थी। गुरुवार को यह मामला सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के समक्ष आया। पीठ ने अपने निर्देश में कहा कि हम तेलंगाना उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) को निर्देश देते हैं कि वे कांचा गाचीबाउली जंगल में संबंधित जगह का दौरा करें, जहां पेड़ काटे जा रहे हैं।

# टैरिफ वॉर से भारत को कितना नुकसान, इस चुनौती से कैसे निपटेगा देश?




**अमेरिका।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत समेत अन्य देशों पर जवाबी टैरिफ लगाने का एलान कर दिया है। ट्रंप ने भारत से आयात होने वाली वस्तुओं पर 26 फीसदी शुल्क लगाने की घोषणा की है। कंबोडिया से आयातित वस्तुओं पर 49 फीसदी और चीन से आयात होने वाले सामान पर 34 फीसदी शुल्क लगाने का एलान किया गया है।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दो अप्रैल से पूरी दुनिया के देशों पर भारी टैरिफ वॉर थोप दिया है। इसमें कंबोडिया पर 49 प्रतिशत, मेडागास्कर पर 47 प्रतिशत, वियतनाम पर 46 प्रतिशत और थाईलैंड पर 36 प्रतिशत जैसी ऊंची दरें थोपी गई हैं तो ब्रिटेन, सिंगापुर, इजिप्ट, यूएई और न्यूजीलैंड जैसे अनेक देशों पर टैरिफ वॉर की सबसे कम दर यानी 10 प्रतिशत का टैक्स लगाया गया है। भारत में अमेरिकी सामानों के आयात पर औसतन 52 प्रतिशत टैक्स लगता है। इसकी तुलना में अमेरिका ने अपने यहां भारत से आयात होने वाली वस्तुओं पर 26 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है। यानी आज की स्थिति में भी भारत अमेरिका की तुलना में आधा टैक्स ही ले रहा है। अमेरिका ने भारत को कोई विशेष रियायत नहीं दी है क्योंकि उसने इसी तरह अपने देश के सामानों पर दूसरे देशों में लगने वाले टैक्स की तुलना में लगभग आधा टैक्स कई दूसरे देशों (जापान, चीन, स्विटजरलैंड, ताईवान, साउथ कोरिया, थाईलैंड सहित अनेक देश) पर भी लगाया है। ऐसे में यह अकेले भारत के लिए कोई बड़ी छूट नहीं है। इसके बाद भी इसका एक संकेत यह भी माना जा रहा है कि अमेरिका ने भारत के सामने विकल्प खुले रखे हैं। अमेरिका ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई देश अपने उचित तर्क उसके सामने रखता है तो वह अपनी दरों में संशोधन पर विचार कर सकता है। ट्रंप के टैरिफ वॉर की घोषणा के बाद जिस तरह भारत ने अपनी तरफ से अमेरिकी वस्तुओं पर टैक्स दरें कम की हैं, और भारतीय अधिकारी अमेरिकी अधिकारियों के संपर्क में हैं और दरों को नीतिसंगत बनाने पर विचार किया जा रहा है, माना जा रहा है कि दोनों देश इस मामले में एक उचित स्थिति में पहुंच सकते हैं।

अमेरिका द्वारा भारत की तुलना में आधी टैक्स दरें लगाने के बाद भी यह निर्णय भारत के व्यापार को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। इसका बड़ा कारण यह है कि अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझीदार है। वर्ष 2024 में भारत-अमेरिका के बीच 129 बिलियन अमेरिकी डॉलर का व्यापार हुआ था।

## अब पहले सभी फाइलों की जांच करेंगे शिंदे, बाद में मंजूरी के लिए CM फडणवीस के पास जाएंगी

**मुंबई।** महायुति 2.0 के शासन में अब दोबारा से 2023 वाली व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत अब सभी फाइलें पहले जांच के लिए उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के पास भेजी जाएंगी। बाद में फाइलों को मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के पास भेजा जाएगा। यह नया आदेश 18 मार्च को जारी किया गया।

महाराष्ट्र सरकार ने एक नया आदेश जारी किया है, जिसके तहत अब उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सभी फाइलों की पहले जांच करेंगे। बाद में, उन फाइलों को मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के पास भेजा जाएगा। यह आदेश राज्य की मुख्य सचिव सुजाता सौनिक ने 18 मार्च को जारी किया। इस कदम का मकसद 2023 की उस व्यवस्था को फिर से लागू करना है, जिसमें फाइलों की जांच पहले तत्कालीन उपमुख्यमंत्री- अजित पवार और देवेंद्र फडणवीस करते थे। बाद में उन फाइलों को तत्कालीन सीएम एकनाथ शिंदे के पास भेजा जाता था।

आदेश के अनुसार, 26 जुलाई, 2023 से फाइलें उपमुख्यमंत्री अजित पवार से लेकर तत्कालीन उपमुख्यमंत्री फडणवीस के पास भेजी जाती थीं। यह व्यवस्था तब बनी जब उस समय विधानसभा में विपक्ष के नेता पवार 2 जुलाई 2023 को एनसीपी के कुछ विधायकों के साथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल हो गए। पिछले साल राज्य में विधानसभा हुए। राज्य चुनावों में महायुति- जिसमें भाजपा, शिंदे की शिवसेना और पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी शामिल हैं की जीत हुई और देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री बने। फडणवीस के सीएम बनने के बाद व्यवस्था बदल गई। नए आदेश के अनुसार, अब सभी फाइलें उपमुख्यमंत्री अजित पवार से उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के पास भेजी जाएंगी। शिंदे की मंजूरी के बाद फाइलें सीएम देवेंद्र फडणवीस के पास भेजी जाएंगी। अजित पवार के पास वित्त विभाग और शिंदे के पास आवास और शहरी विकास विभाग का जिम्मा है।

## हंगरी का अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय की सदस्यता छोड़ने का एलान, नेतन्याहू के दौरे से पहले लिया फैसला



**बुडापेस्ट।** अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय का सदस्य होने के नाते हंगरी को नियमों के तहत नेतन्याहू के खिलाफ जारी वारंट के चलते उन्हें हंगरी पहुंचने पर हिरासत में लेना पड़ता, लेकिन अब हंगरी ने आईसीसी की सदस्यता ही छोड़ने का एलान कर दिया है। हंगरी, अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय की सदस्यता छोड़ने की तैयारी कर रहा है। हंगरी की सरकार ने एक बयान जारी कर कहा है कि वे गुरुवार से अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) की सदस्यता छोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर देंगे। उन्होंने कहा कि सदस्यता छोड़ने की पूरी प्रक्रिया अंतरराष्ट्रीय कानूनों और संवैधानिक ढांचे के अनुरूप ही होगी। हंगरी का यह एलान ऐसे समय आया है, जब जल्द ही इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट का दौरा करने वाले हैं। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने नेतन्याहू के खिलाफ गाजा में नरसंहार करने के आरोप में वारंट जारी किया हुआ है। दक्षिणपंथी विक्टर ओर्बन के नेतृत्व वाली हंगरी की सरकार ने बीते साल नवंबर में नेतन्याहू को हंगरी आने का न्योता दिया था। आईसीसी ने नेतन्याहू के खिलाफ जो वारंट जारी किया था, उसके बाद ही यह न्योता दिया गया था। विक्टर ओर्बन को नेतन्याहू का करीबी माना जाता है और उन्होंने नेतन्याहू के खिलाफ जारी हुए गिरफ्तारी वारंट को बेशर्मी भरा और निंदनीय बताया था। दरअसल अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय का सदस्य होने के नाते हंगरी को नियमों के तहत नेतन्याहू के खिलाफ जारी वारंट के चलते उन्हें हंगरी पहुंचने पर हिरासत में लेना पड़ता, लेकिन अब हंगरी ने आईसीसी की सदस्यता ही छोड़ने का एलान कर दिया है। गाजा युद्ध शुरू होने के बाद हंगरी का दौरा नेतन्याहू की दूसरी विदेश यात्रा होगी। इससे पहले फरवरी में नेतन्याहू ने अमेरिका का दौरा किया था। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय विश्व का प्रथम स्थायी अपराध न्यायालय है, जो रोम संविधि द्वारा शासित किया जाता है। यह नरसंहार, युद्ध अपराध, मानवता के विरुद्ध अपराध और आक्रमण जैसे अपराधों से संबंधित जांच करता है। भारत, चीन और अमेरिका इसके सदस्य नहीं हैं। दुनिया के 120 से ज्यादा देश इसके सदस्य हैं।

## तुर्किये पुलिस ने 11 लोग हिरासत में लिए, इस्तांबुल मेयर की कैद के विरोध में किया था खरीदारी बहिष्कार

**तुर्की।** तुर्किये पुलिस ने बृहस्पतिवार को 11 लोगों को हिरासत में लिया है। इन लोगों ने राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के मुख्य प्रतिद्वंदी और इस्तांबुल के मेयर एक्रेम इमामोग्लू की कैद के विरोध में बीते दिन एक दिवसीय खरीदारी बहिष्कार का समर्थन किया था। सरकारी मीडिया के अनुसार, इस्तांबुल के मुख्य लोक अभियोजक कार्यालय ने 16 संदिग्धों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया है, जिन पर घृणा और भेदभाव फैलाने का आरोप है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हिरासत में लिए गए लोगों में अभिनेता सेम यिगित उजुमोग्लू भी शामिल हैं, जिन्होंने नेटफ्लिक्स की डॉक्यूसीरीज राइज ऑफ एम्पायर्सः ओटोमन में सुल्तान मेहमेद द कॉन्करर की भूमिका निभाई थी।

## भारत-थाईलैंड सांस्कृतिक और आध्यात्मिक डोर से जुड़े हैं: मोदी

**बैंकॉक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। इसके बाद पीएम मोदी ने कहा कि भारत और थाईलैंड के संबंध हमारी गहरी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक डोर से जुड़े हैं। हमने दोनों देशों के संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का फैसला किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और थाईलैंड के बीच सदियों पुराने संबंध हैं। ये संबंध हमारी गहरी सांस्कृतिक, आध्यात्मिक डोर से जुड़े हैं। हमने भारत-थाईलैंड संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का फैसला किया है।

पीएम मोदी ने बृहस्पतिवार को थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। जिसके बाद उन्होंने शिनावात्रा के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता की। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत के पूर्वोत्तर राज्यों और थाईलैंड के बीच पर्यटन, संस्कृति, शिक्षा के क्षेत्रों में सहयोग पर जोर दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत की एक्ट ईस्ट नीति और



इंडो-पैसिफिक विजन में थाईलैंड का विशेष स्थान है। पीएम मोदी की यात्रा के दौरान थाई सरकार ने 18वीं सदी के रामायण भित्ति चित्रों पर आधारित डाक टिकट जारी किए, जिसके लिए पीएम मोदी ने थाई सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मेरी यात्रा के दौरान डाक टिकट जारी करने के लिए मैं थाई सरकार का आभारी हूं। इसके अलावा, पीएम मोदी ने 28 मार्च को थाईलैंड में आए भूकंप में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। पीएम मोदी ने कहा कि मैं भारत के लोगों की तरफ से भूकंप में हुई जनहानि के लिए गहरी संवेदना प्रकट करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी 6वें बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दो दिवसीय यात्रा पर बैंकॉक पहुंचे। जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद पीएम मोदी ने रामकियेन (थाई रामायण) का मनमोहक प्रदर्शन देखा। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा, %एक ऐसा सांस्कृतिक जुड़ाव जो किसी और जैसा नहीं था! थाई रामायण, रामकियेन का एक आकर्षक प्रदर्शन देखा। यह वास्तव में समृद्ध अनुभव था, जिसने भारत और थाईलैंड के बीच साझा सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों को खूबसूरती से प्रदर्शित किया। पीएम मोदी ने आगे कहा कि रामायण वास्तव में एशिया के कई हिस्सों में दिलों और परंपराओं को जोड़ती है।

शाम को, पीएम मोदी समुद्रीय सहयोग पर समझौते पर हस्ताक्षर की देखरेख के लिए बिम्सटेक (बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल) के नेताओं के साथ शामिल होंगे, जिनमें थाईलैंड, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, म्यांमार और भूटान के नेता शामिल हैं। थाईलैंड की यात्रा के बाद, पीएम मोदी श्रीलंका जाएंगे, जो नए राष्ट्रपति के चुनाव के बाद उनकी पहली यात्रा होगी।

## अमेरिका में भयंकर तूफान से तबाही, एक युवक की मौत; बिजली के खंभे और पेड़ धराशाई, घरों की छतें उड़ गईं

**वाशिंगटन।** अमेरिका के दक्षिण और मध्य पश्चिम क्षेत्र के राज्य अर्कांसस, इलिनोइस, इंडियाना, मिसौरी और मिसिसिपी में भयंकर तूफान आया। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक बारिश और तूफान की संभावना जताई है। अमेरिका के दक्षिण और मध्य पश्चिम क्षेत्र के बड़े इलाके में भयंकर तूफान ने भारी तबाही मचाई। इसमें एक युवक की मौत हो गई। इसके अलावा बिजली की लाइनें और पेड़ गिर गए। कई घरों की छतें तक उड़ गईं। मौसम विभाग ने देश के अर्कांसस, इलिनोइस, इंडियाना, मिसौरी और मिसिसिपी के कुछ हिस्सों में तूफान की चेतावनी जारी की थी।

# म्यांमार भूकंप में मृतकों की संख्या में हुआ इजाफा, 3085 लोगों की मौत; करीब चार हजार घायल और 341 लापता



**बैंकॉक।** म्यांमार में आए भीषण भूकंप में मरने वालों की संख्या गुरुवार को बढ़कर 3,085 हो गई, क्योंकि खोज और बचाव दलों को और शव मिले हैं। वहीं सैन्य नेतृत्व वाली सरकार ने बताया कि मानवीय सहायता समूह जीवित बचे लोगों को चिकित्सा देखभाल और आश्रय उपलब्ध कराया जा रहा है। म्यांमार में करीब एक हफ्ते पहले आए भूकंप में मृतकों की संख्या में इजाफा हुआ है। बता दें कि, राहत और बचाव दल ने मलबे कई अन्य लोगों के शव बरामद किए हैं, इसके बाद मृतकों की संख्या 3085 तक पहुंच गई है। वहीं इस विनाशकारी भूकंप के बाद अभी चार हजार से ज्यादा लोग घायल है और कुल 341 लोग लापता हैं। ये आंकड़े म्यांमार की सेना की तरफ से जारी किए गए हैं। बीते शुक्रवार यानी 28 मार्च को आए 7.7 तीव्रता के भूकंप का केंद्र म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले के पास था। जिससे हजारों इमारत जमींदोज हो गए और सड़कें बड़े-बड़े खाई में बदल गईं। स्थानीय मीडिया में हताहतों की संख्या की रिपोर्ट आधिकारिक आंकड़ों से कहीं अधिक है और दूरसंचार के व्यापक रूप से बंद होने और कई स्थानों तक पहुंचना मुश्किल होने के कारण, ऐसा माना जाता है कि ज्यादा जानकारी मिलने पर हताहतों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी हो सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा कि उसके प्रारंभिक आकलन के अनुसार, चार अस्पताल और एक स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं जबकि अन्य 32 अस्पताल और 18 स्वास्थ्य केंद्र आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र ने कहा, बुनियादी ढांचे के नुकसान और रोगियों की बढ़ती संख्या के कारण, सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच लगभग असंभव हो गई है। हजारों लोगों को देखभाल, चिकित्सा और बीमारी के प्रकोप के लिए उपचार की तत्काल आवश्यकता है।

म्यांमार की सेना ने 2021 में आंग सान सू की की लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार से सत्ता छीन ली, जिससे गृहयुद्ध छिड़ गया। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, भूकंप ने पहले से ही गंभीर मानवीय संकट को और बढ़ा दिया है, जिसमें तीन मिलियन से अधिक लोग अपने घरों से विस्थापित हो गए हैं और लगभग 20 मिलियन लोग भूकंप से पहले ही जरूरतमंद थे। इसी बीच सेना ने बुधवार को 22 अप्रैल तक अस्थायी युद्ध विराम की घोषणा की। यह घोषणा सैन्य शासन का विरोध करने वाले सशस्त्र प्रतिरोध समूहों की तरफ से घोषित एकतरफा अस्थायी युद्ध विराम के बाद की गई है।

## पीएम नेतन्याहू और उनके दो सलाहकार घोटाले में फंसे? पैसे लेकर कतर का प्रचार कराने का आरोप, जांच शुरू

**तेल अवीव।** कतर को हमास का समर्थक माना जाता है। इस्राइल में कतर को लेकर विरोध है। वह इस्राइल-हमास युद्ध विराम में प्रमुख मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है। अब पीएम बेंजामिन नेतन्याहू पर आरोप लगा है कि उनके दो सलाहकारों ने पैसे लेकर इस्राइल में कतर के समर्थन में अभियान चलाया। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनके दो सलाहकार एक नए घोटाले में फंस गए हैं। नेतन्याहू और उनके सलाहकारों पर आरोप है कि उन्होंने पैसे लेकर इस्राइल में कतर की छवि को सुधारने का काम किया है। पुलिस दोनों सलाहकारों को गिरफ्तार कर चुकी है और जांच चल रही है। वहीं मामला सामने आने के बाद नेतन्याहू से पुलिस ने पूछताछ की। नेतन्याहू का कहना है कि आरोप निराधार हैं और इसका उद्देश्य उनके शासन को खत्म करना है। कतर को कई लोग हमास का संरक्षक मानते हैं। वहीं कतर का इस्राइल के साथ कोई औपचारिक राजनयिक संबंध नहीं है। साथ ही इन दिनों कतर युद्ध विराम वार्ता में प्रमुख भूमिका निभा रहा है। नेतन्याहू के आलोचकों का कहना है कि पीएम नेतन्याहू ने



इस्राइल की राज्य संस्थाओं को कमजोर करने का काम किया है। इस्राइन के लोग कतर को पसंद नहीं करते हैं। नेतन्याहू पर आरोप है कि उन्होंने दो करीबी सलाहकार जोनाथन उरीच और पूर्व प्रवक्ता एली फेल्डस्टीन को इस्राइलियों के बीच कतर की छवि सुधारने के लिए एक जनसंपर्क अभियान चलाने के लिए काम पर रखा गया था। दोनों को कथित तौर पर एक अमेरिकी लॉबिस्ट के माध्यम से भुगतान किया था। कोर्ट के दस्तावेजों के मुताबिक अमेरिकी लॉबिस्ट और उरीच ने कतर को सकारात्मक रूप से बढ़ावा देने और मिस्र के बारे में नकारात्मक संदेश फैलाने के लिए व्यावसायिक संबंध बनाया। वहीं फेल्डस्टीन को पत्रकारों को यह संदेश देने के लिए पैसे दिए गए थे। इस्राइली मीडिया के अनुसार फेल्डस्टीन और उरीच पर विदेशी एजेंट से संपर्क, मनी लॉन्ड्रिंग, रिश्वतखोरी, धोखाधड़ी और विश्वासघात के आरोप लग सकते हैं। पुलिस ने इस मामले में एक इस्राइली पत्रकार ज़्विका क्लेन से भी पूछताछ की है। दैनिक जेरूसलम पोस्ट में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार क्लेन ने पिछले साल कतर की सरकार के निमंत्रण पर कतर का दौरा किया था और उसके बाद अपने अनुभवों के बारे में कई लेख लिखे थे, जिनमें से एक लेख में कतर के इस दावे के खिलाफ़ मामला पेश किया गया था कि वह हमास समूह का समर्थन करता है।

# भक्ति भाव में झूमीं महिलाएं, आकर्षण का केंद्र रहा मां दुर्गा की झांकी



**जौनपुर।** शक्तिपीठ मां काली जी के मंदिर में नवरात्रि के पांचवें दिन गुरुवार को सर्ववैश्य समाज की महिला मंडल टीम द्वारा माता की चौकी ,भजन कीर्तन एवं मनमोहक झांकी की प्रस्तुति किया गया। इससे पूर्व मां दुर्गा, सरस्वती वंदना व हनुमान जी की स्तुति का सामूहिक उच्चारण से किया। भजन कीर्तन की शुरुआत सुमन जायसवाल, वर्षा केसरी,पूजा ऊमरवैश्य,सत्यभामा ऊमरवैश्य व कोमल केशरी ने माता रानी के दरबार में ज्योति जलाकर व गणेश वंदना से हुई। माता के दरबार में दीप जलाकर अपने अंदर की बुराइयों को त्यागने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मां दुर्गा की झांकी आकर्षण का केंद्र रहा।अंशु कसौधन, वर्षा केसरी, कोमल केसरी, नीलू अग्रवाल, प्रीति गुप्ता, प्रिया ऊमरवैश्य,बीना ऊमरवैश्य व मनीषा द्वारा जग कल्याणी है मेरी अंबे मैया.., जम्मू से आई मैया.., पल्लो लटके मैय्या के.., झूम झूम नाचे भक्त हनुमाना...हो दुनिया में देव हजारो है बजरंगबली का क्या कहना.... आदि गीतों ने भक्तिमय माहौल बनाया।

# कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शांति समिति की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने शांति समिति के सदस्यों से चैत्र नवरात्रि, रामनवमी, भारत रत्न बाबा साहब अम्बेडकर जयंती सहित अन्य आगामी त्योहारो को शांतिपूर्ण तरीके से मनाये जाने को लेकर प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि त्यौहारों के दौरान विद्युत, पेयजल, साफ-सफाई आदि की समस्या नहीं आनी चाहिए। अधीक्षण अभियंता विद्युत को लटके हुए विद्युत तारों को ठीक कराने, विद्युत आपूर्ति आदि के संबंध में निर्देश दिये। शोभा यात्रा के दौरान निकलने वाले जुलूस के संबंध में जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि डीजे की आवाज तथा ऊंचाई मानक के अनुरूप होनी चाहिए। शोभा यात्रा के दौरान शस्त्र प्रदर्शन नहीं होना चाहिए। समस्त नगर पालिका/नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि 5 अप्रैल से 6 अप्रैल के मध्य विभिन्न प्रतिष्ठित मंदिरों, राम मंदिरों, भव्य पीठों में स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा जिसके लिए मन्दिर परिसर और आस पास में साफ सफाई कराना सुनिश्चित करे। उन्होने ग्रामीण क्षेत्र के मन्दिरों में सफाई के लिए डीपीआरओ को निर्देशित किया। शोभा यात्रा निकलने वाले सभी मार्गों पर साफ-सफाई के साथ फागिंग कराने के भी निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस विभाग के तरफ से सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जायेगी। उन्होंने कहा कि त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चाक-चौबंद रहेगी। अराजक तत्वों पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 राम अक्षयवर चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अम्बष्ठ, अपर पुलिस अधीक्षक शहर आयूष श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट इन्द नन्दन सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 लक्ष्मी सिहं सहित शांति समिति के सदस्य गण उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी उत्कृष्ट कार्य करने पर मन्जू दूबे को सम्मानित किया गया



**जौनपुर।** बदलापुर विधानसभा के अन्तर्गत विकास खंड बदलापुर के सभागार में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मानित किया गया वही महराजगंज विकास खण्ड अन्तर्गत ग्राम सभा पूरालाल आंगनबाड़ी कार्यकत्री मंन्जू दुबे को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित सम्मानित करते हुए विधायक रमेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि विभागीय योजनाओं को सुचारू रूप से क्रियान्वित करने और बच्चों के विकास में योगदान देने के लिए जाना जाता है। इन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं ने विभागीय योजनाओं को सुचारू रूप से क्रियान्वित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. इसी क्रम में महराजगंज ब्लाक व बदलापुर ब्लाक के सभी नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री को नियुक्ति पत्र देकर विधायक ने सभी को सम्मानित किया और उक्त अवसर पर उपस्थित छोटे बच्चों को अन्नप्राशन करार उपहार भी दिया गया और गर्भवती महिलाओं को फल भी वितरित किया गया।

# सांसद रामजीलाल ने सदन को किया कलंकित, सदस्यता हो समाप्त: ओमप्रकाश सिंह

अवधनामा संवाददाता




राजपूत सेवा समिति के सदस्यों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन, कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर जमकर किया नारेबाजी

**जौनपुर।** राज्यसभा में सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा मेवाड़ के सम्राट राणा सांगा पर की गई अभद्र टिप्पणी का विवाद थमता नजर नहीं आ रहा है। गुरुवार को राजपूत सेवा समिति के सदस्यों ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। समिति के सदस्यों ने रामजीलाल सुमन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी दिनेश चंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा।

पहले से निर्धारित समय के अनुसार कलेक्ट्रेट परिसर में पत्रकार भवन पर समिति के सदस्य दिन में लगभग साढ़े दस बजे एकत्रित हुए। आधे घंटे बाद ही वहां से हाथों में बैनर लिए रामजीलाल सुमन के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में घूम घूमकर नारेबाजी

की। समिति के सदस्य ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि सांसद रामजीलाल सुमन के बयान से राणा सांगा, उनके वंशज और पूरे हिंदू समाज की प्रतिष्ठा को नुकसान हुआ है। ऐसे महान योद्धा को देश की सबसे बडी पंचायत में बदनाम किया जिसने देश की संप्रभुता की रक्षा के लिए मुगलों से भीषण युद्ध किया। उनका यह बयान अक्षम्य है। उन्होंने सदन को कलंकित करने के साथ साथ राजपूत समाज ही नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि मुगलों के खिलाफ बहादुरी से लड़ने वाले वीर शिरोमणि राणा सांगा का अपमान क्षत्रिय समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। ज्ञापन के माध्यम से समिति के लोगों ने राष्ट्रपति से रामजीलाल सुमन की संसद सदस्यता को रद्द करने के साथ-साथ उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।



## कार्यालय ग्राम पंचायत- अटकोनिया वि.खं. शोहरतगढ़, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 03.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत अटकोनिया विकास खण्ड शोहरतगढ़ द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, सोलर लाइट, अंत्येष्ठि स्थल, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 09.04.2025 को 12:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत अटकोनिया के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 02:30 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत अटकोनिया के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत अटकोनिया कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत अटकोनिया के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान-शीला**
**ग्रा.पं. अटकोनिया**
**वि.खं. शोहरतगढ़**

**सचिव- लालचन्द चौधरी**
**ग्रा.पं. अटकोनिया**
**वि.खं. शोहरतगढ़**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- भादमुस्तहकम वि.खं. शोहरतगढ़, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 02.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत भादमुस्तहकम विकास खण्ड शोहरतगढ़ द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, सोलर लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 10.04.2025 को 10:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत भादमुस्तहकम के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 11:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत भादमुस्तहकम के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत भादमुस्तहकम कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत भादमुस्तहकम के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान-सद्दाम**
**ग्रा.पं. भादमुस्तहकम**
**वि.खं. शोहरतगढ़**

**सचिव- लालचन्द चौधरी**
**ग्रा.पं. भादमुस्तहकम**
**वि.खं. शोहरतगढ़**

## कार्यालय नगर पंचायत धौरहरा, लखीमपुर-खीरी

पत्रांक-254/न0पं0धौ0/निविदा-एसएफसी/2025-26, दिनांक : 03 अप्रैल, 2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय को वर्ष 2024-25 में राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित/स्वीकृत, निम्न कार्य हेतु मुहरबन्द निविदाएं दिनांक 16.04.2025 को समय अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं इच्छुक व्यक्ति/फर्म नियत समयान्तर्गत अपनी-अपनी निविदा कार्यालय नगर पंचायत धौरहरा पर प्रस्तुत कर सकते हैं। तदोपरान्त प्राप्त निविदाओं को दिनांक 16.04.2025 को समय अपरान्ह 03:00 बजे निविदादाताओं की उपस्थिति में अध्यक्ष/अधिशाषी अधिकारी महोदय के समक्ष खोला जायेगा उक्त दिनांक को किसी कारणवश अवकाश पड़ने की दशा में अगले कार्य दिवस में निविदा खोली जायेगी। प्रत्येक निविदा के साथ 05 प्रतिशत जमानत, धनराशि नकद रसीद के माध्यम से कार्यालय में अथवा एफ0डी0आर0 जो कि अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत धौरहरा के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा प्रपत्र नकद मूल्य पर दिनांक 15.04.2025 को अपरान्ह 05:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत धौरहरा से क्रय किये जा सकते हैं एवं दिनांक 16.04.2025 को कार्यालय नगर पंचायत धौरहरा में लिपिक पटल पर समय अपरान्ह 02:00 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं। निविदा को बिना कोई कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करनें का अधिकार अधिशाषी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पंचायत धौरहरा में निहित होगा। अन्य नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में मालूम की जा सकती है।

| क्रम सं. | योजना का नाम | कार्य का विवरण | आगणन धनराशि जीएसटी सहित | आगणन धनराशि | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य + जी.एस.टी. | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SFC | नगर पंचायत धौरहरा सीमान्तर्गत स्थित सभी आर0ओ0 वाटर कूलर प्लांट की मरम्मत कार्य। | 262768 | 222685 | 11135 | 590 | 1 माह |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत धौरहरा**
**लखीमपुर-खीरी**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत धौरहरा**
**लखीमपुर-खीरी**

## कार्यालय ग्राम पंचायत नेवादा, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

**अल्पकालीन निविदा/टेन्डर**

वित्तीय वर्ष 2025-26 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 04-04-2025 से 09-04-2025 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 12:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 09-04-2025 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्सं ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**सीमा मौर्या**
**ग्राम प्रधान- नेवादा**
**वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

**रत्नेश सोनकर**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.- नेवादा**
**वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत सलखापुर, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

**अल्पकालीन निविदा/टेन्डर**

वित्तीय वर्ष 2025-26 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 04-04-2025 से 10-04-2025 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 02:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 11-04-2025 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्सं ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**प्रमोद कुमार**
**ग्राम प्रधान- सलखापुर**
**वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

**रत्नेश सोनकर**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.- सलखापुर**
**वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

# वेस्टसाइड ने अपना 245वां स्टोर लखनऊ में शुरू किया

## ट्रेंट लिमिटेड के तहत एक टाटा उद्यम वेस्टसाइड ने उत्तर प्रदेश में अपना नया स्टोर शुरू किया है

**लखनऊ।** प्रतिष्ठित भारतीय परिवार - टाटा का एक उद्यम वेस्टसाइड ने अपना सबसे नया स्टोर उत्तर प्रदेश में शुरू किया है। यहां के फैशनप्रेमियों को प्रभावित करने के उद्देश्य से शुरू नए वेस्टसाइड का पता - ब्रिज मोहन टावर, 11/सी.पी 3. ए, विकास नगर, रिंग रोड, लखनऊ - 226022। यह स्टोर 25,788 स्क्वायर फ़ीट का है। मौका कोई भी हो, उसके लिए स्टाइल को आसान बनाने के लिए इस स्टोर में वेस्टसाइड ब्रांड के कपड़ें, एक्सेसरीज़, कॉस्मेटिक्स, फुटवेयर, होम - सब कुछ एक ही छत के निचे ख़रीदा जा सकता है।

नया वेस्टसाइड स्टोर असाधारण रिटेल अनुभव प्रदान करने के ब्रांड के विज़न को प्रस्तुत करता है। कॉन्टेम्परारी और मॉडर्न फैशन ट्रेंड्स की खरीदारी, वो भी बहुत ही अच्छी कीमतों में यहां आसानी से की जा सकती है। सभी बारीकियों पर ध्यान देते हुए, सुविधाजनक तरीके से रखे गए डिस्प्ले में सबसे नए फैशन को दर्शाया जाता है, उपभोक्ताओं को निर्बाध खरीदारी का अनुभव प्रदान करने के लिए यह स्टोर प्रतिबद्ध है। अनोखी स्टाइल के साथ-साथ नयापन और ताज़गी बरक़रार रखने पर बहुत ध्यान दिया जाता है। यहां के कलेक्शन को हर तीन हफ़्तों में एक बार शुक्रवार को रिफ्रेश किया जाता है।

लेडीज़ के लिए वेस्टसाइड की सौगात, फैशन के सबसे पसंदीदा लेबल्स के साथ, कीजिए सबसे बेहतरीन कीमतों में मनचाही खरीदारी। वेस्टसाइड में भारतीय कपड़ें भी वेस्टर्न वेयर जितने ही फैशनेबल और आकर्षक हैं। उत्सा का कलेक्शन बहुमुखी है, हर दिन के एथनिक वार्डरोब के लिए आधुनिक समाधान यहां मिलेंगे। सबसे पसंदीदा ब्रांड बॉम्बे पेस्ले में कॉन्टेम्पररी, क्रिएटिव, मुक्त और फ्यूजन प्रस्तुत किया गया है। वर्क में आपको आधुनिक, भव्य, वार्म और सोफिस्टिकेटेड प्रसंगों के अनुरूप एथनिक वेयर मिलेगा। दूसरी ओर ज़ुबा प्रीमियम डे-वेयर है जो शान और आधुनिकता को दर्शाता है।

पार्टी-ग्लैम की दीवानी और फैशन के लिए उत्साही सभी युवा लड़कियों के लिए नुओन है। यह युवाओं का ब्रांड है। स्मार्ट और फेमिनिन कॅज्यूअल्स ढूंढ रहे हैं? सब सटल और फ्लैटरिंग एल ओ वी में मिल जाएगा तो आपको कही और जाने की ज़रूरत ही नहीं होगी। जिया में सभी कर्वी महिलाओं के लिए स्मार्ट, कैज्युअल और सुविधाजनक कलेक्शन मिल जाएगा। वार्डरोब में मिलेगा 9 टू 9 फैशन, यह वर्कवेयर स्टाइलिश, सोफिस्टिकेटेड और आत्मविश्वासपूर्ण है। कैज्युअल्स से लेकर फ्यूजन और भारतीय परिधान तक, हर उपभोक्ता की पसंद और ज़रूरत यहां पूरी होगी। वेस्टसाइड ने अपने पुरुष उपभोक्ताओं का भी पूरा ध्यान रखा है। डब्ल्यूईएस में लाउन्ज वेयर के साथ वर्क टू वीकेंड रेंज है जो आरामदेह और शहरी है। फैशन सबसे पहले यह जिनका मानना होता है ऐसे मिलेनियल्स के लिए न्यूऑन मेन एक बहुत ही आसान और सुविधाजनक कलेक्शन है, इसका बहुत ही सोच-समझकर बनाया गया स्ट्रीट-वेयर हमेशा ट्रेंडिंग रहता है। ई. टी. ए. रिलैक्स्ड अर्बन वेयर है जिसमें विशेष एथनिक टच दिया गया है। ज़्यादा भारतीय, कलात्मक और आधुनिक एथनिक स्टाइल्स से प्रेरित होकर बनाया गया है।

स्टूडियो वेस्ट में न केवल भारतीय महिलाओं बल्कि पुरुषों के लिए भी ब्यूटी उत्पादों की एक्सक्लूसिव रेंज उपलब्ध कराई गयी है। कॉस्मेटिक्स, फाइन फ्रैगरेंस और मिस्ट, लक्ज़रीयस बाथ और बॉडी प्रोडक्ट्स के साथ यह कॉस्मेटिक रेंज कूल और आधुनिक है, इसे बेहद नए, क्रिएटिव तरीकों से बनाया गया है। आत्मविश्वासपूर्ण और स्वयं को अभिव्यक्त करना पसंद करने वाले, हर फैशनेबल व्यक्ति के लिए यह रेंज बनी है। वेस्टसाइड के किड्स वेयर में फैशन और फंक्शनैलिटी का बढ़िया मेल किया गया है। बेहद खूबसूरत और ट्रेंडी आउटफिट्स आपके बच्चे की खुशियों और उत्साह को चारचांद लगाएंगे। आकर्षक ड्रेसेस और स्टाइलिश टॉप्स से लेकर कोज़ी निटवेयर और कई तरह के टॉप्स के साथ पहने जाने वाले बॉटम्स तक वेस्टसाइड में हर प्रसंग के अनुरूप कपड़ें मिल जाते हैं।

आराम और स्टाइल को एक साथ लाकर बनाया गया वेस्टसाइड का फुटवेयर कलेक्शन बहुत ही आकर्षक है। कैज्युअल स्नीकर्स, एलिगेंट हील्स, स्टर्डी बूट्स या स्पोर्टी सैंडल्स वेस्टसाइड में हर किसी को अपना मनचाहा पेयर मिल ही जाता है। आत्मविश्वास और स्टाइल के साथ चलने की ख़ुशी पानी है तो वेस्टसाइड का खूबसूरत फुटवेयर कलेक्शन खरीदिए।

आपके बेडरूम, किचन और लिविंग रूम के लिए एक से बढ़कर एक, बेहतरीन डेकोरेशन आइटम आपको यहां मिलेंगे।

# फ्लिपकार्ट ने स्टार्टअप महाकुंभ 2025 में भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती दी




**नई दिल्ली।** भारत का घरेलू ईकॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट देश में स्टार्टअप इकोसिस्टम के भविष्य को आकार देने वाले सबसे बड़े स्टार्टअप सम्मेलन 'स्टार्टअप महाकुंभ 2025' में हिस्सा ले रहा है। इस आयोजन के दूसरे संस्करण का आयोजन 3 से 5 अप्रैल, 2025 तक नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में किया जा रहा है। इसकी थीम 'स्टार्टअप इंडिया एट द रेट 2047रू अनफोल्डिंग द भारत स्टोरी' रखी गई है। इस सम्मेलन में आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत की दिशा में देश के सफर को रेखांकित किया जा रहा है। स्टार्टअप महाकुंभ 2025 में 3,000 से ज्यादा स्टार्टअप, 1000 निवेशकऔर 50 से ज्यादा देशों के 50000 से ज्यादा बिजनेस विजिटर्स हिस्सा ले रहे हैं। इस अवसर पर फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा, 'एक घरेलू कंपनी के रूप में फ्लिपकार्ट भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। फ्लिपकार्ट वेंचर्स के माध्यम से हम निवेश, मेंटरशिप एवं बड़े इकोसिस्टम तक पहुंच प्रदान करते हुए उभरते स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती दे रहे हैं। स्टार्टअप महाकुंभ 2025 जैसे प्लेटफॉर्म और सरकार की प्रगतिशील नीतियां भारत की अथक उद्यमिता की भावना का प्रमाण हैं। भारत को स्टार्टअप पावरहाउस बनाने और इनोवेटर्स की नई पीढ़ी को समर्थन देने के इस परिवर्तनकारी सफर का हिस्सा बनने का हमें गर्व है।' फ्लिपकार्ट वर्ष 2007 से ही उद्यमियों, एमएसएमई को सशक्त करते हुए भारत में स्टार्टअप के परिवेश को आकार देने में अहम भूमिका निभा रही है और डिजिटल इकोनॉमी को नई परिभाषा देने वाले यूनीकॉर्न्स को बढ़ावा दे रही है। अपनी इकाई फ्लिपकार्ट वेंचर्स के माध्यम से कंपनी शुरुआती चरण में निवेश एवं पूंजीगत सहयोग प्रदान करते हुए, मेंटरशिप के माध्यम से और ऑपरेशनल विशेषज्ञता के जरिये इनोवेशन को गति दे रही है।स्टार्टअप्स को फ्लिपकार्ट के बड़े इकोसिस्टम, टूल्स, मार्केट इनसाइट्स और इंडस्ट्री नेटवर्क तक पहुंच का भी लाभ मिल रहा है, जिससे उन्हें सतत तरीके से विस्तार करने और लंबी अवधि में विकास की संभावनाएं खोलने में मदद मिली है।

# मोटोरोलां ने पेश किया नया एज 60 फ्यूजन स्मार्टफोन




**लखनऊ।** मोबाइल टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में एक वैश्विक अग्रणी कंपनी और भारत का प्रमुख एआई स्मार्टफोन ब्रांड, मोटोरोला ने आज अपनी नई और बहुप्रतीक्षित एज 60 सीरीज़ का पहला स्मार्टफोन मोटोरोला एज 60 फ्यूजन लॉन्च किया। यह नया स्मार्टफोन अपनी बेहद लोकप्रिय जनरेशन मोटोरोला एज 60 फ्यूजन की तुलना में लगभग हर पहलू में एक महत्वपूर्ण अपग्रेड है। इसे उन उपभोक्ताओं के लिए डिज़ाइन किया गया है जो एक प्रीमियम स्मार्टफोन की तलाश में हैं, जिसमें शानदार डिज़ाइन और अत्याधुनिक फीचर्स का अनूठा संयोजन हो। शक्तिशाली एआई-ड्रिवन अनुभवों के साथ, मोटोरोला एज 60 फ्यूजन उपयोगकर्ता के दैनिक कार्यों को अधिक सरल और सहज बनाता है। स्मार्टफोन की कुछ प्रमुख विशेषताओं में दुनिया का सबसे इमर्सिव 1.5के ऑल 4 साइड कर्व्ड डिस्प्ले शामिल है, जिसमें पैनटोन द्वारा प्रमाणित ट्रू कलर' है, दुनिया का पहला और सेगमेंट का सबसे बेहतरीन 100 प्रतिशत ट्रू कलर सोनी एलवाईटी 700सी कैमरा सिस्टम है, जिसमें एडवांस एआई एलईडी इमेजिंग फीचर हैं, सेगमेंट के सबसे बेहतरीन एकआई फीचर हैं, जो विभिन्न जनरेटिव एआई, कैमरा और मोटो एआई असिस्ट फीचर्स के साथ आते हैं। इसके अलावा, स्मार्टफोन में ट्रू एमआईएल-810एच मिलिट्री ग्रेड सर्टिफाइड प्रोटेक्शन के साथ आईपी68 और आईपी69 अंडरवाटर प्रोटेक्शन भी है और यह 3 अलग-अलग पैनटोन क्यूरेटेड शानदार रंगों और प्रीमियम वेगन लेदर फिनिश के साथ आता है। मोटोरोला इंडिया के प्रबंध निदेशक श्री टी.एम. नरसिम्हन ने कहा मोटोरोला में, हम हर नए लॉन्च के साथ अपनी लाइफस्टाइल-टेक इनोवेशन को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मोटोरोला एज 60 फ्यूजन कई सेगमेंट-लीडिंग फीचर्स के साथ आता है, जैसे कि दुनिया का सबसे इमर्सिव ऑल-कर्व्ड डिस्प्ले, विश्व का पहला ट्रू-कलर सोनी एलवाईटीआईए 700सी कैमरा, सेगमेंट-अग्रणी एआई फीचर्स और बहुत कुछ जिसका मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं के जीवन में वास्तविक मूल्य जोड़ना है। यह फोन हार्डवेयर से परे सार्थक उपभोक्ता नवाचार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमें पूरा विश्वास है कि मोटोरोला एज 60 फ्यूजन अपने सेगमेंट में नए मानदंड स्थापित करेगा। मोटोरोला एज 60 फ्यूजन मोटोरोला का अब तक का सबसे शार्प और ब्राइट डिस्प्ले वाला स्मार्टफोन है। इसमें सेगमेंट का सर्वश्रेष्ठ 96.3 प्रतिशत स्क्रीन-टू-बॉडी रेशियो और सबसे अधिक 45 डिग्री (साइड) व 33 डिग्री (टॉप और बॉटम) कर्वेचर है, जो इसे दुनिया का सबसे इमर्सिव 1.5के ऑल-कर्व्ड डिस्प्ले बनाता है। यह पैनटोनन्न् द्वारा प्रमाणित ट्रू कलर' के साथ भी आता है। चव्स्क् डिस्प्ले स्क्रीन पर प्रदर्शित प्रत्येक कंटेंट की पूर्ण रंग क्षमता को दर्शाता है, जो उपयोगकर्ताओं को शार्प डिटेल और कम पिक्सेलेशन के साथ एक स्पष्ट, जीवंत तस्वीर का आनंद लेने की सुविधा देता है।

इसका 1220पी 1.5के सुपर एचडी रिज़ॉल्यूशन, स्टैंडर्ड फुल एचडी (1080पी) डिस्प्ले की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक रिज़ॉल्यूशन प्रदान करता है।

# केएलईएफ डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी की रिसर्च से जीबीएम मरीजों को मिल सकती है नई जिंदगी



**लखनऊ।** केएलईएफ डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने ब्रेन कैंसर की गंभीर बीमारी ग्लियोब्लास्टोमा मल्टीफॉर्मे (जीबीएम) के इलाज में एक बड़ी सफलता हासिल की है। यहां की बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च स्कॉलर सुश्री साहिति चमार्थी की यह खोज भविष्य में कैंसर के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।जीबीएम लंबे समय से चिकित्सा जगत के लिए एक बड़ी चुनौती बना हुआ है, जहां मरीज आमतौर पर डायग्नोस के बाद केवल 13 से 15 महीने ही जीवित रह पाते हैं। केएलईएफ डीम्ड यूनिवर्सिटी के बायोटेक्नोलॉजी प्रोफेसर डॉ. एम. जानकी रामय्या के मार्गदर्शन में सुश्री साहिति की रिसर्च ने द्वि-दवा थेरेपी के जरिए नई उम्मीद जगाई है।उनकी शोध का मुख्य उद्देश्य ब्रेन कैंसर कोशिकाओं में दो महत्वपूर्ण मेटाबोलिक पाथवेज़ को एक साथ लक्षित करना है। । इसके लिए उन्होंने एचडीएसी (हिस्टोन डीएसिटाइलेज़) इनहिबिटर्स और जीएलयूटी (ग्लूकोज ट्रांसपोर्टर) इनहिबिटर्स का उपयोग किया है। इस महत्वपूर्ण खोज के आधार पर, केएलईएफ शोध दल ने एचडीएसी इनहिबिटर्स और जीएलयूटी इनहिबिटर्स को मिलाकर एक नई ड्यूल-थेरेपी रणनीति विकसित की। यह तकनीक ग्लूकोज ट्रांसपोर्ट को बाधित कर कैंसर कोशिकाओं के मेटाबॉलिज्म को धीमा कर देती है, जिससे ट्यूमर का विकास रुक जाता है और ब्रेन कैंसर के इलाज के लिए एक नई उम्मीद पैदा होती है।

## पूर्व सभासद एवं वरिष्ठ अधिवक्ता के प्रयासों से गोरखपुर-गोमतीनगर रेल मार्ग पर एसी कोच एवं डिब्बों की संख्या बढ़ाई गई



**लखनऊ।** वरिष्ठ अधिवक्ता श्री अजय कुमार श्रीवास्तव (पूर्व सभासद, नगर पालिका परिषद जनपद बलरामपुर एवं अधिवक्ता वन विभाग सोहेलवा वन जीव प्रभाग, बलरामपुर) द्वारा रेलवे विभाग से गाड़ी नंबर 15081 और 15082 में एसी चेयरकार और डिब्बों की संख्या बढ़ाने हेतु भेजा गया अनुरोध आवेदन पत्र सुनवाई के बाद 18 मार्च 2025 से प्रभावी कर दिया गया है। रेलवे प्रशासन द्वारा इस प्रार्थना पत्र पर कार्रवाई करते हुए दोनों रेलगाड़ियों में एसी कोच एवं अतिरिक्त डिब्बे जोड़ने का आदेश दिया गया है। इस निर्णय से गोरखपुर से गोमतीनगर तक यात्रा करने वाले सभी यात्रीगण को बड़ी राहत मिलेगी, और उन्हें बेहतर यात्रा सुविधा प्रदान की जाएगी। अजय कुमार श्रीवास्तव के इस प्रयास की सराहना करते हुए कई यात्रियों ने फोन के माध्यम से धन्यवाद व्यक्त किया है और इस फैसले को स्वागत योग्य कदम बताया है। इस निर्णय से न केवल यात्रियों की यात्रा सुविधाओं में वृद्धि होगी, बल्कि यह गोरखपुर-गोमतीनगर रेल मार्ग पर यात्रा करने वाले नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## भारत में टेस्टेड, भारत के लिए निर्मित - OPPO F29 सीरीज, ड्यूरेबल चैंपियन का हुआ भारत में लॉन्च

**लखनऊ।** OPPO India ने ट्रू ड्यूरेबल चैंपियन OPPO F29 सीरीज़ पेश की है। यह ड्यूरेबल स्मार्टफोन और विश्वसनीय नेटवर्क प्रदान करती है। भारत में टेस्टेड और भारत के लिए निर्मित F29 सीरीज़ में विश्व स्तरीय इंजीनियरिंग, मिलिट्री-ग्रेड की मजबूती, बेहतर कनेक्टिविटी और शक्तिशाली बैटरी परफॉरमेंस का बेहतरीन मिश्रण है। इन सभी खूबियों के साथ यह खूबसूरत और स्लिम स्मार्टफोन व्यस्त गलियों से लेकर मुश्किल रास्तों तक हर चुनौती का सामना कर सकता है। OPPO F29 सीरीज़ में उद्योग का अग्रणी डस्ट एवं लिक्विड प्रोटेक्शन दिया गया है। इसलिए यह केरल के मानसून और राजस्थान की भारी गर्मी से लेकर कश्मीर की बर्फीली ठंड तक भारत के चुनौतीपूर्ण वातावरण को सहन कर सकता है। IP{6, IP{8 औरU IP{9 मानकों के लिए भारत में स्त्स (सोसाइटी जेनरल डे सर्विलांस), बेंगलुरु द्वारा टेस्टेड F29 सीरीज अपने सेगमेंट में सबसे मजबूत स्मार्टफोन है। IP{6 रेटिंग के कारण यह पानी की तेज धार का सामना कर सकता है। इसलिए यह वेंडर्स से लेकर कंस्ट्रक्शन कर्मियों तक उन सभी लोगों के लिए उत्तम है, जो गीले वातावरण में काम करते हैं। IP{8 रेटिंग के कारण यह 30 मिनट तक 1.5 मीटर गहरे पानी में डूबने पर भी सुरक्षित रहता है। यानी पानी से भरे गड्ढों और रसोई के सिंक में गिरने पर भी यह सुरक्षित रहेगा। वहीं IP{9 रेटिंग के कारण यह 80 डिग्री एष्ट तक के उच्च दबाव, उच्च तापमान वाले पानी की धार को सहन कर सकता है। इसलिए यह उद्योगों में या बहुत ज़्यादा नमी वाले मौसम में काम करने के लिए उत्तम है। F29 सीरीज बेहतर लिक्विड रेजिस्टेंस के कारण भारी बारिश, नदी के पानी, गर्म झरनों, जूस, चाय, दूध, कॉफी, बीयर, भाप, बर्तन धोने के पानी, डिटर्जेंट का घोल, बर्फीला पानी क्लीनिंग फोम और गंदे पानी के गिरने पर भी सुरक्षित रहती है। अगर यह पानी में डूब जाए, तो एक अद्वितीय कंपन वाली साउंड स्पीकर से पानी को बाहर निकाल देती है।

OPPO India के हेड, प्रोडक्ट कम्युनिकेशंस, सैवियो डिसूज़ा ने कहा, "OPPO F29 सीरीज़ भारत के लिए निर्मित है - इसमें ड्यूरेबिलिटी के साथ मजबूती, कनेक्टिविटी और परफ़ॉर्मेंस का बेहतरीन मिश्रण है। उद्योग में सर्वश्रेष्ठ ढ्ढक्र रेटिंग और मिलिट्री-ग्रेड की मजबूती के साथ हमारा जबरदस्त हंटर एंटीना और शक्तिशाली बैटरी, ये सभी विशेषताएं भारत में सड़क पर चलने वालों के लिए विकसित की गई हैं। इस सारे विशिष्ट फीचर्स को एक स्लिम, स्टाइलिश डिवाइस में पैक किया गया है, जो इस सेगमेंट में एक नया कीर्तिमान स्थापित करती है।

# मार्च में ओटीटी की सबसे अच्छी रिलीज़ देखिए टाटा प्ले बिंज पर




**लखनऊ।**,,टाटा प्ले बिंज बेहतरीन मनोरंजन, एक्शन और ड्रामा के साथ शानदार फिल्में और शो पेश कर रहा है। मार्च में दर्शकों के अलग-अलग मूड के लिए पेश किए जा रहे हैं विभिन्न शैलियों में अनेकों कार्यक्रम, जो सबसे अच्छी सामग्री के साथ मन को तरोताजा कर देंगे। बी हैप्पी एक खुशनुमा फिल्म है, जो हँसी-मजाक, भावनाओं और प्रेरणा से भरपूर है। इसका निर्देशन मशहूर नृत्य निर्देशक से निर्देशक बने रेमो डीसूज़ा ने किया है।अपने बेहतरीन प्रदर्शनों, जबरदस्त नृत्य और भावुक क्षणों के साथ बी हैप्पी फिल्म दर्शकों को मनोरंजन के साथ प्रोत्साहन भी प्रदान करेगी। यह फिल्म टाटा प्ले बिंज़ पर उपलब्ध है स्काई फोर्स जबरदस्त एक्शन पसंद करने वालों के लिए स्काई फोर्स बेहतरीन फिल्म है। अक्षय कुमार, वीर पहाड़िया, सारा अली खान, और निमरत कौर अभिनीत इस फिल्म में वायुसेना का जीवन दिखाया गया है। यह फिल्म 1965 के भारत पाकिस्तान युद्ध की पृष्ठभूमि में चलती है। यह फिल्म दर्शक टाटा प्ले बिंज़ पर देख सकते हैं। द वॉकिंग ऑफ ए नेशन द वॉकिंग ऑफ ए नेशन एक ऐतिहासिक नाटक है। यह 1919 में जलियावाला बाग हत्याकांड पर आधारित है।तारुक रैना और निकिता दत्ता अभिनीत यह साहसी और ज्ञानवर्धक सीरीज़ टाटा प्ले बिंज़ पर चल रही है! दुपहिया एक छोटे से गाँव में हुए अपराध की कहानी है। इसमें गाँव से चोरी हुई मोटरसाईकल की तलाश में बड़ी ही दिलचस्प घटनाओं और गाँव के लोगों ने एक सशक्त कहानी पेश की है।

# सैमसंग ने गैलेक्सी टैब S10 FE और गैलेक्सी टैब S10 FE+ सीरीज़ को लॉन्च किया

**सियोल :** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने आज गैलेक्सी टैब स10 स्नश्च और गैलेक्सी टैब स10 स्नश्च+को लॉन्च किया है। इसस ग्राहकों को प्रीमियम टैबलेट डिज़ाइन पर गैलेक्सी इकोसिस्टम के लिए नए प्रवेश बिंदु मिलेंगे। गैलेक्सी टैब स स्नश्च सीरीज़ में अब तक की सबसे बड़ी स्क्रीन और सबसे पतले बेज़ेल्स दिए गए हैं जिससे इसका डिस्प्ले ज्यादा बड़ा हो गया है। गैलेक्सीटैब स10 स्नश्च+ पर आप एंटरटेनमेंट से लेकर पढ़ाई और रोजमर्रा के कार्य कर सकते हैं और आपको टैबलेट देखने का एक मजेदार अनुभव मिलेगा। सैमसंग के इंटेलीजेंट फीचर्स की मदद से यूजर्स आसानी से अधिक काम कर सकते हैं। यह टैबलेट इतने पतले हैं कि यूजर्स चलते-फिरते भी क्रिएटिव और उपयोगी काम कर सकते हैं। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स में मोबाइल एक्सपीरियंस बिजनेस की नई कंप्यूटिंग आर एंड डीटीम के ईवीपी और प्रमुख चांग टेकिम ने कहा, ''नई गैलेक्सी टैब स10 स्नश्च सीरीज़ में आधुनिक एआई और सैमसंग के अन्य उपकरणों से जुड़ने की क्षमता है,जिससे टैबलेट का इस्तेमाल करने वाले ज्यादा से ज्यादा लोगों को बेहतर अनुभव मिलेगा। यह टैबलेट दिखने में भी बहुत सुंदर है और इसका प्रदर्शन भी शानदार है।इस टैबलेट में स्लिम बेज़ेल दिए गए हैं और इसकी स्क्रीन भी बड़ी है,जिससे लोगों को ज़्यादा काम करने,नई चीजें बनाने और नई बातें जानने में मदद मिलेगी। इस टैबलेट में कुछ नए फीचर्स भी जोड़े गए हैं,जिससे इसका इस्तेमाल करना और भी आसान हो जाएगा।'' गैलेक्सी टैब स सीरीज़ की विरासत डिजाइन को पतले बेज़ेल्स के साथ मिलाकर,गैलेक्सी टैब स10 स्नश्च+ का 13.1-इंच डिस्प्ले पिछले स्नश्च+ की तुलना में लगभग 12त्न बड़ी स्क्रीन पर शानदार मनोरंजन प्रदान करता है। गैलेक्सी टैब स10 स्नश्च सीरीज़ पर 90 हट्र्ज के रिफ्रेश रेट से शानदार विजुअल्स और 800 निट्स एचबी एम तक की विजिबिलिटी मिलती है। इससे टैब पर वीडियो देखने और गेम खेलने का जबर्दस्त अनुभव होता है।विजन बूस्टर के अपने आप होने वाले एडजस्टमेंट बदलते बाहरी वातावरण में भी चमक और दृश्यता को बढ़ाते हैं, जबकि आंखों के तनाव को कम करने के लिए ब्लू-लाइट एमिशन को सुरक्षित ढंग से कम किया गया है।

गैलेक्सी टैब स10 स्नश्च सीरीज़ कामके दौरान या पढ़ाई करते समय उत्पादकता को बढ़ाती है, और बिना रुकावट के तेज गेम प्ले प्रदान करती है। परफॉर्मेंस में किए गए कुछ बदलावों से गैलेक्सी टैब स10 स्नश्च सीरीज़ पहले से ज़्यादा तेज़ चलेगी। इससे आप एक साथ कई ऐप खोलकर काम कर सकते हैं,जैसे कि वीडियो देखना,नोट्स लेना,और इंटरनेट पर जानकारी ढूंढना। ये सब काम एक साथ करने में टैबलेट हैंग नहीं होगा।अगर आप क्लास में या ऑफिस में कुछ ज़रूरी चीज़ों की फोटो लेना चाहते हैं,तो इस टैबलेट का कैमरा भी पहले से बेहतर है। इसमें 13मेगापिक्सल का हाई रिजॉल्यूशन कैमरा है, जो साफ और अच्छी तस्वीरें लेता है। नई गैलेक्सी टैब एस10एफईसीरीज़ में कई ऐसे फीचर्स हैं जो इसे बहुत उपयोगी बनाते हैं। चाहे आप काम कर रहे हों या गेम खेल रहे हों,यह टैबलेट आपके हर काम में साथ देगा।यह पिछले मॉडल से 4त्न हल्का है,जिससे इसे कहीं भी ले जाना आसान है।इसका डिज़ाइन पतला है,इसलिए इसे घर,कॉलेज,ऑफिस या कहीं भी आसानी से इस्तेमाल

# मैक्स फ़ैशन ने लैक्मे फ़ैशन वीक में शानदार शुरुआत की, कल्कि केकलाँ रनवे पर छा गईं




**मुंबई।** मैक्स फ़ैशन ने लैक्मे फ़ैशन वीक संग एफडीसीआई के 25वें एडिशन में एक साहसिक और परिवर्तनकारी शुरुआत की, जिसमें उनकी प्रेरणा कल्कि केकलाँ थीं। इस क्षण ने भारतीय फ़ैशन में एक महत्वपूर्ण बदलाव को चिह्नित किया, मैक्स फ़ैशन ने देश के सबसे प्रतिष्ठित रनवे में से एक पर हाई-स्ट्रीट स्टाइल को फिर से परिभाषित किया। यह महज़ एक रनवे क्षण नहीं था, बल्कि यह एक सांस्कृतिक मूल्यांकन था - एक बयान कि वैश्विक फ़ैशन हर किसी के लिए है, जिसमें ऐसी शैली अपनाई जाती है जो सुलभ हो, ट्रेंड के साथ चलने वाली हो, जिसे आसानी से पहना जा सके। अपने सिसिलियन समर और अमाल्फ़ी एस्केप कलेक्शन्स के लॉन्च के साथ, मैक्स फ़ैशन ने न केवल हाई-स्ट्रीट फ़ैशन को पुनर्परिभाषित किया बल्कि इसने एक मंच तैयार करके दिया जिससे लाखों लोगों की आकांक्षा सुलभ हो गई।मैक्स की उपाध्यक्ष और मार्केटिंग प्रमुख पल्लवी पांडे कहती हैं, ÷मैक्स फ़ैशन की लैक्मे फ़ैशन वीक में शुरुआत सिर्फ़ एक मील का पत्थर नहीं है; यह एक ब्रांड के तौर पर हमारी पहचान की एक सशक्त पुष्टि है। हमारा हमेशा से मानना??रहा है कि फ़ैशन सभी के लिए सुलभ होना चाहिए। कल्कि केकलाँ को अपनी प्रेरणा मानते हुए, हम स्टाइल को आत्म-अभिव्यक्ति के एक ऐसे रूप के रूप में मना रहे हैं जो सभी का है। यह शुरुआत लाखों लोगों के लिए ट्रेंड-ड्रिवन फ़ैशन उपलब्ध कराने के बारे में है, चाहे वे स्टोर में खरीदारी करें या ऑनलाइन। यह स्टाइल, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व का जश्न है।÷मैक्स फैशन के डिप्टी सीईओ सुमित चाँदना ने कहा, ÷यह शुरुआत हमारे विकास में अगला बड़ा कदम है। मैक्स फ़ैशन हमेशा से सभी के लिए बेहतरीन फ़ैशन उपलब्ध कराने के बारे में रहा है - चाहे वह हमारे 520 से अधिक स्टोर के माध्यम से हो या हमारी बढ़ती ऑनलाइन उपस्थिति के माध्यम से। लैक्मे फ़ैशन वीक फ़ैशन को केवल आकांक्षा के बारे में नहीं, बल्कि सब तक इसकी पहुँच और समावेशिता बनाने के हमारे दृष्टिकोण का एक स्वाभाविक विस्तार है।

# कैंटाबिल ने उत्तर प्रदेश में किया विस्तार




**नई दिल्ली।** कैंटाबिल ने हापुड़, फर्रुखाबाद और गोरखपुर में नया स्टोर खोलकर खुदरा विस्तार को नई रफ्तार दी है। इन नये स्?टोर में पुरुषों और महिलाओं के परिधानों व एसेसरीज़ की व्?यापक श्रृंखला में से चयन का अवसर मिलेगा। भारत की अग्रणी परिधान निर्माता और रिटेल ब्रांड कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश के तीन शहरों में नए रिटेल स्टोर के उद्घाटन की घोषणा की है। पहला हापुड़ का स्टोर 1500 वर्गफुट क्षेत्र में फैला हुआ है और शॉप नंबर 170/5, त्रिवेणी गंज, पीएनबी मेन ब्रांच के पास, हापुड़, 245101 स्थित है, जबकि दूसरा फर्रुखाबाद का स्टोर 2211 वर्गफुट में फैला हुआ है और प्लॉट नंबर 5/264 ठंडी सड़क, लक्ष्मी कोल्ड स्टोरेज के सामने फर्रुखाबाद 209625 में स्थित है और तीसरा गोरखपुर का स्टोर 1445 वर्गफुट क्षेत्र में फैला हुआ है और कंचन टावर के बगल में, ओरियन मॉल के पास मोहद्दीपुर, गोरखपुर 273010 में स्थित है। ये सभी नए स्टोर पुरुषों और महिलाओं के लिए फॉर्मल-वियर, कैजुअल और पार्टी-वियर के साथ-साथ एसेसरीज़ की विस्तृत रेंज पेश करते है। इस लॉन्च के साथ कैंटाबिल के देशभर में कुल स्टोरों की संख्या बढ़कर 596 हो गई है, जो भारत के फैशन उद्योग में इसकी मजबूत मौजूदगी को दर्शाता है। इस अवसर पर कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड के निदेशक श्री दीपक बंसल ने कहा, ÷हापुड़, फर्रुखाबाद एवं गोरखपुर में अपने नए स्टोर की शुरुआत को लेकर हम बेहद उत्साहित हैं। कैंटाबिल को मिड-प्रीमियम सेगमेंट में ग्राहकों का भरपूर स्नेह मिला है।

# स्कोडा ऑटो की भारत में रजत जयंती, मार्च में दर्ज की अब तक की सबसे बड़ी मासिक बिक्री




**कानपुर।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारत में सफलतापूर्वक 25 साल पूरे कर लिए हैं, और यह देश में उनके नए दौर की शुरुआत को दिखाता है। कंपनी ने भारत में अपने 25 साल के इतिहास में रिकॉर्डतोड़ बिक्री की उपलब्धि हासिल की है। मार्च 2025 में स्कोडा ऑटो इंडिया ने 7,422 गाड़ियाँ बेचीं, जो भारत में इस ब्रांड की अब तक की किसी एक महीने में बिक्री की सबसे बड़ी संख्?या है। यह सफलता उनकी नई कायलाक एसयूवी के लॉन्च और रणवीर सिंह को कंपनी का पहला ब्रांड सुपरस्?टार बनाने के तुरंत बाद मिली है, जिससे लोगों के बीच जागरूकता और पसंद बढ़ी है। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर पेट्र जैनेबा ने बिक्री के इस रिकॉर्ड के बारे में कहा, ''जब हमने नई कायलाक लॉन्च की थी, तो हमने कहा था कि भारत में हमारी कंपनी का %नया दौर% शुरू हो रहा है। मार्च 2025 में हमने 7,422 गाड़ियाँ बेचीं, जो दिखाती हैं कि हमारी योजना सही दिशा में जा रही है। यह हमारी लगातार मेहनत और उस योजना का नतीजा है, जिसके तहत हम भारतीय सड़कों पर अच्छी यूरोपीय तकनीक वाली गाड़ियाँ लाना चाहते हैं। ग्राहकों ने बताया है कि कायलाक बहुत अच्छी गाड़ी है। यह छोटी सब-4-मीटर एसयूवी होते हुए भी बड़ी गाड़ियों जैसा आराम, जगह और सुरक्षा देती है। ज़्यादा लोगों को यह गाड़ी मिल सके और इसकी सफलता का जश्?न मनाने के लिए, हमने इसकी शुरूआती कीमत को अप्रैल के अंत तक नहीं बढ़ाने का फैसला किया है। भारत में स्कोडा ऑटो के लिए इस महीने में सबसे अधिक बिक्री का एक प्रमुख कारण है उनकी नई कार, कायलाक, जिसकी घोषणा फरवरी 2024 में हुई थी। इस कार का नाम भारत ने रखा था और नवंबर 2024 में इसे पेश किया गया था, जिसकी डिलीवरी जनवरी 2025 में शुरू हुई। यह स्कोडा ऑटो इंडिया की पहली सब-4 मीटर एसयूवी है और स्कोडा के फाइव-स्टार सुरक्षित कारों के परिवार में प्रवेश बिंदु है।

# अब किसे सुनाए अपनी बेबसी की दास्तां, कौन करेगा हल

- सिंचाई विभाग के गलतियों का खामियाजा भुगत रहे सुम्हाखोर के किसान
- बरवांकला माइनर की खुदाई अधूरा छोड़ दिए ठेकेदार

**शकील अहमद**



अधूरा खोदकर छोड़ा गया बरवांकला माइनर

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** बेबस और लाचार किसान अपने खेतो को नहर के माइनर से बहने वाले पानी से बचाने के लिए नीचे से उपर तक के अधिकारियों से गुहार लगाने के साथ साथ विधायक, सांसद और मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी अपनी फरियाद दर्ज करा चुके हैं लेकिन कहीं से भी न्याय की उम्मीद नजर नहीं आ रही है। आखिर अब ये बेचारे किसान अपनी लाचारी और बेबसी की दास्तां किसे सुनाए, कौन इनके बूझे चेहरे पर खुशियां लौटाएगा।

कप्तानगंज विकास खंड के सुम्हाखोर गांव के किसानो को नहर एवं सिंचाई विभाग के गलतियों का खामियाजा अपने फसलों को दशकों से बर्बाद होते देखकर चुकाना पड रहा है। डेरवा राजवाहा से निकलने वाला बरवांकला माइनर की खुदाई अधूरी छोड़ दी गई जैसे ही नहर में पानी आता है वैसे ही बरवांकला माइनर से होता हुआ पानी सुम्हाखोर के किसानो के खेतों में बिना किसी रोक टोक लगातार बहता रहता है जिससे पचासों हेक्टेयर फसल जल मग्न रहती है। सुम्हाखोर के किसान जयराम पांडेय, ग्राम प्रधान संतोष सिंह, श्याम जी पांडेय, गणेश पांडेय, पुनिता, विभूति सिंह, सन्हू राजभर, कुंवर आर्य, सरवन आर्य, गंगसी, गोपाल पांडेय सहित दर्जनों किसानो ने बताया कि जबसे बरवाकला का माइनर अधूरा खोद कर छोड़ दिया गया है तब से हमारी फैसले बर्बाद हो रही है। 10.600 मी. से निकलने वाली बरवांकला माइनर की खुदाई 1.300 मी के बाद ठेकेदार द्वारा अधूरा छोड़ दिया गया है जबकि इस माइनर को मूसा नाला में मिलाया जाना चाहिए था।

मात्र 300 मीटर खुदाई करके माइनर को मूसा नाले में मिला दिया जाय तो माइनर का पानी बिना फसलों को बर्बाद किए मूसा नाले में गिरकर रामपुर चौबे होते हुए आगे निकल जायेगा। इस काम के लिए सिंचपला से लेकर अधीक्षण अभियंता तक शिकायती पत्र देकर माइनर को खुदवा कर मूसा नाले में गिराने की मांग की गई लेकिन अधिकारियो के कानों पर जूं तक नही रेगा। विधायक और सांसद से मिले मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की गई लेकिन अभी तक न्याय नहीं मिला। कुशीनगर सांसद विजय दूबे ने एक्सियन को पत्र लिखकर तत्काल समस्या का समाधान करने के लिए कहा लेकिन इन अधिकारियों को उनके पत्र का भी कोई असर होता हुआ नहीं दिख रहा है। आखिर हम अपना दर्द अब किससे कहें, कौन दिलाएगा न्याय।

इस संबध में सिंचाई विभाग के एसडीओ अमित यादव का कहना है कि शिकायत मिला है। सिंचपला से रिपोर्ट मांगी गई है, रिपोर्ट आते ही नियमानुसार कार्रवाई होगी।

# कुशीनगर में थानेदार की गाड़ी से कुचलकर दलित मजदूर की मौत

### एक्सीडेंट के बाद पुलिस टीम संग वाहन लेकर फरार हो गए थानेदार



**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जिले में एक दर्दनाक हादसे में एक 40 वर्षीय साइकिल सवार मजदूर की मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब वह बाजार से घर लौट रहा था। युवक की मौत एसएचओ हनुमानगंज की सरकारी गाड़ी से हुई है। ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग को लेकर शव को नेबुआ-पनियहवां हाईवे पर जाम लगा दिया। पुलिस ने ग्रामीणों को आश्वस्त कर जाम खुलवाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बुधवार की रात करीब आठ बजे हनुमानगंज थानाध्यक्ष सरकारी वाहन से पुलिस टीम के साथ थाने की ओर जा रहे जा रहे थे। धरनीपट्टी चौराहे के समीप छोटेलाल भारती वाहन की चपेट में आ गया। एसएचओ की गाड़ी भी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा पहुंची। ग्रामीणों की भीड़ जुटती देख एसएचओ पुलिस टीम संग वाहन लेकर फरार हो गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। खबर मिलते ही छोटेलाल के स्वजन मौके पर पहुंच गए। उनकी चार पुत्रियां व दो पुत्र हैं। एसएचओ हनुमानगंज मनीष पांडेय ने बताया कि पुलिस टीम के साथ वह थाने पर लौट रहे थे। इस दौरान साइकिल सवार कामगार अनियंत्रित होकर वाहन की चपेट में आ गया। अनियंत्रित होकर मेरी गाड़ी भी गड्ढे में उतर गई। मजदूर के मृत्यु की सूचना नहीं थी। अब सूचना मिली है तो जो भी विधिक कार्रवाई होगी की जाएगी।

**अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज–** बुधवार की रात धरनीपट्टी बाजार से घर लौट रहा साइकिल सवार 40 वर्षीय कामगार छोटेलाल भारती की थानाध्यक्ष हनुमानगंज की सरकारी वाहन की चपेट में आने से मृत्यु होने के बाद ग्रामीणों की घंटे जाम कर प्रदर्शन किया। वही पुलिस की काफी मान मनोबल के बाद हनुमानगंज पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम कराया।

# डॉक्टर सतीश को पत्रकार संघ में प्रदेश की मिली बागडोर



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार समन्वय समिति एवं सोशल मीडिया पत्रकार महासंघ के गोरखपुर मण्डल अध्यक्ष डॉ सतीश चंद्र शुक्ला को संगठन के शीर्ष नेतृत्व ने प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। यह निर्णय गोरखपुर के कलेक्ट्रेट सभागार में संगठन के पांचवें स्थापना दिवस के पश्चात लिया गया। डॉ शुक्ला ने प्रदेश अध्यक्ष बनते ही घोषणा किया कि एक वर्ष के अन्दर प्रदेश के हर जिलों में संगठन की सक्रिय इकाइयों का गठन कर लिया जाएगा और किसी भी पत्रकार का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन के शीर्ष नेतृत्व में मुझ पर जो विश्वास किया है मैं उनकी उम्मीदों पर खरा उतारने का प्रयास करूंगा। डॉ सतीश चन्द्र शुक्ला के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय संयोजक सरदार दिलावर सिंह ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बधाई देने वालों में छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष मनविंदर सिंह भाटिया, संगठन के केन्द्रीय मंत्री जनाब बशीर खान, मार्कण्डेय मिश्रा, गोरखपुर मण्डल प्रभारी कृष्ण चंद्र चौधरी, देवरिया जिलाध्यक्ष श्यामानंद पाण्डेय, गोरखपुर जिलाध्यक्ष आशीष कुमार मिश्रा, जिला महासचिव पवन कुमार गुप्ता, सदर तहसील अध्यक्ष बबलू कुमार, गोला तहसील अध्यक्ष प्रदीप यादव सहित देश भर के सैकड़ो सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने उन्हें बधाइयां दी है।

# विद्यार्थी अपने लक्ष्य का निर्धारण कर आगे बढ़ें : विनय प्रकाश



**अवधनामा संवाददाता**

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत घोघरा में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के कक्षा 8 वीं में अध्यनरत विद्यार्थियों का विदाई समारोह एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि रामकोला के विधायक विनय प्रकाश गौड़ एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अष्टभुजा सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान कुमकुम, महेश, प्रिया, दिव्या द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई।इस दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विधायक विनय प्रकाश गौड़ ने कहा की विदाई समारोह में विद्यार्थियों को समय का सदुपयोग करने की आवश्यकता है। विद्यार्थी अपना लक्ष्य का निर्धारण करके एकाग्रता से आगे बढ़ें, तो ऐसी कोई मंजिल नहीं है जो प्राप्त नहीं हो सकती है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि घोघरा मंतोष शर्मा ने विद्यार्थी जीवन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन का सदुपयोग कर विद्यार्जन में जुट जाएं। कार्यक्रम के पश्चात विधायक के द्वारा कक्षा 8वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली अंकिता, अनुष्का, खुशी, एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले नसीम, आदर्श को पुरस्कृत किया गया उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापिका विनि इलायस ने आएं हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन उमेश कुमार यादव ने किया। इस अवसर पर सहायक अध्यापक धर्म प्रकाश पाठक, आनंद प्रकाश पांडे, कृष्ण प्रताप सिंह, दिलीप कुमार, विनिता सिंह, आमना खातून सिद्दीकी सहित बच्चे एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## महाष्टमी से प्राथमिक कक्षाओं में छात्राओं का नामांकन होगा नि:शुल्क

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** नगर स्थित जेपी इंटरमीडिएट कॉलेज प्रबंधन द्वारा चैत्र नवरात्रि के महा अष्टमी तिथि को कक्षा नर्सरी से लेकर पांचवी तक की कक्षाओं में छात्राओं का नामांकन निशुल्क करने की घोषणा की है। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीराम प्रसाद ने बताया कि हमारी संस्था बेटियों के बेहतर शिक्षा और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है विद्यालय का प्रयास रहता है कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे अति महत्वपूर्ण शीर्षकों को आत्मसात कर अपने कार्य पद्धति में अंगीकार करें और उसी क्रम में यह निर्णय लिया गया है कि इस वर्ष चैत्र नवरात्रि 2025 अंतर्गत महा अष्टमी तिथि को छात्राओं का प्रवेश नए कक्षा में निशुल्क रहेगा। समाज में कुछ लोग बेटियों को बोझ समझते हैं विद्यालय द्वारा किया गया यह प्रयास उन्हें बेटियों को आगे बढ़ाने और उन्हें बेहतर शिक्षा की ओर ले जाने का संदेश देता है। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक विनय प्रकाश गोंड़, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय खेतान सहित एडवोकेट जयराज सिंह, विश्वंभर प्रसाद, अजय खेतान, मुश्ताक अहमद, चंदन कुमार गोंड़, जय सिंह, रणजीत सिंह, सगीर अहमद सहित अनेक लोगों ने शुभकामनाएं भेंट की हैं और विद्यालय के इस निर्णय की सराहना की है।

ADITYA BIRLA
HINDALCO

## हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड
### पो.- रेणुकूट, जिला सोनभद्र (उप्र) पिन-231217

एच.आर./2025/आईएनटी/एल/3791 **दिनांकः** 26.03.2025

श्री राजेश कुमार सिंह, कोड नं.-022623, विभाग ब्यॉलर एण्ड को-जन, क्वार्टर न.-एल-226, हिण्डालको कालोनी, पो0-रेणुकूट-231217, जिला-सोनभद्र (उप्र) श्री राजेश कुमार सिंह पुत्र श्री गुलाब शंकर सिंह, ग्राम-मिल्कीपुर, पो.-डोमेला (मिर्जापुर)-221313, जिला-वाराणसी (उप्र) आपको पंजीकृत पावती डाक के माध्यम से अनाधिकृत अनुपस्थिति हेतु पत्र संख्या-एच.आर./2025/आईएनटी/एल/3290 दिनांक 20.02.2025 को आपके स्थानीय एवं स्थायी पते पर प्रेषित करके दिनांक 01.03.2025 तक कार्यस्थल पर उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया था। पुनः पत्र संख्या-एच.आर./2025/आईएनटी/एल/3727 दिनांक 10.03.2025 रजिस्टर डाक के माध्यम से प्रेषित करके कार्यस्थल पर दिनांक 20.03.2025 तक उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया था परन्तु न तो आप स्वयं उपस्थित हुए और न ही कोई सूचना प्रेषित की। उपरोक्त पत्र भारतीय डाक के अनुसार आपके स्थाई पते पर प्राप्त हो चुका है।

अतः आपको एक अवसर प्रदान करते हुए निर्देशित किया जाता है कि आप दिनांक 10.04.2025 तक कार्यस्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करे। आप नोट करें यदि आप उपरोक्त निर्देशों का प्रतिपालन नहीं करते है तो यह समझा जायेगा कि आपको अपने अनाधिकृत अनुपस्थिति के संबन्ध में कुछ नहीं कहना है और तदनुसार उक्त प्रकरण में आपके विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जाएगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**कृते मेसर्स हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड**
**(कारखानी प्रबन्धक)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- गोनहाताल पूर्वी वि.खं. बांसी, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 03.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत गोनहाताल पूर्वी विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, सोलर लाइट, अंत्येष्टि स्थल, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 16.04.2025 को 10:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत गोनहाताल पूर्वी के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 12:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत गोनहाताल पूर्वी के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत गोनहाताल पूर्वी कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत गोनहाताल पूर्वी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान-सत्यावती**
**ग्रा.पं. गोनहाताल पूर्वी**
**वि.खं. बांसी**

**सचिव- अभिनव शुक्ला**
**ग्रा.पं. गोनहाताल पूर्वी**
**वि.खं. बांसी**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- कटबन्ध वि.खं. मिठवल, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 03.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत कटबन्ध विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, सोलर लाइट, अंत्येष्टि स्थल, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 12.04.2025 को 11:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कटबन्ध के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 01:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत कटबन्ध के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कटबन्ध कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कटबन्ध के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत मसिना खास कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत मसिना खास के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान-आयशा खातून**
**ग्रा.पं. मसिना खास**
**वि.खं. मिठवल**

**सचिव- अनुपम पान्डेय**
**ग्रा.पं. मसिना खास**
**वि.खं. मिठवल**

# अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में पदाधिकारी का हुआ सम्मान

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में पदाधिकारी स्वागत सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष व जनपद संगठनात्मक प्रभारी कमलावती सिंह उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ पं.दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित करके किया।

जिलाध्यक्ष अन्नु गुप्ता ने निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार चौधरी, गोपाल मोहन शर्मा, अजय धाकरे सहित जिला पदाधिकारियों, मण्डल अध्यक्षों, पूर्व मण्डल अध्यक्षों, मोर्चा अध्यक्षों को अंगवस्त्र भेंटकर, फूल माला व पटका पहनाकर स्वागत सम्मान किया। स्वागत सम्मान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष व जनपद प्रभारी कमलावती सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली योगी आदित्यनाथ सरकार के आठ साल पूरे हो गए हैं।

इस दौरान किसान, महिलाओं और युवाओं के लिए अनेकों जनकल्याणकारी योजनाए संचालित की जा रही है जिनका लाभ बिना किसी भेदभाव व भ्रष्टाचार के हर जरूरतमंद को मिल रहा है। स्वागत कार्यक्रम सम्मान को संबोधित करते हुए अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि यूपी सरकार के 8 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिनके माध्यम सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं को पार्टी पदाधिकारियों के माध्यम जनता तक जनसंपर्क के माध्यम से पहुंचाया जाएगा। प्रबुद्ध वर्गों के साथ संवाद व संपर्क किया जाएगा। ग्राम स्तर पर महिला मोर्चा द्वारा महिलाओं के साथ संवाद व संपर्क किया जाएगा। 14 अप्रैल को डॉ भीम राव अंबेडकर जयंती पर बूथ स्तर पर स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार चौधरी, गोपाल मोहन शर्मा, अजय धाकरे, जिला महामंत्री प्रशांत राव चौबे, कार्यक्रम संयोजक व जिला उपाध्यक्ष हरनाथ कुशवाह, सह-संयोजक व जिला मंत्री जितेंद्र गौड़, जिला उपाध्यक्ष विवेक भदौरिया, दीपक नाथ चौधरी, विक्रम अग्रवाल, शिवकिशोर धनगर, जिला मंत्री डॉ ज्योति वर्मा, ममता कुशवाहा, विरला शाक्य, कोषाध्यक्ष संजीव भदौरिया, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, सभासद शरद वाजपेयी, विवेक रंजन गुप्ता सहित जिला पदाधिकारी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष, मोर्चाओ के अध्यक्ष व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## समीक्षा कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**सोनभद्र।** राज्य मंत्री समाज कल्याण विभाग संजीव कुमार गौड़ ने कल शाम को सर्किट हाउस सभागार में जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता, उप जिलाधिकारीगण सहित अधिकारीगण व जनप्रतिनिधि उपस्थिति में वनाधिकार अधिनियम के तहत वितरण किये गये पट्टों की खतौनी में नाम दर्ज कर वितरण के सम्बन्ध में बैठक की गयी। राजस्व व वन विभाग के अधिकारियों के साथ पूर्व के अस्वीकृत दावों के सापेक्ष प्राप्त पुनर्विचार याचिकाओं व पुनिर्विचार में लिये गये निर्णयों व पुनर्विचार के लिए की जा कार्रवाहियों की प्रगति की समीक्षा भी किये। इस दौरान मंत्री ने तहसीलवार बांटे गये पट्टों की खतौनी में नाम दर्ज किये जाने के सम्बन्ध मे समीक्षा की और सम्बन्धित सम्बन्धित उप जिलाधिकारीगण को निर्देशित करते हुए कहा कि वनाधिकार अधिनियम के तहत वितरित किये गये पट्टों में सम्बन्धित काश्तकार का नाम खतौनी में दर्ज करने की कार्यवाही करते हुए तहसील क्षेत्र के ग्राम सभावार खतौनी वितरण की कार्यवाही शीघ्र की जाये।

# वार्षिक परीक्षा के पुरस्कार वितरण समारोह में मेधावी हुए सम्मानित

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** अर्चना मेमोरियल इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को उनके पूरे वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एस एम जी आई ग्रुप के चेयरमैन डॉक्टर विवेक यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया चेयरमैन डॉक्टर विवेक यादव ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया और सभी बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि कड़ी मेहनत और अनुशासन से सफलता प्राप्त की जा सकती है उन्होंने कहा कि बच्चों को सफल बनाने में अध्यापक के साथ-साथ उनके अभिभावकों का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या असरा अहमद ने विद्यालय की उपलब्धियां पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह शहर का वह विद्यालय है जिससे हर वर्ष विद्यार्थी नीट, जे ई ई, यू पी एस सी एवं पुलिस भर्ती जैसी परीक्षाओं में स्थान बनाकर विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं और उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए स्स्व्रद्ध ग्रुप के अध्यक्ष डॉ विवेक यादव और सभी उपस्थित अभिभावकों का आभार व्यक्त किया वार्षिक परीक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय पाने वाले बच्चों में मुख्य रूप से अवन, रिशांक, कश्फ नाज, अफ़रीना, कृतिका, शिव, अनुराग, अल्फिया, फलक, देवांग, शिवांगी, देवांश एवं तन्वी जैसे सैकड़ो बच्चों को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त नयन एवं अल्शिफा ने विद्यालय में 100त्न उपस्थित रहने पर पुरस्कार प्राप्त किया तथा विद्यालय में संपन्न हुई विभिन्न प्रतियोगिताओ जैसे सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, मेहंदी, रंगोली, दिया राखी, प्रतियोगिताओं के प्रमाण पत्र व मेडल दिए गए। प्रधानाचार्या असरा अहमद ने बताया कि विद्यालय का नया सत्र 7 अप्रैल से प्रारंभ हो जाएगा। विद्यालय में नए सत्र के लिए प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमोद कुमार, राहुल, रश्मि, नेहा, दीपिका बिंदिया, जुकती, गौतम व समस्त विद्यालय स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद फैजान खान द्वारा किया गया।

# माउण्ट लिट्रा ज़ी स्कूल में हवन पूजन के साथ हुआ नए शैक्षणिक-सत्र का शुभारंभ



- विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, वेदों और संस्कारों की महत्ता से अवगत कराया गया

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** एमनीव ग्रुप द्वारा संचालित माउण्ट लिट्रा ज़ी स्कूल में धार्मिक और सांस्कृतिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भव्य गायत्री महायज्ञ एवं हवन पूजन का आयोजन किया गया। इस पावन अनुष्ठान में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत वेदमंत्रों के उच्चारण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके बाद, विद्यालय प्रांगण में वैदिक रीति से हवन संपन्न हुआ, जिसमें छात्रों और अध्यापकों ने आहुति प्रदान कर विश्व शांति, पर्यावरण संरक्षण एवं शिक्षा के उत्थान के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अतिवीर सिंह यादव ने कहा कि गायत्री महायज्ञ न केवल आध्यात्मिक उन्नति का माध्यम है, बल्कि यह बच्चों में नैतिक मूल्यों, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, वेदों और संस्कारों की महत्ता से अवगत कराया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने हवन पूजन के लाभों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह मानसिक शांति, एकाग्रता और अनुशासन को विकसित करने में सहायक होता है। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अतिवीर सिंह यादव, वाइस चेयरमैन डॉ.विकास यादव, प्रबंध निदेशक सलिल यादव, विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज शर्मा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मनोज श्रीवास्तव, मुख्य वित्तीय अधिकारी मोहम्मद आरिफ, प्रोग्राम हेड विनयशील पठानिया सभी शिक्षकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ओवरलोड मिट्टी भरे ट्रक खराब कर रहे सड़क

**सुमेरपुर हमीरपुर।** मिट्टी का अवैध खनन करके ट्रकों से ओवरलोड ढोने के कारण ग्राम पंचायत का सीसी मार्ग ध्वस्त होने पर प्रधान एवं सचिव ने खंड विकास अधिकारी एवं थानाध्यक्ष को शिकायत सौंपकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने तथा सीसी की मरम्मत कराने की मांग की है। चंद्रपुरवा बुजुर्ग निवासी प्रधान एवं सचिव आदित्य कुमार ने खंड विकास अधिकारी विपिन कुमार एवं थाना अध्यक्ष अनूप सिंह को सौंपी शिकायत में आरोप लगाया है कि गांव निवासी राम सिंह, विवेक सोनी मिट्टी का अवैध खनन ट्रकों से करते हैं। ओवरलोड ट्रक निकलने से ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित सीसी मार्ग आशीष के दरवाजे से सत्यनारायण के दरवाजे तक डेढ़ सौ मीटर से ज्यादा ध्वस्त हो गई है। यह सीसी मार्ग पंचायत ने करीब 6 लाख खर्च करके बनाया था। प्रधान एवं सचिव ने दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुए सीसी की मरम्मत कराने की मांग की है। थानाध्यक्ष ने जांच फैक्ट्री एरिया पुलिस चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह को सौंपी है।

# 24 मार्च से 14 अप्रैल तक चलेगा अभियानः अनिल सिंह

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** भाजपा जिला कार्यालय रॉबर्ट्सगंज पर एक बड़ी बैठक सम्पन्न हुयी। इस बैठक मे मुख्यअतिथि के रुप मे जिला प्रभारी अनिल सिंह मौजूद रहे व बैठक में सभी अभियान/कार्यक्रम के जिला संयोजक, सह-संयोजक, सभी मण्डल अध्यक्ष, मण्डल प्रभारी और जनपद के सभी वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। बैठक का शुभारंम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय व डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नन्द लाल व संचालन अभियान के जिला संयोजक संतोष शुक्ला ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि जिला प्रभारी अनिल सिंह ने कहा कि संगठन द्वारा 24 मार्च से 14 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के लिए जिले में संयोजक और सह-संयोजक नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस मनाया जाएगा जिसमें 4 व 5 अप्रैल को भाजपा कार्यालय व कार्यक्रम स्थल की साफ सफाई साज सज्जा किया जायेगा 6 अप्रैल को सभी कार्यकर्ता अपने घरों पर भाजपा का झंडा लगाकर उसकी फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड करना है, और भाजपा की सफल यात्रा की प्रदर्शनी तैयार करके लगाना है, जो प्रदेश द्वारा भेजी जाएगी एवं सदस्यों संग स्थापना दिवस कार्यक्रम भी मनाना है, सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन भी करना है, सम्मेलन कम से कम तीन सत्रों का होगा उसके बाद 7 से 12 अप्रैल तक गांव चलो अभियान जिसमें जिले के सभी कार्यकर्ता व वरिष्ठ नेता गांव व शहर में प्रवास करेंगे और कहा कि 14 अप्रैल को बाबा भीम राव अंबेडकर जी का समरसता दिवस मनाने के लिए जनपद के सभी बूथों पर विशेष आयोजन किए जाएंगे। और कहा कि 6 व 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर प्राथमिक सदस्यों, सक्रिय सदस्यों का एकत्रीकरण व बूथ समिति के सदस्य और पन्ना प्रमुखों का एकत्रीकरण करना अनिवार्य है। बूथ पर पूर्व व वर्तमान कार्यकर्ताओं को भी बुलाना है। 13 अप्रैल को भी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के मूर्तियों की स्वच्छता करना व परिसर को सजाना एवं सायं काल दीपोत्सव का कार्यक्रम करना है, 14 अप्रैल को बाबा साहब की मूर्ती पर सभी कार्यकर्ताओं के साथ माल्यार्पण करना है। आंगनबाड़ी केन्द्र अनुसूचित जाति के बस्तियों के स्कुल मे पेयजल की व्यवस्था करना व परिसर की साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाना।बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नन्द लाल ने कहा कि बाबा साहब द्वारा अनुसूचित जाति महासंघ लखनऊ मे भाषण दिवस के दिन अपने जिले मे भी 2 सत्रों मे संगोष्ठी होना सुनिश्चित हुआ है, संगोष्ठी मे कांग्रेस द्वारा बाबा साहब को अपमानित करने की घटनाओं पर चर्चा करना है व कांग्रेस द्वारा संविधान के प्रस्तावों को कमजोर बनाने की भी चर्चा करनी है और आये हुए अतिथियों व कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# ब्राह्मणों पर अभद्र टिप्पणी करने से लोगों में आक्रोश



अवधनामा संवाददाता

**मौदहा/हमीरपुर।** मौदहा कस्बा के समाजवादी पार्टी के नेता द्वारा सवर्ण एवं ब्रह्म समाज पर सोशल मीडिया में अभद्र टिप्पणी एवं वीडियो वायरल करने से आक्रोशित ब्रह्म समाज के दर्जनों लोगों ने उप जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंप उक्त सपा नेता के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है अन्यथा की स्थिति में ब्राह्मण समाज ने धरना प्रदर्शन हुआ आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

इस मामले को लेकर के ब्रह्म कल्याण समिति के अध्यक्ष बृजेंद्र गौतम के नेतृत्व में ब्राह्मण समाज के दर्जनों लोगों ने उप जिलाधिकारी राजकुमार गुप्ता को एक ज्ञापन सौंपते हुए उक्त बड़बोले नेता के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी यदि आरोपी के खिलाफ त्वरित कार्यवाही नहीं की जाती तो ब्रह्म समाज इस मामले को लेकर धरना प्रदर्शन व आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख शिवकुमार पांडेय,उमाशंकर त्रिपाठी एडवोकेट,राजेश तिवारी उर्फ शिब्बू महाराज, पूर्व प्रधान दिनेश शुक्ला, समाजसेवी अवधेश पालीवाल, सुनील त्रिपाठी उर्फ डंडा गुरु, आकाश त्रिपाठी जिला अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा, शिव प्रसाद तिवारी व अरविंद पांडेय के अलावा समाज के दर्जनों लोग मौजूद रहे। कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह का कहना है कि आरोपी सपा नेता के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# शिक्षा माफिया के मनमाने रवैया को लेकर दिया जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन

- उपरोक्त विषय पर पूर्व में अपर जिलाधिकारी को दे चुके हैं ज्ञापन
- मनमाने पैसों की वसूली से अभिभावक हो चुके हैं त्रस्त
- कोई भी जनप्रतिनिधि इस पर बोलने को तैयार नहीं



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन सोनभद्र के कार्यकर्ताओं द्वारा जिला अध्यक्ष अंशु गुप्ता के नेतृत्व में बढ़ती स्कूल फीस व मनमानी पुस्तक के दाम की बढ़ोतरी को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक, सोनभद्र महोदय के नाम से ज्ञापन दिया गया संबंधित ज्ञापन में जिला अध्यक्ष एनएसयूआई सोनभद्र ने कहा कि देखा जाए तो हर साल ही जनपद में चल रहे विद्यालयों में, में फीस बढ़ती जा रही है आम जनमानस जहां एक और महंगाई से त्रस्त है वहां बच्चों की शिक्षा को लेकर भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है जहां एक ओर एडमिशन के नाम पर पैसा लिया जाता है वह दूसरी ओर फीस के नाम पर पर भी मनमाना वसूली की जा रही है। निजी स्कूलों में बच्चों के ड्रेस के नाम पर हर साल दामो पर बढ़ोतरी होती चली जा रही है, साथ में विद्यालय में चल रहे पुस्तकों पर भी दाम का अंकुश नहीं है।

जिससे हर वर्ग के लोगों के जीवन अच्छा खासा प्रभाव पड़ रहा है शिक्षा महंगी हो जाने के कारण कई अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षा दिलाने में असमर्थ होते जा रहे हैं। छात्र संगठन द्वारा छात्रों के भविष्य को देखते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय से निवेदन किया गया कि विद्यालयों की मनमाना फीस बढ़ोतरी/ कापी किताब के मूल्य पर अंकुश लगाते हुए इसका एक मानक तय किया जाए इससे आंचल मानस के लिए शिक्षा सस्ती और अच्छी हो सके और देश को शिक्षित युवा मिल सके। अभिभावक बच्चों को उचित शिक्षा दिलवा सके और देश का भविष्य शिक्षित हो सके।

छात्र नेता अफजल ख़ान ने कहा कि हर साल चाहे वह एलकेजी के बच्चों हो चाहे वह ग्रेजुएशन के बच्चों की शुल्क बढ़ोतरी से मध्यम परिवार के ऊपर बहुत आघात पहुंच रहा है जिसे जीवन यापन करने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है, छात्र नेता सौम्य सोनकर ने कहा कि आए दिन कापी किताबों के दाम बढ़ोतरी के कारण भाजपा शासन में शिक्षा भी ग्रहण करना मुश्किल होता जा रहा है, ज्ञापन में उपस्थित रहने वालों में .... N.S.U.I विधि प्रकोष्ट प्रदेश महासचिव सत्यम पांडेय, सौम्य सोनकर चंदमणि वियार, शिवांग पाठक, आयुष तिवारी, शिवा कुमार, शुभम् शर्मा, सौम्य सिंह संदीप यादव, रोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

## नवरात्रि मेले के दृष्टिगत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक नें किया निरीक्षण



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी हमीरपुर एवं पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा थाना जलालपुर क्षेत्र के ग्राम भेड़ी जलालपुर स्थित मंदिर में नवरात्रि मेले के मद्देनजर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने मेले की तैयारियों का जायजा लिया तथा सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मेला परिसर में साफ-सफाई, यातायात प्रबंधन, एवं सुरक्षा उपायों का गहन अवलोकन किया। उन्होंने पुलिस बल को निर्देशित किया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के लिए विशेष सतर्कता बरती जाए। साथ ही, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, बैरिकेडिंग, चिकित्सा सुविधा एवं अग्निशमन उपायों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महोदय ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्क रहकर अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भीड़ नियंत्रण, कानून-व्यवस्था व यातायात सुचारू रखने हेतु पुलिसकर्मी सक्रिय रहें एवं किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई करें।

## आदर्श स्कूल इकदिल का परीक्षाफल घोषित



**इटावा, इकदिल।** कस्बा के मोहल्ला कायस्थान में स्थित आदर्श प्राथमिक विद्यालय एवं इंडियन एकेडमी इकदिल का परीक्षाफल घोषित किया गया। विद्यालय के प्रबन्धक राम अवतार तिवारी व प्रधानाचार्य डॉ.सुशील सम्राट ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी कक्षाओं के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर व पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। पुरुस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। प्रधानाचार्य डॉ.सुशील सम्राट ने कहा कि बच्चों का उत्साह वर्धन जरूरी है। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या ऋचा तिवारी, सुमन चौहान, स्वेच्छा राजपूत, दामिनी शुक्ला, सुशीला देवी, प्रियंका भदौरिया, अलफिशा, प्रियंका यादव, शिवानी राजपूत, अंजली शाक्य, प्रियांशी, छाया राजपूत, आँचल गुप्ता, अंकिता राजपूत, दीप्ति आदि उपस्थिति रही।

## हाईटेंशन लाईन की स्पार्किंग से गेहूं की फसल खाक

**सुमेरपुर हमीरपुर।** बुधवार को देर शाम हाइट टेंशन लाइन से निकली चिंगारी ने पकी खड़ी करीब एक बीघा की गेहूं की फसल खाक कर दी। फायर ब्रिगेड में पहुंचकर आग पर काबू पाते हुए किसानों को बड़े नुकसान से बचाया।

बुधवार को देर शाम बिरखेरा निवासी बाबूराम कुशवाहा के खेत में हाई टेंशन लाइन से निकली चिंगारी से पकी खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। आग से करीब एक बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। सूचना पाकर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू करके किसानों को बड़े नुकसान से बचाया। आग से करीब 30 हजार की फसल खाक होने का अनुमान है।

# दंगल कुश्ती खेल का बढ़ावा दिया जाएगा जनपद मेंः संजय

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह बबलू के जनपद आगमन पर हिंदूआरी तिराहे पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉक्टर धर्मवीर तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया तत्पश्चात रॉबर्ट्सगंज में भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक आकाश जायसवाल के प्रतिष्ठान पर स्वागत एवं सम्मानित किया गया इसके बाद सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत की कहा कि सोनभद्र में कुश्ती को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह बबलू ने घोषणा की कि सोनभद्र में पर्यटन क्षेत्र के विकास के साथ-साथ कुश्ती दंगल खेल को भी बढ़ावा दिया जाएगा। बताया कि सोनभद्र में कुश्ती को बढ़ावा देने के लिए संगठन के साथ जिला प्रशासन से मिलकर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में युवाओं को कुश्ती दंगल खेल में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि सोनभद्र में पर्यटन क्षेत्र के विकास के साथ-साथ कुश्ती दंगल खेल को भी बढ़ावा देने से इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन के साथ जिला प्रशासन मिलकर इस क्षेत्र में कुश्ती दंगल खेल के लिए आवश्यक सुविधाएं भी प्रदान करेगा। संजय सिंह बबलू ने कहा कि जनपद में कुश्ती के खेल को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि देशहित में वक्फ बोर्ड बिल लाना बहुत ही जरूरी था। उन्होंने आगे कहा कि कुश्ती को आदिवासी क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए जनपद का दौरा करना मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि एशिया चैंपियनशिप में भारत को दस पदक मिले हैं और कुश्ती महासंघ विवादों से अलग हो चुका है। उन्होंने कहा कि लगातार पांच ओलंपिक खेल में कुश्ती ही मेडल दे रहा है। उन्होंने आगे कहा कि कुश्ती महासंघ में पदाधिकारी बनने के लिए 70 साल या टर्म में तीन बार का नियम है।

उन्होंने कहा कि नौजवानों से मिलकर खेल के प्रति जागरूक करना ही लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि मन और तन स्वस्थ रहेगा तभी युवा नशे की तरफ नहीं जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि कुश्ती में गद्दे का प्रयोग होने से लड़कियां आगे बढ़ रही हैं और वाराणसी में आज सात बच्चियां नेशनल स्तर कुश्ती लड़ रही हैं।इस मौके पर जताशंकर सिंह सतीश राय बच्चन पांडे मनीष अग्रहरी अभिषेक राय मुकेश सोनी प्रकाश श्रीवतास्तव योगेश सिंह प्रशांत चौबे रवी तिवारी राहुल शर्मा सत्यम सोनी अभय शाशिकांत चौबे आदि लोग मौजूद रहे।

# हाईवे को लेकर जल्द शुरू होगा जमीन अधिग्रहण का काम

अवधनामा संवाददाता

**सुमेरपुर हमीरपुर।** हमीरपुर की सीमा से महोबा जनपद की सीमा तक हमीरपुर मौदहा तहसील के 56 मौजों से राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण नया फोरलेन बनाकर कानपुर कबरई का आवागमन सुगम बनाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर इन मौजों की जमीनों की खरीद फरोख्त व निर्माण आदि पर रोक लगाने की मांग की है। एनएचआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने जिलाधिकारी से मांग की है कि वह धारा 143(80) के तहत भूमि प्रकृति परिवर्तन एवं उसमें निर्माण आदि पर रोक लगाये। इस पर जिलाधिकारी ने 1 अप्रैल को पत्र जारी करके अपर जिलाधिकारी राजस्व एवं वित्त, एसडीएम हमीरपुर मौदहा, प्रभागीय वनाधिकारी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण, अधिशासी अधिकारी हमीरपुर मौदहा की कमेटी बनाई है।

अर्से से नेशनल हाईवे 34 के समांतर ग्रीन फील्ड हाईवे बनाने का मामला सुर्खियों में था। पूर्व में इसको कानपुर, फतेहपुर, हमीरपुर, महोबा के गांवों से गुजारने की चर्चा हो रही थी लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने अब इसमें बदलाव किया है। अब यह नेशनल हाईवे 34 की पूर्व दिशा से नहीं बल्कि पश्चिम दिशा की ओर से गुजरकर बेतवा एवं यमुना नदी पर निर्माणाधीन पुलों से जोड़कर गुजारा जाएगा। इसकी पुष्टि एनएचआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर की ओर से 13 मार्च को जिलाधिकारी को भेजे गए पत्र में की गई है। प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि यह फोर लेन हाईवे हमीरपुर तहसील के मौजा इंगोहटा, हेलापुर डांडा, चंदौली तीर, मंझूपुर दरिया, कलौली तीर, द चंदूपुर दरिया, कलौली तीर डांडा, बदनपुर, चंदौखी, हमीरपुर, मंझूपुर डांडा, रमेडी डांडा, बिदोखर पुरई, बिदोखर मेदनी, भकौल मौजा, रगौरा, बांकी, महमूदपुर, पौथिया खुर्द, अमिरता, कीरतपुर, बरदहा सहजना दरिया, पारा ओझी दरिया, सूरजपुर दरिया, कुछेछा, पलरा, दरियापुर, बबीना, बिलहडी, कुंडौरा, बांक, सुमेरपुर, सुमेरपुर ग्रामीण, हेलापुर दरिया से होकर गुजरेगा। इसी तरह यह मौदहा तहसील के रीवन, छिरका, रागौल, मकरांव, नरायच, कुसमेला, गहबरा, भवानी, चमरखन्ना, रतौली, सिलौली, रतवा, लरौंद, भमौरा, सिचौली, पिपरौंदा, अछरेला, किशुनपुर, बहरेला, रोहारी, चकदहा, गडरिया खेड़ा मौजे से गुजरकर महोबा जनपद की सीमा में प्रवेश करेगा। एनएचआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने जिलाधिकारी से आग्रह किया है कि वह धारा 143(80) जारी करके भूमि की प्रकृति परिवर्तन रोकने, निर्माण आदि रुकवाने के आदेश जारी करें। जिलाधिकारी ने 1 अप्रैल को पत्र जारी करके अपर जिलाधिकारी राजस्व एवं वित्त, एसडीएम सदर एवं मौदहा, प्रभागीय वनाधिकारी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण के साथ हमीरपुर मौदहा के अधिशासी अधिकारी को शामिल करके आदेश के अनुपालन के निर्देश दिए हैं। एनएचआई की यह डीपीआर रिपोर्ट आने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि यह फोरलेन हाईवे भारतमाला परियोजना के तहत बनना तय हो गया है। यह कानपुर से कबरई तक 118 किलोमीटर बनकर तैयार होगा। इसके बनने से लखनऊ से भोपाल तक का आवागमन सुगम होगा और लोगों को जाम के साथ आयेदिन नेशनल हाईवे 34 में होने वाली दुर्घटनाओं से मुक्ति मिलेगी।

# पिछली सरकार माफिया पैदा करती थी : सीएम योगी



■ मुख्यमंत्री ने किया 580 करोड़ रूपए की 181 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

अवधनामा ब्यूरो



**प्रयागराज/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर धाम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली सरकार प्रदेश में माफिया पैदा करती थी लेकिन हमने उत्तर प्रदेश से उसे विदा कर दिया। निषादराज गुह्य की जयंती पर गुरुवार को मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर निषादराज के नगर श्रृंगवेरपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने गुरुवार को 580 करोड़ रूपए की 181 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार बनने के बाद प्रदेश में विकास की गति को देने के लिए धन की कोई कमी नहीं है। श्रृंगवेरपुर का अभी और विकास किया जाएगा। डबल इंजन की सरकार के दरवाजे विकास के लिए हमेशा खुले रहेंगे। धन की तंगी इसके रास्ते में आड़े नहीं आने पाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारें प्रदेश में माफिया पैदा करती थी लेकिन हमने उत्तर प्रदेश से उसे विदा कर दिया। माफिया राज समाप्त हो गया। पिछली सरकारें उत्तर प्रदेश को माफिया के हवाले कर रही थी। हर जिले में एक माफिया पैदा कर रही थी। अपराधियों का शासन चलता था लेकिन अब माफिया प्रदेश छोड़कर चले गए। उन्होंने बताया कि पिछली सरकार प्रयागराज की गरिमा को छिपाने का प्रयास करती थी। देश और दुनिया से करोड़ों लोग यहां आकर श्रद्धा से शीश नवाते थे लेकिन प्रयागराज की भूमि पर यहां के माफिया कब्जा करते जा रहे थे। यहां के अस्तित्व के साथ खिलवाड़ करते थे। जो आवाज उठाता था, उसे मार दिया जाता था, अपहरण कर लिया जाता था, गायब कर दिया जाता था, लेकिन अब यह प्रदेश में नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के लिए वोट बैंक जरूरी था।

### मुख्यमंत्री योगी ने वक्फ बोर्ड पर उठाया सवाल

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वक्फ बोर्ड पर बृहस्पतिवार को सीधा हमला करते हुए इस पर भूमि अतिक्रमण करने का आरोप लगाया और इस बात पर जोर दिया कि सार्वजनिक और ऐतिहासिक स्थलों पर इसका मनमाना दावा ज्यादा दिनों तक बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यहां श्रृंगवेरपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आप यहां निषादराज की पौराणिक भूमि पर कब्जा देख रहे हैं ना। शहर में जगह-जगह वक्फ के नाम पर कब्जे किए गए हैं। यहां तक की कुंभ के समय भी बयान दिए गए कि कुंभ की भूमि भी वक्फ की है। हमने पूछा था- क्या वक्फ बोर्ड भू-माफिया बन गया है।
उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनकी सरकार के तहत इस तरह के अतिक्रमण हटा दिए गए हैं और माफियाओं को उत्तर प्रदेश से बाहर खदेड़ दिया गया है। उन्होंने कहा, ''निषाद राज से जुड़ी पवित्र भूमि समेत कई जगहों पर वक्फ के नाम पर अतिक्रमण किया गया। लेकिन ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। उनकी आपत्तियों के बावजूद भव्य और दिव्य कुंभ मेले का आयोजन किया गया।
मुख्यमंत्री ने वक्फ बोर्ड की कथित अनियमितताओं के खिलाफ विधायी कार्रवाई करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के आभारी हैं कि उन्होंने वक्फ बोर्ड की मनमानी पर लगाम लगाई है। इस मुद्दे को हल करने वाला एक महत्वपूर्ण विधेयक पहले ही लोकसभा में पारित हो चुका है और अब इसे राज्यसभा में भी पारित किया जाएगा।

## रेरा एजेन्टस का चार दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**लखनऊ।** भू-सम्पदा सेक्टर में उपभोक्ताओं के हितों एवं भू-सम्पदा सेक्टर के संवर्धन एवं सुनियोजित पारदर्शी पक्रिया के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश भू-सम्पदा (रेरा) द्वारा रेरा एजेन्टस प्रशिक्षण कार्यक्रम को संचालित किया जा रहा है। सफल प्रशिक्षणर्थियों को रेरा द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए उ0 प्र0 रेरा में पंजीकृत कराये जाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है, भू-समपदा क्षेत्र में होमवायर्स के हितों के दृष्टिगत यह महत्वपूर्ण पहल है। जिसके क्रम में ही आज अध्यक्ष उ0 प्र0 रेरा द्वारा चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 67 पशिक्षित सफल भू-सम्पदा एजेन्टस को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसके पूर्व भी अध्यक्ष उ0 प्र0 रेरा द्वारा तीन बैच्स के सफल एवं प्रशिक्षित भू-सम्पदा एजेन्टस को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए उ0प्र0 रेरा में पंजीकरण हेतु मार्ग-प्रशस्त किया गया है। अध्यक्ष उ0 प्र0 रेरा की प्रेरणा एवं उनके सफल मार्ग दर्शन मे भू-सम्पदा के क्षेत्र में यह महत्वपूर्ण पहल है। प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष रेरा, संजय आर भूसरेडडी ने कहा कि पहले यूपी रेरा एजेंट एजेंसी के लिए कोई भी व्यक्ति अप्लाई करता था और उसको एजेंट बना दिया जाता था।

## स्मृतिका वार मेमोरियल में जल्द ही लेजर लाइट और साउण्ड शो की शुरुआत होगी

अवधनामा ब्यूरो

■ लाइट एण्ड साउण्ड शो के जरिए शहीदों के जीवन और उनकी देश के प्रति सेवाओं को दर्शाया जाएगा

**लखनऊ।** मातृभूमि की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों के बलिदान और पराक्रम को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए कैण्टोनमेण्ट में स्थित स्मृतिका वार मेमोरियल में जल्द ही लेजर लाइट और साउण्ड शो की शुरुआत होगी। इस परियोजना में 8.95 करोड़ रुपये का खर्च आएगा, जिसमें से 2 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी गयी है। वार मेमोरियल में लाइट एण्ड साउण्ड शो के जरिए शहीदों के जीवन और उनकी देश के प्रति सेवाओं को दर्शाया जाएगा। लाइट एण्ड साउण्ड शो से दर्शक मनोरंजन के साथ राष्ट्र प्रेम की भावना को आत्मसात कर सकेंगे। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि लखनऊ ऐतिहासिक धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल है। एक नई पहल के तहत स्मृतिका वार मेमोरियल में लेजर लाइट एण्ड साउण्ड शो की शुरूआत होगी। इस शो के जरिए पर्यटकों को ऐतिहासिक घटनाओं और वीरता की गाथाओं से अवगत कराया जाएगा, जिससे लखनऊ का पर्यटन और अधिक आकर्षक बनेगा। लखनऊ में पर्यटकों के लिए कई ऐतिहासिक दर्शनीय स्थल हैं। पर्यटन विभाग नई पहल से दर्शकों और एक और मनोरंजन केन्द्र देने की तैयारी में है। मंत्री ने बताया कि स्मृतिका वार मेमोरियल में लेजर लाइट एण्ड साउण्ड शो पर्यटकों के लिए अनूठा अनुभव होगा, जहां वे शहीदों की वीरता को आधुनिक तकनीक से देख और सुन सकेंगे। यह पहल न केवल शहीदों को सम्मान देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है बल्कि युवाओं में देशभक्ति और जागरुकता बढ़ाने का भी सशक्त माध्यम बनेगी।

### मजलिस आज

**लखनऊ।** मौलाना सैफ अब्बास नकवी के पिता नजमुल उलमा स्वर्गीय मौलाना सैयद अली नकवी के ईसाले सवाब के लिए शुक्रवार को मजलिस होगी। मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने बताया कि अकबरी गेट स्थित इमामबाड़ा तकी साहब जन्नतमआब में रात 8 बजे तिलावते कलामे पाक से मजलिस का आगाज होगा। मजलिस को आयतुल्लाह सैयद अली हुसैनी सीस्तानी के वकील मौलाना अशरफ अली गरवी खिताब करेंगे।

### धनौरा रामलीला स्थल के सौंदर्यीकरण के लिए दो करोड़ रूपये की स्वीकृत

**लखनऊ।** अमरोहा जिले के धनौरा नगर स्थित रामलीला स्थल के सुदृढ़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण के कार्य के लिए दो करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस धनराशि से रामलीला स्थल की मरम्मत, चाहरदीवारी निर्माण और अन्य सौंदर्यीकरण कार्य कराए जाएंगे। बाहरी दीवारों पर टेराकोटा, ग्लास टाइल और म्यूरल्स भी बनाए जाएंगे।

# 2751 ई-रिक्शा सीज किये गये एवं 9022 ई-रिक्शा का चालान

■ प्रवर्तन दल अवैध ई रिक्शा के संचालन के खिलाफ कार्यवाही में लाये तेजी: दयाशंकर सिंह

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि परिवहन विभाग ई रिक्शा के अवैध संचालन एवं शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए व्यापक पैमाने पर अभियान चला रहा है। अभियान के तीसरे दिन आज प्रदेशभर में प्रवर्तन दल द्वारा कुल 829 ई रिक्शा सीज किये गये एवं 2894 ई रिक्शा का चालान किया गया। उन्होंने बताया कि ऐसे ई रिक्शों जो बिना पंजीकरण सड़क पर दौड़ रहे हैं, बिना फिटनेस या बिना कागजात पूरे किये ही संचालित हो रहे हैं के खिलाफ परिवहन विभाग उक्त मुहिम चला रहा है। परिवहन मंत्री ने बताया कि मा0 मुख्यमंत्री ने सवारियों को सुरक्षित सफर कराने के साथ ही शहर को जाम मुक्त कराने के लिए अवैध तरीके से संचालित ई रिक्शा के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने प्रवर्तन दल के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जांच अभियान की कार्यवाही में और तेजी लाए, जिससे कि अनधिकृत ई रिक्शा का संचालन रोका जा सके। साथ ही उन्होंने पुलिस एवं यातायात विभाग के अधिकारियों से भी इस कार्य में सहयोग करने के निर्देश दिये। उन्होंने सख्त निर्देश दिये कि प्रवर्तन दल सुनिश्चित करे कि किसी भी परिस्थिति में नाबालिग द्वारा ई रिक्शा का संचालन न हो। नाबालिगों द्वारा ई रिक्शाओं का संचालन मिलने पर या ई रिक्शा के वैध लाइसेंस के बिना संचालन मिलने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाए। साथ ही चालकों को इस संबंध में जागरूक भी किया जाए। परिवहन मंत्री ने बताया कि लखनऊ संभाग में कुल 280 ई रिक्शा का चालान किया गया एवं 86 ई रिक्शा को सीज किया गया।

### झांसी की डिमरौनी गढ़ी का होगा कायाकल्प

**लखनऊ।** पुरातत्व विभाग के संरक्षित स्मारक डिमरौनी की गढ़ी, झांसी के अनुरक्षण कार्य के लिए 3.53 करोड़ रुपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्मारक के संरक्षण के लिए उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेल (यूपीपीसीएल) को कार्यदायी संस्था के रूप में नामित किया गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि पुरातत्व निदेशालय इसे एडाप्टिव रियूज को ध्यान में रखते हुए उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा कराये। उल्लेखनीय है कि झांसी-कानपुर राजमार्ग के पास स्थित डिमरौनी ग्राम की सीमा में दो गढ़ियां (बड़ी गढ़ी और छोटी गढ़ी) स्थित हैं। पहाड़ी पर बनी ये गढ़ियां वर्तमान में जीर्ण अवस्था में हैं। ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण डिमरौनी गढ़ी का निर्माण ग्रेनाइट पत्थरों से किया गया था। माना जाता है कि यहां तात्या टोपे एवं अंग्रेजों के बीच बासोवा युद्ध यहीं लड़ा गया था। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान क्रांतिकारियों के आश्रय स्थल के रूप में प्रयुक्त होने के कारण ब्रिटिश सेना की गोलाबारी से ये क्षतिग्रस्त हो गई थीं।

# महिला आरक्षण विधेयक को लेकर कांग्रेसी महिलाओं ने किया प्रदर्शन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** महिला आरक्षण विधेयक और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के निर्देश पर राजधानी लखनऊ में कांग्रेसी महिलाओं ने प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस की निवर्तमान अध्यक्ष शहला अहरारी, ममता चौधरी और करिश्मा ठाकुर के संयुक्त नेतृत्व में महिला कांग्रेसी प्रदेश मुख्यालय से तख्तियों, बैनरों और झण्डों के साथ नारेबाजी करते हुए निकलीं, जहां माल एवेन्यू में ही महिला कांग्रेसियों को पुलिस ने बैरीकेडिंग लगा कर रोक लिया। महिला कांग्रेसी बैरीकेडिंग पर चढ़ विरोध करने लगीं। इस दौरान धक्का-मुक्की से मध्य जोन अध्यक्ष ममता चौधरी गिर गयीं, जिन्हें इलाज के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल ले जाया गया। इस मौके पर पूर्वी जोन अध्यक्ष शहला अहरारी ने कहा कि भाजपा सरकार ने 10 साल बाद महिला आरक्षण बिल पास तो कर दिया मगर उसे लागू करने पर मौन है। यह उनकी महिला विरोधी मानसिकता दर्शाता है। कांग्रेस हमेशा से ही महिला हितों की पक्षधर रही है। कांग्रेस ने 1992 में संविधान के 73 और 74वें संशोधन से नगर निकायों और पंचायतों में महिला आरक्षण लागू कर हर जिले, हर गांव और हर कस्बे में महिला नेतृत्व सुनिश्चित किया था। मध्य जोन की निवर्तमान अध्यक्ष ममता चौधरी ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं के प्रति अपराध बढ़ते जा रहे हैं। अब बहन-बेटियों का घर से निकलना भी दूभर हो गया है। प्रदेश की बात करें तो यहां हर दिन महिलाओं के प्रति जघन्य अपराध हो रहे हैं और पुलिस-प्रशासन एकदम असहाय हो गया है। प्रदर्शन में अनामिका यादव, उरूसा राना, सुशीला शर्मा, विभा त्रिपाठी, शीला मिश्रा, डॉ. रिचा शर्मा, सिद्धिश्री, मेहताब जायसी, शिफा खान, किरन शर्मा, आरिफ उत्साही, तनवीर फातिमा, मीनाक्षी कौल, सुषमा शर्मा, साबरा खातून, परवीन खान, रमा कश्यप, सौम्या, वृन्दा, रेखा, रेनू, आश्मा, किरन शुक्ला, महबूब निशा सहित बड़ी संख्या में महिला कांग्रेसी शामिल थीं।

# भारतीय रेल परिवहन प्रबंधन संस्थान में केंद्र का उद्घाटन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** संजय त्रिपाठी, अपर महानिदेशक, भारतीय रेल परिवहन प्रबंधन संस्थान, लखनऊ द्वारा भारतीय रेल परिवहन प्रबंधन संस्थान ने भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) केंद्र का उद्घाटन किया गया। संस्थान के भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) केंद्र में वैदिक साहित्य, उपनिषद, वेद और उपवेद से संबंधित पुस्तकें उपलब्ध है।

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) एक प्रभाग की स्थापना अक्टूबर 2020 में की थी।जिसका उद्देश्य भारत की प्राचीन ज्ञान जो शिक्षा, दर्शन, विज्ञान, कला, संस्कृति, और जीवन के विभिन्न पहलुओं को सम्माहित करता है को पीढ़ी दर पीढ़ी व्यवस्थित रूप से हस्तांतरित करना है, इसमें वैदिक साहित्य, उपनिषद, वेद और उपवेद भारतीय ज्ञान प्रणाली में सम्मिलित किये गए है जो भारतीय ज्ञान प्रणाली की नींव बनाते हैं।

भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) केंद्र से संस्थान के संकाय सदस्यों, स्टाफ एवं संस्थान में प्रशिक्षण हेतु आने वाले प्रशिक्षु अधिकारियों को भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) से लाभ्वानित होंगे। उल्लेखनीय है कि संस्थान ने संस्थान भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) को बढ़ावा देने हेतु अपने सभी कक्षाओं, भवनों के नामकरण भी भारतीय विद्वानों के नाम पर समर्पित किये हैं। उद्घाटन के समय संस्थान के सभी संकाय सदस्य तथा स्टाफ पारंपरिक परिधान में उपस्थित रहे, संस्थान भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) को बढ़ावा देता है।

### केशव प्रसाद मौर्य ने श्रद्धासुमन अर्पित किए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य अपने ने कौशाम्बी जनपद के भ्रमण कार्यक्रम के तहत आज कौशांबी के माँ शीतला अतिथि गृह, सयारा में महात्मा गौतम बुद्ध जी, चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान, महाराजा बिजली पासी जी, भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी, 'भारत रत्न' बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी, एवं मा. पूर्व प्रधानमंत्री श्भारत रत्नश् अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्र के प्रति समर्पित इन महानुभावों को नमन किया। उन्होने जनपद कौशाम्बी स्थित इक्यावन शक्तिपीठों में से एक, कड़ा वासिनी माता शीतला जी के दिव्य दर्शन व पूजन किया और माँ शीतला से समस्त प्रदेशवासियों के सुख एवं समृद्धि की कामना की। उप मुख्यमंत्री ने माँ शीतला अतिथि गृह, सयारा में जन प्रतिनिधियों तथा स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुना व उनके निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

# रोज़गार, तालीम सेहत की ज़्यादा ज़रूरत : मौलाना हैदर अब्बास

अवधनामा ब्यूरो



**बलरामपुर/लखनऊ।** मौलाना हैदर अब्बास उतरौला (बलरामपुर) अमया देवरिया स्थित क़ाज़ी डीह में हसन रज़ा (डिप्टी साहब) के चालीसवें की मजलिस का आयोजन उनके पुत्रों द्वारा उनके ही आवास पर किया गया जिसे राजधानी लखनऊ से आये हुए प्रसिद्ध इस्लामिक स्कॉलर मौलाना हैदर अब्बास साहब क़िब्ला ने सम्बोधित किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि हज़रत अली ने इरशाद फ़रमाया कि हमें अपनी ज़िन्दगी इस तरह गुज़ारनी चाहिए कि जब तक हम ज़िन्दा रहें लोग हमसे मिलने की तमन्ना करें और जब हम इस दुनिया से चले जाएँ तो लोग हमें याद करके आंसू बहाएं। मौलाना ने सरकार को एक मशवेरा देते हुए कहा कि अगर आपको हमें सौग़ात देना ही है तो रोज़गार तालीम और सेहत जैसी बुनियादी ज़रूरतों पर ज़्यादा से ज़्यादा काम कीजिये। सऊदी अरब के मदीना शहर में एक सऊदी शासको ने 100 साल पहले पैगंबर मोहम्मद के साथियो और उनके बच्चों की कब्र पर बना गुम्बद गिरा दिया था। जिसका विरोध आज पूरी दुनिया में है। मौलाना हैदर अब्बास ने कहा कि अगर कल रौज़ा बन गया तो भी हम 8 शव्वाल को विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे ताकि हमारे बच्चों को इस क्रूरता के बारे में पता चले। मजलिस से पूर्व इरफ़ान हैदर, रमज़ान अली, हैदर हल्लौरी, शुजा उतरौलवी, कायनात हल्लौरी, मीसम उतरौलवी, लकी हल्लौरी और सदाक़त उतरौलवी ने अपना कलाम पेश किया कार्यक्रम का संचालन इमरान उतरौलवी ने किया। इस अवसर पर मौलाना शमशाद हुसैन नार्वे, मौलाना जमाल हैदर, मौलाना ज़ायर अब्बास, मौलाना सिब्ते हैदर, मौलाना मुहम्मद अली, मौलाना महताब आलम मौजूद रहे।

### भजन, ग़ज़ल और लोकगायन की प्रतिदिन हो रही है, शानदार प्रस्तुति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के मार्गदर्शन में, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संयोजन में 'सरस मेला' उत्तराखंड भवन, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ में आयोजित किया गया है। यह मेला 30 मार्च से शुरू होकर 8 अप्रैल 2025 तक जारी रहेगा।इस मेले में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित स्थानीय और पारंपरिक उत्पादों का विशेष प्रदर्शन किया जा रहा है।सांस्कृतिक आयोजनों,कारीगरी और हस्तशिल्प का अनूठा संगम उत्तराखंड भवन में हो रहा है। इसके साथ ही, बिहार, उत्तराखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, पंजाब, पश्चिम बंगाल, असम, और केरल सहित विभिन्न राज्यों से भी महिलाओं द्वारा बनाए गए विशिष्ट और हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी लगी है और बिक्री हो रही है। मेले में आकर्षक उत्पादों का संग्रह देखने को मिल रहा है।

# सेंट जेवियर्स कॉन्वेंट में "FIESTA-2025" समारोह का आयोजन








अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सेंट जेवियर्स कॉन्वेंट स्कूल ने संगीत नाटक अकादमी में अपना फिएस्टा-2025 बड़े जोश और उत्साह के साथ मनाया। अल्पसंख्यक, मुस्लिम वक्फ और हज राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई और अन्य विशिष्ट अतिथियों में पवन सिंह चौहान-राज्य विधान परिषद के सदस्य, अनिल रस्तोगी-बॉलीवुड अभिनेता, मनोज त्रिपाठी-जिला शासकीय परिषद (अपराध), डॉ. प्रियंका मौर्य-महिला आयोग की सदस्य, एकता सिंह-महिला आयोग की सदस्य, रितु साही-महिला आयोग की सदस्य, सुमिधा त्रिवेदी संस्थापक-स्त्री वेलफेयर फाउंडेशन शामिल थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और राष्ट्रगान के साथ हुई। नन्हे-मुन्नों ने विभिन्न मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ विषय पर हिंदी नाटक और अंग्रेजी नाटक 'द मर्चेंट ऑफ वेनिस' जेवियर्स ड्रामा क्लब के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसे सभी ने सराहा। भांगड़ा नृत्य और बॉल डांस का ऊर्जावान प्रदर्शन सभी को पसंद आया। ग्रैंड फिनाले जय हो शानदार था जिसने दर्शकों को खुशी और रोमांच से भर दिया। छात्रों द्वारा विविध प्रतिभाओं और प्रस्तुतियों के रंगों से भरे इस कार्यक्रम ने सभी के लिए शाम को यादगार बना दिया। लोक शांति पुरस्कार विजेता और डायरेक्टर डॉ. अर्जुमंद जैदी एक वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता हैं, जो दो दशकों से अधिक समय से सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर सराहनीय कार्य कर रही हैं। वह एक पर्यावरणविद्, प्रख्यात शिक्षाविद्, मानवाधिकार और शांति कार्यकर्ता भी हैं। वह अपने अस्तित्व के माध्यम से समान अधिकार, शांति और सहिष्णुता के प्रावधानों और मानवता के पोषण के लिए राष्ट्र की सेवा कर रही हैं। वह दुनिया के कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों के शासी निकायों का भी हिस्सा हैं। उन्हें उनकी उत्कृष्ट सामाजिक सक्रियता के लिए कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिले हैं। अपने स्वागत भाषण में उन्होंने सभी को बधाई दी और छात्रों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय होने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बालिका शिक्षा और बच्चों में लैंगिक समानता पर जोर दिया। इस अवसर पर बोलते हुए दानिश आज़ाद अंसारी ने डॉ. जैदी और पूरे स्कूल समुदाय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी छात्रों और कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि अपने बच्चे के साथ दोस्ताना व्यवहार करें ताकि आप उनके व्यवहार पर प्रभावी रूप से नज़र रख सकें। पवन सिंह चौहान ने भी छात्रों के प्रदर्शन की प्रशंसा की और डॉ. जैदी को समाज में उनके योगदान के लिए बधाई दी। उन्होंने आगे घोषणा की कि वे सेंट जेवियर्स के पूर्व छात्रों के साथ-साथ उनके माता-पिता को भी नौकरी दिलाएंगे।

# पीएनबी हाफ मैराथन 2025: साइबर रन का शुभारम्भ

अवधनामा ब्यूरो

■ डिजिटल जागरूकता और बेहतर स्वास्थ्य को प्रेरित करने के लिए पीएनबी की पहली हाफ मैराथन थीम

**लखनऊ।** देश के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने अपने 131वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर गुरुवार, 10 अप्रैल 2025 को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली में अपनी पहली हाफ मैराथन थीम साइबर रन आयोजित करने जा रहा है। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम सुबह 5:00 बजे शुरू होगा, जो फिटनेस, समुदाय और जीवर्नबल की संस्कृति को बढ़ावा देते हुए साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने की पीएनबी की प्रतिबद्धता में एक कीर्तिमान स्थापित करेगा।

इस पहल के बारे में अपने सम्बोधन में अशोक चंद्र, एमडी एवं सीईओ, पीएनबी ने कहा कि आज के डिजिटल युग में, साइबर सुरक्षा जागरूकता सिर्फ एक विकल्प नहीं बल्कि एक आवश्यकता है। पीएनबी हाफ मैराथन 2025 स्वास्थ्य और एकता को प्रोत्साहन देते हुए डिजिटल सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। पीएनबी में, हमारा मानना है कि वित्तीय कल्याण के साथ-साथ शारीरिक कल्याण भी आवश्यक है, और इस पहल के माध्यम से, हमारा लक्ष्य व्यक्तियों को तेजी से डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने की जानकारी देकर सशक्त बनाना है।

पीएनबी हाफ मैराथन 2025 प्रोफेशनल्स, फिटनेस के प्रति उत्साही लोगों, साइबर विशेषज्ञों और नागरिकों को एक मंच पर लाएगा, जो वित्तीय सुरक्षा, डिजिटल जागरूकता और सामुदायिक कल्याण के प्रति पीएनबी की प्रतिबद्धता का उदाहरण हैं। प्रतिभागी डिजिटल सुरक्षा का संकल्प करते हुए एक उत्साही माहौल में दिल्ली के सुंदर मार्गों से दौड़ेंगे।

इस दौड़ में तीन रोमांचक श्रेणियां शामिल हैं: चुनौतीपूर्ण 21.1 किमी हाफ मैराथन, 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के प्रतिभागियों के लिए सुबह 5:00 बजे से शुरू; ऊर्जावान 10 किमी की दौड़, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के प्रतिभागियों के लिए सुबह 6:30 बजे से शुरू; और आनंददायक 5 किमी दौड़,0 वर्ष और उससे अधिक आयु के प्रतिभागियों के लिए सुबह 7:00 बजे से शुरू होगी। सभी श्रेणियों (पुरुष और महिला) के विजेताओं को कुल 15 लाख रुपये के नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा। 21.1 किमी हाफ मैराथन श्रेणी में विजेता को 2 लाख, प्रथम उपविजेता को 1.5 लाख और द्वितीय उपविजेता को 1 लाख नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। ऊर्जावान 10 किमी श्रेणी में, विजेता को 1.5 लाख, पहले उपविजेता को 1 लाख और दूसरे उपविजेता को 50,000 से सम्मानित किया जाएगा।